सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 03 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 149, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 382 अंकों की उछाल

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से सेंसेक्स में 382 अंक की तेजी रही। } 10

चौहान ने मानसून प्रगति व खरीफ फसलों की सुरक्षा पर दिया जोर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा अल-नीनो के संभावित प्रभाव से खरीफ फसलों को बचाने के लिए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। } 10

सुप्रीम कोर्ट के पांच नये जजों ने ली शपथ

❍ प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने दिलायी शपथ ❍ अब संख्या बढ़कर हुई 37

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को मंगलवार को पद की शपथ दिलाई और इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। प्रधान न्यायाधीश ने वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना, न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या अब 37 हो गई है जो बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है। केंद्र ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नागू, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सचदेवा, जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पल्ली तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मोहना को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए जाने को सोमवार को मंजूरी दी थी। सरकार ने पिछले महीने एक कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी किया था जिसके तहत भारत के प्रधान न्यायाधीश सहित उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई। उच्चतम न्यायालय के दो मौजूदा न्यायाधीश- न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीबीएसई की वेबसाइट हैक करने के लिए एक लाख बार साइबर अटैक

❍ पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर सेवाओं को बाधित करने का प्रयास ❍ दो मिनट में किये गये 15 लाख हिट

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को कहा कि दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने साइबर हमलों की एक श्रृंखला के माध्यम से उसके पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया, जिसमें एक ऐसा हमला भी शामिल है जिसके कारण दो मिनट के भीतर प्लेटफॉर्म पर 15 लाख हिट हुए और अनधिकृत रूप से फाइल हासिल करने के एक लाख से अधिक प्रयास किये गए।

सीबीएसई ने कहा कि पोर्टल वर्तमान में 8,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं को सहायता प्रदान कर रहा है, और अपराह्न 3 बजे तक 16,000 से अधिक छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी प्रविष्टियां जमा कर दीं। बोर्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज हजारों छात्रों ने सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन पोर्टल का उपयोग किया, लेकिन दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने साइबर हमलों की एक श्रृंखला के माध्यम से सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया। पोस्ट में कहा गया है, सबसे हालिया घटना एक डिनायल ऑफ सर्विस हमले का प्रयास है, जिसके कारण 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर 15 लाख हिट हुए और अनधिकृत रूप से फाइल हासिल करने के। लाख से अधिक प्रयास किये गए। डिनायल-ऑफ-सर्विस हमला एक दुर्भावनापूर्ण साइबर खतरा है जो किसी मशीन, नेटवर्क या वेबसाइट को उसके लक्षित उपयोगकर्ताओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीबीएसई के चेयरमैन व सचिव का हुआ तबादला

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के चेयमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का मंगलवार को बोर्ड से तबादला कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए अपनाई गई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं, सचिव के पद पर सीनियर ब्यूरोक्रैट वरुण भारद्वाज को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही केंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

मूसलाधार बारिश से ठाठरी और द्राबशाला में तबाही

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मंगलवार दोपहर बाद जिले के ठाठरी, द्राबशाल्ला शाला, सैलाना, सरोर, सरथल गाहन और आसपास के क्षेत्रों में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर नाले उफान पर आ गए, जिससे सड़कों पर भारी मात्रा में मलबा, पत्थर और गाद जमा हो गई तथा कई मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाठरी क्षेत्र में अचानक आए तेज बहाव वाले नालों ने सड़कों पर मलबा ला दिया, जिससे कई वाहन बीच रास्ते में फंस गए। कुछ वाहनों के मलबे में दबने की भी सूचना मिल रही है। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता और आपसी सहयोग से कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बारिश के समय स्कूलों में छुट्टी हो चुकी थी और घर लौट रहे स्कूली बच्चों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

रूद्रम-2 मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने हवा-से-सतह पर मार करने वाली रूद्रम-II मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है।रूद्रम-II भारत की अगली पीढ़ी की स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि बेहद कठिन परिस्थितियों और महत्वपूर्ण ट्रेजेक्ट्री के तहत किए गए परीक्षण के दौरान सभी उप-प्रणालियों की क्षमता की पुष्टि हुई। मिसाइलों को दागे जाने के बाद अत्यंत सटीकता के साथ पहले से तय लक्ष्य की ओर निर्देशित किया गया। चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के विभिन्न रेंज उपकरणों के आंकडों से इस बात की पुष्टि हुई कि परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरे हुए हैं।

माफिया-मच्छर दोनों का किया सफाया : योगी

❍ भगवान महावीर की तपस्थली पावागढ़ के नाम से जाना जायेगा फाजिलनगर

विशेष/जिला संवाददाता

कुशीनगर/लखनऊ। कुशीनगर की धरती से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास बनाम अराजकता के मुद्दे पर कहा कि पहले की सरकारों के समय उत्तर प्रदेश कट्टा-बम बनाने वालों की पहचान से जुड़ा था, जबकि आज वही उत्तर प्रदेश देश

❍ मच्छर फैलाते थे बीमारी और माफिया बढ़ाते थे बेरोजगारी

की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है। पिछली सरकारें निर्दोष लोगों, व्यापारियों को लूटने के लिए कट्टा-बम बनाती थीं। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाती थीं, लेकिन हमने इन शोहदों को ठीक किया है। जो ठीक नहीं हुआ, बोली से नहीं माना वो गोली से जरूर मान गया है।

मंगलवार को कुशीनगर में 424 करोड़ रुपये की 278 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की विकृत मानसिकता ने कुशीनगर को बीमारी, भुखमरी और बेरोजगारी दी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने इंसेफेलाइटिस और माफिया, दोनों पर प्रभावी प्रहार करते हुए विकास, सुरक्षा और रोजगार का नया वातावरण तैयार किया है। कुशीनगर अब पिछड़ेपन की पहचान नहीं, बल्कि बुलेट स्पीड से आगे बढ़ते नए उत्तर प्रदेश का प्रतीक बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के पुत्र कुश, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की तपोभूमि कुशीनगर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जबकि 9-10 वर्ष पहले यह जनपद पहचान के संकट, इंसेफेलाइटिस, माफिया राज, भूख, बेरोजगारी और अव्यवस्था से जूझ रहा था। खनन माफिया का आतंक था, किसान शोषण का शिकार था, उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं बदहाल थीं तथा फाजिलनगर व कसया क्षेत्र में मुसहर समुदाय के लोगों की भूख से मौत की खबरें आती थीं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नया रास्ता चुना और डबल इंजन सरकार के प्रयासों से कुशीनगर की तस्वीर बदल गई। आज जिले में लगभग 90 हजार गरीबों को आवास, 3.14 लाख से अधिक परिवारों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

पूर्वांचल के किसानों के जीवन में समृद्धि लायेगा कुशीनगर विवि : मुख्यमंत्री

कुशीनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 450 करोड़ से बनने वाला यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली लाने और उनकी आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार की मंशा है कि विश्वविद्यालय समय पर बने और चले। इस प्रोजेक्ट को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उम्मीद है कि सितंबर-अक्टूबर में इसके उद्घाटन के लिए आएंगे। उससे पहले कृषि मंत्री सत्र प्रारंभ करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने यहां आएंगे, जिससे कुशीनगर में भी कृषि विश्वविद्यालय प्रारंभ हो सके। मुख्यमंत्री योगी ने कृषि विश्वविद्यालय के निरीक्षण के उपरांत कहा कि सत्र शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इस सत्र से यहां प्रवेश प्रारंभ करेंगे। दो-तीन महीने के लिए किराए पर भवन या ...शेष पृष्ठ 10 पर

मादक पदार्थों के मामलों में नरमी की गुंजाइश नहीं



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि यदि देश की संप्रभुता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच टकराव होता है, तो संप्रभुता को प्राथमिकता दी जाएगी, खासकर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थों से जुड़े मामलों में।

अदालत ने ये टिप्पणियां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए कीं, जिसमें एक ऐसे व्यक्ति को जमानत दी गई थी, जिस पर जेल के अंदर से मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क चलाने का आरोप था। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, "यदि देश की संप्रभुता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच कोई टकराव होता है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

दो गुटों में बंट सकती है ममता की पार्टी टीएमसी

एजेंसी

नई दिल्ली। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा

❍ 50 से अधिक विधायकों ने दिखाये बगावती तेवर

विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं।

रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नये गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। इधर, सोमवार को टीएमसी से निकाले गए 2 विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के हॉस्टल में के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने किसी को बाहर से लाए बिना 207 का आंकड़ा छू लिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति जमीनी स्तर से शुरू हुई। हम ...शेष पृष्ठ 10 पर

चारधाम यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

44 दिनों की अल्पावधि में पहुंचे 30 लाख से अधिक तीर्थयात्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा इस वर्ष श्रद्धा, विश्वास और जनभागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। यात्रा के शुरूआती 44 दिनों में ही लगभग 29 लाख 85 हजार श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले तीन लाख से अधिक है, जिससे स्पष्ट है कि देशभर के श्रद्धालुओं का रुझान चारधाम यात्रा की ओर लगातार बढ़ रहा है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या और आगामी वर्षाकाल को देखते हुए राज्य सरकार ने यात्रा प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों का आकलन करते हुए अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा का अगला चरण चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि मानसून के दौरान मौसम की अनिश्चितता और यात्रियों की बढ़ती संख्या दोनों ही व्यवस्थाओं की परीक्षा लेते हैं। ऐसे में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना होगा। बैठक में धामों और यात्रा मार्गों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जहां आवश्यकता हो वहां होल्डिंग एरिया और नियंत्रण बिंदुओं का उपयोग कर यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी भी स्थान पर अत्यधिक दबाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं की किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रतीक्षा स्थलों और प्रमुख पड़ावों पर पेयजल, भोजन, शौचालय, पार्किंग और ...शेष पृष्ठ 10 पर

वेदांता समूह के खिलाफ ईडी ने की छापेमारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह के खिलाफ जांच के तहत उसके आधिकारिक परिसरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक खनन समूह के खिलाफ छापेमारी सोमवार को शुरू की गई और दिल्ली, मुंबई एवं राजस्थान के उदयपुर स्थित परिसरों सहित वेदांता लिमिटेड के चार परिसरों की तलाशी ली गई। जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कंपनी वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज द्वारा 2023 में वेदांता लिमिटेड को ब्रांड शुल्क का एक हिस्सा लौटाए जाने का एक मामला संघीय जांच एजेंसी की जांच के दायरे में है। उन्होंने बताया कि जारी जांच में समूह की कुछ अन्य व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की जा रही है। वेदांता के एक प्रवक्ता ने ईडी की कार्वाई की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी प्राधिकारियों को पूरा सहयोग दे रही है और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रही है। प्रवक्ता ने कहा, कंपनी सभी कानूनों और नियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा चूंकि मामला फिलहाल नियामकीय प्रक्रिया के तहत है इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ एक सप्ताह में 57 हजार चालान, 2669 वाहन सीज (पृष्ठ-02)
❍ प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के परिणाम घोषित (पृष्ठ-02)
❍ पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि बढ़ेगी महंगाई (पृष्ठ-10)
❍ सोना 1050 रुपये चढ़ा, चांदी 1300 रुपये मजबूत (पृष्ठ-10)
❍ सरकार थोक मूल्य सूचकांक को समाप्त करेगी (पृष्ठ-10)

विशेष ख़बर

200 किलोमीटर लंबी पुराधारा या पैलियोचैनल के किनारे 150 से अधिक संभावित भूजल पुनर्भरण स्थलों की पहचान की

गंगा-यमुना दोआब में पुराजलधारा को पुनर्जीवित करने का होगा प्रयास

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने प्रयागराज और कानपुर के बीच गंगा-यमुना दोआब में 200 किलोमीटर लंबी पुराधारा या पैलियोचैनल के किनारे 150 से अधिक संभावित भूजल पुनर्भरण स्थलों की पहचान की है। इसके साथ ही उसने उत्तर प्रदेश के तीन जिलों में पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण शुरू किया है।

पुरा जलधारा सतह से 10 से 15 मीटर नीचे स्थित है और प्रयागराज और कानपुर के बीच गंगा और यमुना नदियों के बीच एक घुमावदार मोड़ के साथ बहती थी। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि प्राचीन नदी प्रणाली और इसकी भूमिगत संरचना अब भी गंगा और यमुना के भूजल भंडारों को जोड़ती है, जिसका अर्थ है कि एक प्रणाली में पुनर्भरण दूसरी प्रणाली को प्रभावित कर सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि इसकी चौड़ाई, गहराई और तल स्तर दोनों नदियों के समान हैं। एनएमसीजी के अनुसार, इसकी कार्यकारी समिति ने नवंबर 2025 में प्रयागराज-कानपुर खंड में खोजी गई प्राचीन जलधारा के प्रबंधित जल पुनर्भरण (एमएआर) पर 2.43 करोड़ रुपये की लागत से एक अध्ययन को मंजूरी दी थी। इस अध्ययन का उद्देश्य कौशांबी और कानपुर के बीच स्थित प्राचीन जलधारा के किनारे उपयुक्त सरकारी भूमि की पहचान करना और वैज्ञानिक रूप से डिजाइन की गई एमएआर संरचनाओं, जैसे कि पुनर्भरण गड्ढे का निर्माण करना है। एनएमसीजी के अनुसार कानपुर, फतेहपुर और कौशांबी पहले तीन जिले हैं जहां परियोजना का कार्यान्वयन शुरू हो चुका है। वहां एमएआर प्रणालियों का निर्माण कार्य पहले से ही चल रहा है। इन संरचनाओं का उद्देश्य वैज्ञानिक रूप से पहचाने गए पुनर्भरण बिंदुओं के माध्यम से पानी को भूमिगत जलभंडारों में पहुंचाना है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन, जिला गंगा समितियों के माध्यम से, परियोजना के स्थानीय कार्यान्वयन की देखरेख कर रहा है।

सूर्या हत्याकांड : गाजियाबाद में तनावपूर्ण शांति, तीन मदरसे सील

जिला संवाददाता

गाजियाबाद (उप्र)। गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सत्यापन कार्य तेज करते हुए प्रशासन ने मंगलवार को तीन गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या कथित तौर पर उसके दोस्त असद और उसके साथियों द्वारा किये जाने के बाद की जा रही है। मामले का मुख्य आरोपी असद पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। कई दुकानें मंगलवार को बंद रहीं, जिनमें दोनों समुदायों के सदस्यों द्वारा संचालित प्रतिष्ठान भी शामिल थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए हैं। इस बीच, जिला प्रशासन और पुलिस ने खोड़ा में तीन दिवसीय ऑपरेशन क्लीन स्वीप शुरू किया, जिसके तहत किरायेदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अनाधिकृत संपत्तियों और संदिग्ध आपराधिक तत्वों का सत्यापन किया जा रहा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि इलाके में संचालित तीन मदरसों को सील कर दिया गया है, क्योंकि उनका संचालन बिना किसी मान्यता के किया जा रहा था। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, सत्यापन अभियान के दौरान तीन ऐसे मदरसों की पहचान की गई, जो मदरसा बोर्ड या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पंजीकरण कराए बिना ही चलाए जा रहे थे।

जरूरतमंदों को दिलायें योजनाओं का लाभ : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पढ़ाई व विवाह से लेकर निराश्रितों व बुजुर्गों की पेंशन तक, समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। सीएम योगी मंगलवार को जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

सोमवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जरूर करें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का संबंधित योजना में आवेदन कराकर लाभ दिलाया जाए।

सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों के प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अधिकारी जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में जौनपुर जिले से आई एक महिला ने एक एनजीओ पर फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जांच की मांग की।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले में जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दीं। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा भी की। उन्होंने स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाई। उन्होंने गोशाला के कार्यकताओं को गोवंश की समुचित देखभाल के निर्देश दिये।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते डीजीपी राजीव कृष्ण

आईएएस, पीसीएस की निःशुल्क कोचिंग के लिए युवाओं में बढ़ा उत्साह

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग की निःशुल्क आईएएस/पीसीएस आवासीय कोचिंग युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही है। अगस्त 2026 से संचालित होने वाली आवासीय कोचिंग योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा। इसको लेकर युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार बढ़ती भागीदारी इसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के लिए कुल 865 सीटें निर्धारित हैं। इनमें से 25 प्रतिशत सीटें ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित हैं जो लेटरल एंट्री के माध्यम से प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को भी बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक चरण में सफलता प्राप्त कर ली है और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

यूपी में एक सप्ताह में 57 हजार चालान, 2669 वाहन सीज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर लगातार सख्ती बरत रही है। प्रदेश में यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

परिवहन विभाग ने अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से 20 मई से 26 मई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार अभियान के दौरान कुल 57,186 चालान किए गए, जबकि 2,669 वाहनों को सीज किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट और सीट बेल्ट की अहम भूमिका को देखते हुए इन दोनों बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान 23,758 लोगों के हेलमेट न पहनने पर चालान किए गए, जबकि 9,083 वाहन चालकों और यात्रियों पर सीट बेल्ट न लगाने के कारण कार्रवाई की गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग को भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण माना जाता है।

इसी को देखते हुए अभियान के दौरान 3,676 लोगों के खिलाफ मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के खिलाफ भी अभियान चलाया। प्रदेशभर में 1,502 अनधिकृत बसों के चालान किए गए और 400 से अधिक बसों को सीज किया गया। इसके अलावा माल वाहनों में सवारी ढोने के मामलों में 1,000 से अधिक चालान किए गए तथा 91 वाहनों को सीज किया गया।

अनिल भूषण ने संभाली बेसिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी

लखनऊ। अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से त्रस्त है जनता : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कुनीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी, हर वर्ग परेशान और पीड़ित है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार से लोगों की निराशा इतनी बढ़ गयी है कि नाउम्मीद होकर पीड़ित लोग आत्मदाह तक के लिए बाध्य हो रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को सत्ता के अहंकार ने इतना संवेदनहीन बना दिया है कि उन्हें किसी की पुकार-गुहार-चीत्कार तक सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के सामने अपनी रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हृदयहीन भाजपा सरकार चालकों-परिचालकों की माँगों का तुरंत संज्ञान ले और किसी भी अप्रिय घटना को घटने से बचाए। नौकरी-रोजगार किसी परिवारवाले के लिए जीवन-मरण से कम का सवाल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संवेदनहीन है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। झूठे वादे करती है। जनता को गुमराह करती है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली व्यवस्था सब चौपट है। भाजपा ने नौ साल के कार्यकाल में समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। प्रदेश की जनता भाजपा की असलियत जान चुकी है। 2027 में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके कुशासन का अंत कर देगी।

सपा मुख्यालय पर बांटा गया प्रसाद

लखनऊ। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार पर सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को वीरवर श्री हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद बांटा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी का स्टाफ मौजूद था। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार के अवसर पर राजधानी लखनऊ के विधानसभा कैण्ट क्षेत्र के सदर में प्रभू दयाल सेठ रोड पर पांचवे बड़ा मंगल पर सेठ परिवार की ओर से भण्डारा का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पवनसुत हनुमान जी के पूजन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद में पूड़ी सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी-हलुआ और शिकंजी तथा आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी आशीष यादव सोनू एवं सेठ परिवार के सदस्य मनोज सेठ, अजय सेठ, विशाल सेठ, दिलीप सेठ, रवि सेठ, अर्श, सौरभ, अभय, अतुल, अंजू आदि उपस्थित रहे।

मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर नौकरी का है अवसर

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ऑनलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय के बीटेक एवं एमबीए के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को सात जून तक पंजीकरण कराना होगा।

पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 के फेज 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कैटेगरी ए एवं बी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।

जनता की जेब काट रही सरकार : लोकदल

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में जंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों की तपिश के बीच सरकार जनता की जेब पर लगातार डाका डाल रही है। एक ओर आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते बिजली बिलों से त्रस्त है, दूसरी ओर सरकार जनता के टैक्स के पैसे से अपने प्रचार और छवि चमकाने में लगी हुई है। सुनील सिंह ने कहा कि जब जनता हर वस्तु पर टैक्स दे रही है, तब सरकार को जवाब देना चाहिए कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अस्पतालों, स्कूलों, किसानों और युवाओं पर खर्च हो रहा है या फिर बड़े-बड़े विज्ञापनों और प्रचार अभियानों पर? देश का युवा रोजगार मांग रहा है, किसान अपनी फसल का उचित दाम मांग रहा है, लेकिन सरकार प्रचार के शोर में जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर संकट को राजनीतिक अवसर में बदलने का प्रयास करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व नगर निगम को नोटिस जारी कर किया जवाब-तलब

- सहारा शहर की लीज रद कर कब्जा लेने का मामला
- मामले की अगली सुनवायी 31 जुलाई को नियत

विधि संवाददाता

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने सहारा शहर की लीज रद करके उसका कब्जा लेने के मामले में राज्य सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी करके उनसे जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 31 जुलाई को करने को कहा है। गौरतलब हो कि सहारा शहर की जमीन का कब्जा वापस लेने के बाद राज्य सरकार वहां पर नये विधानसभा बनाने का विचार कर रही थी।

यह आदेश चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बगची एवं जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने मेसर्स सहारा इंडिया कार्मशियल कारपोरेशन की ओर से दाखिल एक एसएलपी पर सुनवायी करते हुए गत 29 मई को पारित किया। मामले की सुनवायी के बाद पीठ ने राज्य सरकार, नगर निगम, नगर आयुक्त एवं नगर निगम के प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति को नोटिस जारी का आदेश दिया। इस पर कोर्ट में उक्त विपक्षीगणों की ओर से पेश हो रहे अधिवक्ता ने नोटिस प्राप्त कर ली। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार, नगर निगम सहित सभी विपक्षीगणों को मामले में 31 जुलाई तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। सहारा ने एसएलपी दायर कर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के गत 22 अप्रैल 2026 के आदेश को चुनौती दी है जिसमें हाई कोर्ट ने सहारा की लीज डीड खारिज होने व उसका कब्जा लेने के नगर निगम के आदेशों के खिलाफ याचिका को शोषणीय न होने के आधार पर खारिज दिया था और कहा कि चूंकि सहारा सेबी विवाद में यह विवाद भी शामिल है लिहाजा उसके हाथ बंधे हैं और मामले को सुप्रीम कोर्ट ही सुन सकता है।

दरअसल, सहारा ने नगर निगम के 8 सितम्बर 2025 को जारी एक आदेश को चुनौती दी थी जिससे उसने सहारा को 22 अक्टूबर 1994 को दी गयी जमीन की लीज को खारिज कर दिया था और 11 सितम्बर 2025 को एक और आदेश जारी करके उक्त जमीन को खाली कराने का आदेश भी कर दिया था। सहारा की ओर से तर्क दिया गया था कि 2 सितम्बर 2017 को एक आर्बिट्रेशन मामले में इसी जमीन को लेकर उसके हक में आदेश पारित हो चुका था किन्तु नगर निगम ने उस आदेश की अनदेखी करके गलत तरीके से पट्टे को खारिज किया था जबकि वह उसका समय बढ़ाने के लिए आवश्यक पैसा जमा करने को तैयार था।

हाई कोर्ट ने जल निगम के चीफ इंजीनियर के खिलाफ विजिलेंस जांच रोकी

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जल निगम ग्रामीण के चीफ इंजीनियर राम भवन राम के खिलाफ विजिलेंस जांच को स्टे कर दिया है। चीफ इंजीनियर के खिलाफ शिकायत हुई थी कि वह महल जैसे आलीशान घर में रहते हैं जिसके बाद राज्य सरकार ने उनके विजिलेंस जांच बिठा दी थी। अपने अंतरिम आदेश में कोर्ट ने कहा कि मामले में विचार की आवश्यकता है। कोर्ट ने सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले की अगली सुनवायी 10 अगस्त को नियत किया है।

यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने चीफ इंजीनियर राम भवन राम की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया है। याची ने सरकार के गत 24 नवंबर 2025 के विजिलेंस जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवायी के दौरान कोर्ट के सामने आया कि दो व्यक्तियों ने सरकार को शिकायत भेजकर याची पर भ्रष्टाचार से अकूत सम्पत्ति बनाने व शहर में महल जैसे आलीशान घर में रहने की शिकायत करते हुए उसके खिलाफ अघोषित सम्पत्ति की जांच की मांग की थी। पत्र पर कार्यवाही करते हुए विजिलेंस जांच बिठा दी गयी थी।

याची ने आगे कहा कि मामले में पंचायती राज मंत्री और मुख्यमंत्री ने जांचोपरान्त न्याय संगत कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। याची ने कहा कि इसी मामले में प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशासन ने भी अपने स्तर जांच की जिसमें पाया कि जिन दो व्यक्तियों के नाम से शिकायत की गयी थी वे अपने दिये गये पते पर पाये ही नहीं गये। याची की ओर से कहा गया कि ऐसे में विजिलेंस जांच करके केवल उसके प्रताड़ित किया जा रहा है।

ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने को चुनौती

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब
- सुनवाई आज

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में वर्तमान ग्राम प्रधानों को पंचायत चुनाव होने व नये प्रधान चुने जाने तक प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से कहा है कि वह याचिका पर सरकार से समुचित दिशानिर्देश प्राप्त करके उसे 3 जून को अवगत करायें। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ एवं जस्टिस ए के चौधरी की अवकाशकालीन पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ओम प्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के गत 25 मई के आदेश को चुनौती दी है। कहा गया है कि उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम की धारा 12(3)(क) के तहत प्रधानों का कार्यकाल उनके शपथ लेने से केवल पांच साल का ही हो सकता है किन्तु सरकार ने समय पर पंचायत चुनाव न कराकर मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करके एक प्रकार से उनका कार्यकाल अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है जो कि विधि विरूद्ध है। याचिका में मांग की गयी कि जैसा पहले होता था कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते थे तो एडीओ पंचायत या किसी अन्य अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाता था उसी प्रकार इस बार भी एडीओ पंचायत या किसी अन्य सरकारी अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाये।

हमीरपुर में हुई पुल दुर्घटना की हो न्यायिक जांच

- सीएम योगी को पत्र लिखकर अजय राय ने उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हमीरपुर में बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल के ध्वस्त होने की अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना को प्रदेश सरकार की निर्माण व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही एवं श्रमिक सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है। उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने लाये जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि इस घटना में प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं संभावित भ्रष्टाचार से इंकार नहीं किया जा सकता।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित एक प्रतिनिधिमण्डल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल का दौरा कर प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या तथा मृतकों का सही आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कुछ मजदूरों के मोबाइल फोन घटना के बाद से बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनके परिजनों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश अथवा किसी स्वतंत्र उच्चस्तरीय आयोग से कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भुगतान विवरण एवं अनुबंध सार्वजनिक किए जाएं। दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर मौजूद सभी मजदूरों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नामावली सार्वजनिक कर उनका सत्यापन कराया जाए तथा मृतकों एवं लापता व्यक्तियों की संख्या का स्वतंत्र रूप से पुनः सत्यापन कराया जाए।

कांग्रेस पार्टी ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में निर्माण सामग्री, डिजाइन, पर्यवेक्षण अथवा कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों, अभियंताओं, ठेकेदारों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाये जाएं। अजय राय ने मृतकों के आश्रितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

अजय राय ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में हत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, रंगदारी, मादक पदार्थ तस्करी, पुलिस उत्पीड़न एवं कानून व्यवस्था की निरंतर बिगड़ती स्थिति के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय हस्तक्षेप एवं जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। अजय राय ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश सरकार विगत कई वर्षों से अपराधमुक्त प्रदेश, कानून का राज तथा अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के दावे करती रही है। पुलिस मुठभेड़ों (एनकाउंटरों) को भी कानून व्यवस्था की सफलता के प्रमुख सूचना के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 के केवल प्रथम पांच माह में ही 23 अपराधियों के पुलिस मुठभेड़ों में मारे जाने का दावा किया गया है। इतना ही नहीं मई 2026 में मात्र दो दिनों (6 एवं 7 मई) के भीतर प्रदेश में 35 पुलिस मुठभेड़ों की सूचना सार्वजनिक की गयी है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि इन दावों के समानांतर प्रदेश के विभिन्न मंडलों से हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, बाल अपराध, रंगदारी, संगठित अपराध, मादक पदार्थ तस्करी, मानव तस्करी तथा प्रशासनिक विफलताओं की गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं।

प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के परिणाम घोषित

- 18 विषयों के 2,253 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की विषयवार एवं श्रेणीवार सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 09 एवं 10 मई को हुई लिखित परीक्षा में 18 विषयों के कुल 1,92,934 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 2,253 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। इनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, कला एवं हिन्दी विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों के विषयवार एवं श्रेणीवार अनुक्रमांक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित किये गये हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आयोग की वेबसाइट पर अद्यतन सूचनाएं देखते रहें तथा निर्धारित तिथि से पूर्व अपने साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार की विषयवार एवं तिथिवार विस्तृत सूचना तथा दिशा-निर्देश 03 जून को आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना उपलब्ध करायी जाएगी।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधरोपण करेंगे प्रदेश भर के शिक्षामित्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक अति आवश्यक और महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक मंगलवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश के सभी प्रांतीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर लखनऊ के एमएलसी स्नातक खंड अवनीश कुमार सिंह बैठक में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षामित्र को सरकार के द्वारा हर संभव मदद और शेष समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। शिक्षामित्रों के भविष्य और उनकी जीविका से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर मंथन किया गया।

शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के निकट जिलों में ट्रांसफर करने का आदेश शीघ्र किया जाए इसको लेकर संगठन विभागीय अधिकारियों से बात कर समाधान कराने का प्रयास करेगा। मानदेय में की गई वृद्धि के लिए संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया। साथ ही संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री के 5 जून को जन्मदिन के अवसर पर संगठन प्रदेश भर में पौधरोपण कर जन्मदिन मनायेगा। बैठक की अध्यक्षता संजय शर्मा द्वारा की गयी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला, सुशील यादव, श्याम लाल यादव, प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, जगवीर भाटी, राजेंद्र सिंह पचेरा, ऋषि पाल सिंह यादव, पंकज सिंह, हरिनाम सिंह आदि सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित उपस्थित रहे।

योगी सरकार की पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नयी पीढ़ी

- पीएम पोषण योजना से बच्चों को मिल रहा संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को भी और अधिक प्रभावी बना रही है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण को समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना केवल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक भोजन से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और विद्यालयों में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर आधारित है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक एकाग्रता तथा शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। योगी सरकार बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित एवं पोषणयुक्त बनाने के लिए सप

वैश्विक आयोजनों का हब बन रहा प्रदेश

वाराणसी में ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक कल से

- जी-20 बैठकों की सफल मेजबानी के बाद ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक काशी में
- वैश्विक मंच पर चमकेगी काशी की कला और संस्कृति

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र एवं विश्व की प्राचीनतम जीवंत नगरी काशी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। जी-20 बैठकों की सफल मेजबानी के बाद अब 4 और 5 जून को वाराणसी में ब्रिक्स (इफ्मऋर) संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक आयोजित होने जा रही है। 4 -5 जून को ताज होटल में प्रस्तावित इस बैठक में देश-विदेश के वरिष्ठ राजनयिक, नीति-निमार्ता, सांस्कृतिक विशेषज्ञ एवं विशिष्ट प्रतिनिधि भाग लेंगे।

सरकार में उत्तर प्रदेश आज वैश्विक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन और रोजगार सृजन के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि काशी को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक पहचान प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आई है। विदेशी प्रतिनिधियों के समक्ष सीधे अपने उत्पादों का प्रदर्शन होने से निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और काशी के पारंपरिक शिल्प को नई वैश्विक पहचान प्राप्त होगी।

पद्मश्री रजनीकांत
जीआई ,विशेषज्ञ

बैठक के दौरान काशी के विश्व प्रसिद्ध जीआई टैग एवं ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में वाराणसी की समृद्ध शिल्प परंपरा के 6 शिल्पियों के 6 विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ये सभी उत्पाद काशी की सदियों पुरानी कला, शिल्प कौशल और सांस्कृतिक विरासत के जीवंत प्रतीक हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से विदेशी प्रतिनिधियों को न केवल इन उत्पादों की विशिष्टता से परिचित कराया जाएगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का अवसर भी मिलेगा। सरकार के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों के संरक्षण, विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। इन प्रयासों से हजारों शिल्पकारों, बुनकरों और कारीगरों को नई पहचान एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। काशी के हस्तशिल्प उत्पाद आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेक देशों में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं।

ब्रिक्स के सदस्य देश : ब्राजील ,चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब ,दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)।

प्रदर्शित होने वाले प्रस्तावित जीआई और ओडीओपी उत्पादों के नाम : वुडेन लेकर वेयर एंड टॉयज, बनारस गुलाबी मीनाकारी क्राफ़्ट, बनारस ब्रोकेड एण्ड साड़ी, वाराणसी सॉफ्ट स्टोन जाली वर्क, वाराणसी वुडेन लेकर वेयर एंड टॉयज, बनारस मेटल रिपोजी क्राफ्ट, बनारस ग्लास बीड्स।

अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से बड़ा मंच मिलता है, ब्रिक्स में हैंडीक्राफ्ट के प्रदर्शन से शिल्पियों के हाथ के हुनर को लोकल से ग्लोबल मार्केट मिलेगा।

रामेश्वर सिंह, नेशनल अवार्डी
वाराणसी वुडेन लेकर एंड टॉयज

सरकार ने प्रदेश के हस्तशिल्प को नई पहचान देते हुए प्राचीन मरती हुई कला को जीवित कर दिया है। इस प्रदर्शनी से वाराणसी के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का प्रचार प्रसार होगा, देश-विदेश से आए विशिष्ट मेहमान काशी की इस कला से परिचित होंगे और हैंडीक्राफ्ट की बारीकियों को जानेंगे। इस मंच से ऑर्डर मिलेंगे की संभावनाएं बढ़ेंगी।

कुञ्ज बिहारी
नेशनल अवार्डी, गुलाबी मीनाकारी

देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर रखने का मौका मिल रहा है, ऐसे अवसर देश की विरासत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का मौका देते हैं।

दुर्गा प्रसाद पटेल
आर्टिजन ग्लास बिड्स

पांचवें बड़े मंगल पर लगा विशाल भंडारा

लखनऊ। महेश चंद्र राठौर की तरफ से हर साल की तरह ज्येष्ट मास के पांचवे बड़े मंगल पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें छाज दही, पेठा, बताशा भक्तों को वितरित किया। इस अवसर पर अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, महेश चंद्र राठौर सलाहकार समिति सदस्य भारत सरकार दूर संचार नगर मीडिया प्रभारी भाजपा ओ बी सी मोर्चा नगर लखनऊ, माया राम कनौजिया, पवन श्रीवास्तव रमेश निगम सुरेश द्विवेदी, धीरज गुप्ता, मदन पाल सिंह जी, रमेश निगम, हिमांशु कनौजिया, नूपुर, नेहा, नीति, प्रीति शिवम राठौर आदि उपस्थित हुए।

सीएमएस के टॉपर छात्रों को सीएम योगी ने किया सम्मानित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन के ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में सीएमएस के आईसीएसई व आईएससी के 10 नेशनल टापर छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया, जिनमें सीएमएस के आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षा के नेशनल टॉपर वैवस्वत नारायण दुबे (99.80 प्रतिशत), द्वितीय नेशनल टॉपर जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल (99.60 प्रतिशत) एवं तृतीय नेशनल टॉपर अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान (99.40 प्रतिशत) के साथ ही आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा की द्वितीय नेशनल टॉपर ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा (99.75 प्रतिशत) शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्रों को एक-एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व टैबलेट देकर सम्मानित किया। समारोह में पूरे प्रदेश के इंटर व हाईस्कूल के सभी बोर्डों के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सम्मानित होने वाले सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

योगी कैबिनेट की बैठक आज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार शाम को मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जा सकता है। शाम 5 बजे प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में 16 से अधिक एजेंडों को मंजूरी के लिए रखा जाएगा। बैठक में प्रदेश की जिला अदालतों, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं के मानदेय और मासिक भत्ते में बढ़ोतरी से जुड़े प्रस्ताव पर मुहर लगने की संभावना है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो हजारों सरकारी अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश के पांच जिलों—मुरादाबाद, औरैया, ललितपुर, कानपुर नगर और भदोही में नई जेलों के निर्माण का रास्ता भी साफ हो सकता है। इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि की स्वीकृति से जुड़े प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष रखे जाएंगे। खाद्य एवं रसद विभाग की मक्का क्रय नीति से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। वहीं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दंत संवर्ग सेवा नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव भी बैठक के एजेंडे में शामिल है।

नन्द बाबा दुग्ध मिशन: 449.38 करोड़ की कार्ययोजना मंजूर

लखनऊ। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित नन्द बाबा दुग्ध मिशन को नई गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की 449.38 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को मंजूरी दे दी गई है। यह निर्णय मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में आयोजित मिशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की छठी बैठक में लिया गया। बैठक में मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना तथा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के लंबित लक्ष्यों को आगामी दो माह के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गोबर गैस और सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

समाज निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ। सर्वे सन्तु निरामयाः उत्तम स्वास्थ्य, राष्ट्र की समृद्धि का आधार है की भावना को आगे बढ़ाते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बढ़ती जीवनशैली जनित बीमारियों, विशेषकर मधुमेह (डायबिटीज) और मोटापे को गंभीर सामाजिक चुनौती बताते हुए स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण मोटापा, मधुमेह और अन्य गैर-संचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार भारत में मोटापा और अधिक वजन की समस्या लगातार बढ़ रही है तथा अनुमान है कि वर्ष 2030 तक विश्व में मोटापे से प्रभावित प्रत्येक 10 बच्चों में से एक भारतीय हो सकता है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में लगभग 10.1 करोड़ लोग मधुमेह से प्रभावित हैं, जबकि 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक अवस्था में हैं, जो आने वाले समय में बड़ी स्वास्थ्य चुनौती का संकेत है। उत्तर प्रदेश में भी मधुमेह और प्री-डायबिटीज के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में पुरुषों में मधुमेह की दर लगभग 8 प्रतिशत तथा महिलाओं में लगभग 5 प्रतिशत है, जबकि प्री-डायबिटिक श्रेणी में लगभग 19.5 प्रतिशत पुरुष और 15.5 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर से विधायक चुने जाने के बाद से ही उनका निरंतर प्रयास स्वस्थ, सक्रिय और फिट सरोजनीनगर के निर्माण का रहा है। इसी सोच के साथ विधानसभा क्षेत्र में अब तक 100 से अधिक ओपन एयर जिम स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों नागरिकों को अपने आसपास ही फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही 92 ओपन जिम एलडीए के माध्यम से स्वीकृत हैं व स्थापित कराए जाने की प्रक्रिया में हैं।

उन्होंने कहा कि जोनल पार्कों का विकास, पार्क अवसंरचना का विस्तार, खेल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण तथा सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग जैसे प्रयास इसी व्यापक सोच का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों में फिटनेस संस्कृति को मजबूत करना है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार, योग, खेल तथा नियमित स्वास्थ्य जांच को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय रहते जागरूकता और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

7 तक चलेगा वोविनाम ट्रेनिंग कैंप, भाषा विवि में उद्घाटन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में वोविनाम टेक्निकल ट्रेनिंग कैंप का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 7 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी और प्रशिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पवन सिंह चौहान एवं मुकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट्स न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक सुदृढ़ता भी विकसित करते हैं। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को ऐसे मंच उपलब्ध कराए जाएं, जहां वे वैश्विक स्तर की तकनीकों और प्रशिक्षण से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि इस कैंप में विदेशों से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की मौजूदगी इसे और विशेष बनाती है, जिससे प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त होगा। वोविनाम टेक्निकल ट्रेनिंग कैंप के दौरान प्रतिभागियों को मार्शल आर्ट की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है और इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं।

पहले दिन बिके 50 नामांकन पत्र

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पहले दिन कुल 50 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। यह जानकारी चुनाव अधिकारी भारत भूषण गुप्ता ने दी। पहले दिन व्यापारियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि 50 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है जिसमें से विभिन्न पदों के लिए 35 नामांकन पत्र प्राप्त हुए है। चुनाव अधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी तथा सभी इच्छुक व्यापारी निर्धारित समयावधि में अपने नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों से चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने और सफल एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

भाषा विवि में पीएचडी प्रवेश शुरू, 30 तक करें आवेदन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन 1 जून से 30 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://kmclu.ac.in तथा समर्थ पोर्टल https://kmcluadm. samarth.edu.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पीएचडी में प्रवेश परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

दीदी कैफे से लखपति बन रही समूहों की दीदियां

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे लखपति दीदी के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में समूहों की दीदियो को नयी- नयी गतिविधियों से जोडने के कार्य किये गये हैं। इसी कड़ी मे प्रेरणा कैन्टीन महिला स्वावलम्बन व सशक्तिकरण के सरकारी प्रयासों मे यह एक महत्वपूर्ण कडी जुडी हुयी है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की ओर से संचालित प्रेरणा कैन्टीनो के जरिए समूहों की दीदियों की आमदनी बढ़ाने के प्रयासो को और अधिक धार देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की ओर से पूर्व मे ही ग्राम्य विकास विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

बिजली संविदाकर्मियों को न निकाला जाये : एके शर्मा

- विद्युत सेवाओं में जवाबदेही और संवेदनशीलता पर जोर, मंत्री एके शर्मा ने डिस्कॉमवार की समीक्षा
- जनता को हर हाल में मिले निर्बाध बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मगंलवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न हुई विद्युत बाधाओं के निस्तारण तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम) के कार्यों का डिस्कॉमवार मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को जनहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मंत्री शर्मा ने सभी प्रबंध निदेशकों (एमडी) से आंधी-तूफान के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं, विद्युत अवसंरचना को हुए नुकसान तथा उनके निस्तारण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी विद्युत बाधा उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। सिद्धार्थनगर जनपद से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री शर्मा ने अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की शिकायतों की बिल्कुल भी उपेक्षा न की जाए।

बैठक के दौरान संविदाकर्मियों से जुड़े विषय पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में मंत्री शर्मा ने संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी संविदाकर्मी को बिना उचित कारण नौकरी से न निकाला जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में संविदाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने विधायक निधि से प्रस्तावित विद्युत विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं और जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी विकास कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। बैठक में यूपीपीसीएल के एमडी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आशीष गोयल तथा सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

पीएम-उषा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सबसे पहले बीओजी ने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी को पुनर्गठित करने की अनुमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त क्रय समिति एवं तकनीकी समिति को पुनर्गठित करने के लिए कुलपति प्रो. जेपी सैनी को अधिकृत किया गया। प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (पीएमयू) को निर्देशित किया गया कि वह पीएम-उषा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करती रहे। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की घटकवार समीक्षा की गई और संबंधित एजेंसियों को समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बीओजी ने यह भी निर्णय लिया कि पीएम-उषा योजना के अंतर्गत अब तक खरीदे गए सभी उपकरणों की लेबलिंग की जाए। साथ ही, नए उपकरणों की खरीद के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों से नए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर बल दिया कि पीएम-उषा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

भाषा विवि के बीफार्मा एवं डीफार्मा पाठ्यक्रमों को पीसीआई की मान्यता

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के द्वारा बीफार्मा एवं डीफार्मा पाठ्यक्रमों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मान्यता प्रदान कर दी गई है। पीसीआई द्वारा जारी निर्णय पत्र के अनुसार, डीफार्मा पाठ्यक्रम में 60 सीटों के साथ 2026-27 शैक्षणिक सत्र तक स्वीकृति का विस्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त बीफार्मा पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष के संचालन तथा प्रथम वर्ष में 60 विद्यार्थियों के प्रवेश को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह मान्यता इस बात का प्रमाण है कि विश्वविद्यालय ने पीसीआई द्वारा निर्धारित शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य सभी मानकों का सफलतापूर्वक पालन किया है। विश्वविद्यालय की आधुनिक प्रयोगशालाएं, आवश्यक शैक्षणिक संसाधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था इस उपलब्धि के महत्वपूर्ण आधार हैं।

पीसीआई की मंजूरी यह संकेत देती है कि संस्थान विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय फार्मेसी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास उपलब्ध कराने में सक्षम है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों, समर्पण और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। विश्वविद्यालय का फामेर्सी विभाग निरंतर शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है, जिससे विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवा, औषधि उद्योग, अनुसंधान एवं अकादमिक क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कुलपति प्रो अजय तनेजा ने बधाई ज्ञापित करने के साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी उत्कृष्ट फार्मेसी शिक्षा प्रदान करने तथा राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0 1:– ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.– "05–जीकेपी–एमडब्लूएस–2026–27" "कन्वर्जन आफ कन्वेन्शनल आईसीएफ कोचेज टू ऑटोमोबाईल कैरियर ब्रेक वैन क्वान्टिटी 15 नम्बर्स कोचेज सैक्संड अंडर पीएच–21 वाईड आरएसपी (बीओ) डब्ल्यूबी आइटम नंबर–797/25–26 – एलोकेशन –कैप फार जीकेपीएस/एनईआर" अनुमानित लागत (रू0में): ₹2,10,45,000.00, धरोहर राशि (रू0में): ₹4,20,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य:–रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 23.06.2026, 11.00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह।

उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखे।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक–31 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

प्रदेश की 57,694 पंचायतों में स्थापित हुए ग्राम सचिवालय

- राज्य स्तरीय कॉल सेन्टर और आनलाइन अटेण्डेन्स सिस्टम किया गया लागू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में ग्रामीण विकास और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश की 57,694 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना कर ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पिछले पांच वर्षों में 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण कर पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। ग्राम सचिवालयों की स्थापना से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाओं की जानकारी, मनरेगा संबंधी सेवाएं, जन्म-मृत्यु पंजीकरण समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब बार-बार तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है।

पिछले 5 वर्षों में 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। ग्राम सचिवालयों में फर्नीचर, कम्प्यूटर, इंटरनेट, पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती की गई है। कुल 1875 रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट और कन्सल्टिंग इंजीनियर (सिविल) का इम्पैनलमेंट किया गया है। विभाग की ओर से बताया गया कि ग्राम पंचायतों को भेजी जाने वाली समस्त धनराशि का भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर से किये जाने के लिए जिओ फेन्स्ड एंड क्यू आर कोड तकनीक लागू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से धनराशि के व्यय में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित किया गया है।

एआई मॉडल का प्रयोग कर व्यय का अनुश्रवण किया जा रहा है। समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं संचार के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेन्टर एवं आनलाइन अटेण्डेन्स सिस्टम लागू किया गया है। पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। इन भवनों में पंचायत बैठकों, जनसुनवाई, डिजिटल सेवाओं और विकास योजनाओं की निगरानी के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पंचायत भवनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी कार्यालय मिले हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। ग्राम सचिवालय और पंचायत भवनों का यह व्यापक नेटवर्क ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को नई गति देने के साथ-साथ गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में यह उपलब्धि प्रदेश के गांवों को सशक्त, डिजिटल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है।

ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ में ट्रांसफर पॉलिसी फेल, 16 वर्षों वाला बाबू पास

लखनऊ। ऊपर वाला मेहरबान तो सबकुछ आसान इस कहावत को ऐसे भी कहा जात सकता है कि ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ में बाबू पर मुख्यालय का अधिकारी मेहरबान तो ट्रांसफर नही नही होता है आसान। ट्रांसपोर्टनगर में 16 वर्षों से अधिक काउंटर नम्बर 4 पर तैनात रईस कुरैसी कार्यरत है। जिसको कोई भी ट्रांसफर पॉलिसी भी नही इधर-उधर कर सकती है।

ट्रांसफर पॉलिसी में अधिकारियों को गुमराह करके अपने को सुरक्षित करना अब बाबुओ के लिए आसान हो गया है। ट्रांसफर पॉलिसी साफ लिखा है कि कोई भी बाबू मडंल में 7 वर्ष से अधिक नही रह सकता है लेकिन 16 वर्ष तक एकही जगह पर तैनात वरिष्ठ सहायक रईस कुरैसी को कोई भी अभी तक नही सीट से इधर-उधर कर सका है। बताया जा रहा है कि टीसी कार्यालय में तैनात एक बाबू की सेटिंग के चलते उनकी कोई भी बता नही करता है। मुख्यालय का बाबू वर्ष भर में ट्रांसफर पॉलिसी के समय ही मोटी रकम लेकर इनका नाम लिस्ट से हटा देता है। इस बार भी यही हुआ कोई नेता बनकर ट्रांसफर पॉलिसी से बच गया तो कोई मुख्यालय से जुगाड़ लगाकर बचा जाता है।

उत्तर रेलवे

ई– ऑक्शन सुचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट / जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूचि स०	MKG-SMU
कार्य का विवरण	Allotment of catering Stall at MKG Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years.
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	27-05-2026
नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट)	13-06-2026 at 11:00 hrs
नीलामी बंद करने की तिथ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से 6 साल की मासूम की मौत

परिजनों ने क्लीनिक पर किया हंगामा, पुलिस ने मामला शांत कराया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के फैजुल्लागंज स्थित पुराना दाऊदनगर में महज छह साल की मासूम बच्ची सौम्या विश्वकर्मा की एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और नाराज परिजनों ने क्लीनिक के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजनों के अनुसार सौम्या की तबीयत खराब होने पर उसे इलाके के एक स्थानीय क्लीनिक पर ले जाया गया। वहां झोलाछाप डॉक्टर ने बच्ची को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के कुछ समय बाद ही बच्ची की हालत अचानक बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गलत दवा और इंजेक्शन के कारण ही बच्ची की जान गई है।

घटना की जानकारी होते ही परिवार और आसपास के लोग क्लीनिक के बाहर जमा हो गए और जमकर हंगामा किया। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही और अवैध रूप से इलाज करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

मामा ने भांजे की गला दबाकर की हत्या, खेत में मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । इटौंजा क्षेत्र में आइसक्रीम पॉर्लर संचालक की उसके रिश्ते के मामा ने हत्या कर शव केले के खेत में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी मामा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव की है। मृतक सचिन सिंह (22) साल इंद्रपुरी कालोनी मड़ियांव का रहने वाला था। सोमवार रात करीब 9 बजे अपने रिश्ते के मामा ब्रजेश सिंह सचिन को अपने साथ घर ले गया। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ब्रजेश सिंह के बड़े भाई पौरूष सिंह को गांव के एक युवक ने बताया कि ब्रजेश ने सचिन की हत्या कर दी है। सिंह का शव ब्रजेश के केले के खेत में मिला। मौके से शराब की बोतल भी बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आया है कि दोनों ने साथ में शराब पी थी। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच हुए विवाद में मामा ने भांजे का गला घोंटकर हत्या कर दी। हालांकि, अभी तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार सचिन सिंह जानकीपुरम के यादव चौराहे पर आइसक्रीम पार्लर चलाता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे रिश्ते का मामा ब्रजेश सिंह सचिन को अपने साथ घर ले गया। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ब्रजेश सिंह के बड़े भाई पौरूष सिंह को गांव के एक युवक ने बताया कि ब्रजेश ने सचिन की हत्या कर दी है। परिजनों ने बताया कि पौरूष सिंह ने काशीराम कॉलोनी में रहने वाले अपने मामा सतेंद्र सिंह (सचिन के नाना) को घटना की जानकारी दी। सतेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी राम शंकर सिंह को दी। बेटे की हत्या की खबर सुनकर राम शंकर सिंह अपनी ससुराल पहुंचे। वहां से परिजनों के साथ मड़ियांव थाने गए और पूरा घटनाक्रम बताया। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस और परिजनों के साथ वह लोग अकबपुर में ब्रजेश सिंह के केले के खेत में पहुंचे। वहां सचिन का शव मिला। शरीर पर नेकर और बनियान थी। गले पर रस्सी से कसने का निशान था। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ब्रजेश घर से भाग गया था। उसका मोबाइल भी बंद था।

पुलिस की कार्रवाई: मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इलाके में अवैध रूप से संचालित झोलाछाप क्लीनिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और मासूम की जान इस तरह न जाए।

ट्रैफिक ऑफिस में तैनात मुख्य आरक्षी की मौत, घरवालों ने किया अंगदान

लखनऊ। डीसीपी ट्रैफिक ऑफिस में तैनात मुख्य आरक्षी मनिंदर सिंह (37) की इलाज के दौरान सोमवार शाम को मौत हो गई। वह कई दिनों से बीमार थे। घरवालों ने पोस्टमार्टम के बाद उनका लिवर और कार्निया का दान किया है। पुलिस के मुताबिक, लखीमपुर खीरी मोहम्मदी के कैमूर गांव निवासी मनिंदर सिंह डीसीपी ट्रैफिक बंदरिया बाग कार्यालय में मुख्य आरक्षी पद पर थे। वह सदर कैंट स्थित ट्रैफिक पुलिस लाइन में रह रहे थे। भाई त्रिलोकी सिंह ने बताया उनके भाई 23 में को ड्यूटी के बाद रूम में पहुंचे। खाना खाने के दौरान उनकी अचानक हालत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए उन्हें विभूतिखण्ड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पता चला कि उनके ब्रेन हेमरेज हो गया। हालत बिगड़? पर बुधवार को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। सोमवार को देर शाम उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद उनके भाई त्रिलोकी सिंह, बहनोई अजय व मां जगत कुमारी ने आपस में सहमति के बाद मनिंदर सिंह का कॉर्निया एवं लीवर को डोनेट किया। घर वालों ने बताया कि उनकी करीब छह साल पहले सीतापुर की रहने वाली अनुपम विमल नाम की युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद आपसी मनमुटाव के बाद वह अपने मायके चली गई थी और वहीं रह रही थी। घर वालों ने बताया कि पुलिस ने कई बार उनकी पत्नी को फोन किया लेकिन वह पोस्टमार्टम हाउस नहीं आई। मनिंदर सिंह के पिता महेंद्र सिंह बंदरिया बाग हेडक्वार्टर में एसपी के स्टेनो रहे। कुछ अरसे पहले उनकी भी मौत हो चुकी है।

भाजयुमो नेता की हत्या में चार और आरोपी चिन्हित

लखनऊ। विभूतिखंड इलाके में जलवा क्लब के बाहर अयोध्या के भाजयुमो नेता शिवम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और जेल भेजे गए आरोपियों के बयानों के आधार पर चार और आरोपियों को चिन्हित किया है। पुलिस अब उन चारों आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें छापेमारी कर रही हैं। हत्याकांड में फरार मुख्य आरोपी व 25 हजार के इनामी अनुज सिंह को चंदौली जिले में मुगलसराय पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया था। मुगलसराय पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लखनऊ लाने की तैयारी कर रही है। वहीं, विभूतिखंड पुलिस ने हत्याकांड में अभी तक अलीगंज निवासी शांतनु उर्फ अंकित रावत, हनी तिवारी उर्फ विवेक और आजमगढ़ के विवेक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच के दौरान पुलिस टीम ने जलवा क्लब से लेकर लखनऊ पब्लिक स्कूल के बीच के करीब 150 कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज से पता चला कि भाजयुमो नेता शिवम पर हमले के दौरान उक्त चारों आरोपियों के अलावा कुछ अन्य लोग भी थे।

ताला तोड़कर 60 लाख के जेवर चोरी

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के सामने चोरों ने सोमवार देर रात ज्वेलर्स दुकान के शटर का ताला तोड़कर करीब 60 लाख के सोने-चांदी के जेवर व डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह चोरी की सूचना मिलते ही पीड़ित सर्राफ व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव में रहने वाले मनोज कुमार की बिजनौर-बंथरा रोड स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर-3 के सामने लक्ष्मी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रोजाना की तरह सोमवार देर शाम करीब आठ बजे मनोज दुकान बंद कर घर चले गए। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी दुकानदार ने उनकी दुकान का शटर खुला देख उन्हें सूचना दी। जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। शटर खुला देख होश उड़ गए। भीतर गए तो सारा सामान बिखरा और आलमारी खुली मिली। मनोज ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित सर्राफ ने बताया कि दुकान से करीब 10 किलो चांदी का सामान, 200 ग्राम सोने के जेवर व करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी हुए हैं। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने कुछ नमूने जुटाए हैं।

अधिवक्ता के बन्द मकान में लाखों की चोरी

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में चोरों ने महिला अधिवक्ता के बंद मकान का ताला तोड़कर 10 लाख के जेवर व अन्य माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के दौरान चोरों ने कमरे में बैठकर कोल्डड्रिंक व बियर पी और फ्रिज में रखा सामान खाया। कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं। वहीं, जानकीपुरम और सुशांत गोल्फ सिटी में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर माल बटोरा। गौरी के न्यू रहीमाबाद स्थित मोहल्ला सुभाष नगर में अधिवक्ता शालिनी श्रीवास्तव परिवार के साथ रहती हैं। पति शेखर सीआरपीएफ में हैं। 30 मई को शालिनी पति शेखर व परिवार के साथ पैतृक निवास लखीमपुर गयी थी। 31 मई की देर रात 12:04 बजे मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोर घर में घुसे। चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर करीब 10 लाख के जेवर, 20 हजार रुपये, स्मार्ट टीवी व डीवीआर की जगह डिश टीवी बॉक्स चोरी कर लिया। 1 जून को पड़ोसी महिला ने मुख्य द्वार खुला देखा सूचना दी। जानकारी पर शालिनी वापस लौटी। घर के भीतर गयी तो सारा सामान बिखरा मिला। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो मुंह पर गमछा बांधे दो चोर कैद मिले।

तेरह करोड़ रुपये की संदिग्ध हाइड्रो मारीजुआना की बरामद

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम्स) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 13 करोड़ रुपये मूल्य की संदिग्ध हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है। इस मामले में कस्टम अधिकारियों ने बरामद हाइड्रोपोनिक वीड जप्त करते हुए एक भारतीय मूल के यात्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक 1 जून सोमवार को मस्कट से लखनऊ आने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान (डब्लयूवाई-265) से आयात्रियों में से एक चेक-इन बैगेज की एक्स-रे जांच के दौरान संदिग्ध सामग्री दिखाई दी। इसके बाद अधिकारियों ने संबंधित यात्री की पहचान कर उसे ट्रैक करते हुए रोक लिया और उसके सामान की गहन तलाशी ली। जहाँ तलाशी के दौरान उसके बैग में रखे पांच चॉकलेट पैकेटों के भीतर छिपाकर रखे गए कुल 10 पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए।

ट्रेन से गिरकर पुताई मजदूर की मौत

लखनऊ। सैरपुर में रेलवे लाइन किराने पुताई मजदूर का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस पहुंची और उनकी शिनाख्त की। पुलिस का कहना है कि ट्रेन से गिरने उनकी मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, सीतापुर के सदर बाजार निवासी राजकुमार राजपूत (40) हसनगंज डालीगंज में किराए के मकान में रहकर पुताई मजदूरी करते थे। घरवालों के मुताबिक, राजकुमार सोमवार को अपनी पत्नी मोहिनी को इलाज कराने के लिए लखनऊ से सीतापुर ट्रेन से जा रहे थे। उनकी पत्नी सीतापुर में हैं। रास्ते में सैरपुर स्थित छठा मील के पास अचानक वह ट्रेन से गिर गए। उन्हें रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा देखकर लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गई। उनके पास मिले मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने उनकी पहचान की उनके परिवार में पत्नी मोहिनी देवी दो बेटे दो बेटियां हैं।

असलहा लगाकर चार बदमाशों ने फोटोग्राफर से की लूटपाट

लखनऊ । फोटोग्राफर अशोक को इटौंजा में बर्थ-डे पार्टी की बुकिंग के बहाने बुलाकर बदमाशों ने असलहा दिखाकर धमकी दी और उसके बैग से लाखों का सामान लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें काम कर रही हैं। बताते हैं कि इटौंजा क्षेत्र में असलहों से लैस बाइक सवार चार बदमाशों ने सोमवार रात फोटोग्राफर अशोक यादव को रोका और लाखों का माल लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने अशोक को बर्थ-डे पार्टी की बुकिंग देने के बहाने फोन कर नीलांश वाटर पार्क के पास मिलने के लिए बुलाया था। असलहा लगाया और लूटपाट की। फोटोग्राफर की तहरीर पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। माल के रानीखेड़ा निवासी अशोक यादव फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक अज्ञात नंबर से उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने बर्थ-डे पार्टी की बुकिंग देने के नाम पर फोन कर नीलांश वाटर पार्क के पास बुलाया।

डंपर ने किशोर को रौंदा, ड्राइवर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने किशोर को रौंद दिया। हादसे के बाद भी चालक नहीं थमा और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान किशोर डंपर के नीचे फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने दुर्घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है।

दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया। वह गंभीर रूप से घायल था। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल मानस को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मानस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हादसे के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। उसके चालक सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट के रहने वाले महेंद्र रावत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पिता मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।

तेज रफ्तार बाइक आवारा पशु से टकराई, चाचा की मौत, भतीजा घायल: गोसाईंगंज इलाके में मंगलवार सुबह घर लौटते समय बाइक आवारा मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बाराबंकी के लोनी कटरा निवासी शुभम चौरसिया (30) लखनऊ में हजरतगंज स्थित डाली बाग में किराए के मकान में अपने भतीजे अंकुल के साथ रहकर सब्जी का ठेला लगाते हैं। घर वालों ने बताया शुभम सोमवार को मोटरसाइकिल से अपने भतीजे के साथ बाराबंकी अपने घर गए थे। मंगलवार सुबह वापस लखनऊ लौटते समय अंकुल के साथ बाइक से जा रहे थे बाइक अंकुल चला रहा था, रास्ते में गोसाईगंज स्थित गुमटी नंबर 5 के पास लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आवारा पशु से टकराई, जिससे चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईगंज अस्पताल ले जाया गया जहां शुभम चौरसिया की मौत हो गई। वहीं अंकुल का प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई मृतक के परिवार में पत्नी सुषमा एक बेटा 2 बेटी है।

असमाजिक तत्वों ने रेकी कर युवक को पीटा, घायल: बिजनौर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत नटकुर के पास रेकी करके घात लगाकर बैठे अराजक तत्वों ने साजिश रचकर युवक को मार पीट कर गम्भीररूप से चोटिल करके घायलावस्था में ही छोड़कर भाग गये। कुरौनी थाना बन्थरा निवासी कमल कुमार सोमवार को दोपहर 12.50 बजे अपने घर से गौरी बाजार सामान खरीदने जा रहा था। तभी रेकी कर रहे गाँव के ही सुमित रावत व उमेश रावत ने मुल्लाही खेड़ा नटकुर निवासी शुभम सिहं व सचिन रावत को सूचना देकर एक साथ एकत्रित हुए और साजिश रचकर, नटकुर के पास मोड़ पर कमल को अकेला पाकर लाठी डण्डों से मारने-पीटने से काफी गम्भीर चोटें आयीं। उपरोक्त व्यक्ति इसके पूर्व भी परिवार के साथ झगड़ा फसाद कर चुके हैं। पीड़ित के अनुसार उपरोक्त आरोपीगण आपराधिक किस्म के लोग हैं, जो आयेदिन लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं। आरोपियों ने जान मे मारने की धमकी देकर सड़क पर अधमरा छोड़कर, गालियाँ देते हुए भाग गये। पीड़ित ने अपने ऊपर घटित घटना की तहरीर जब बिजनौर थाने में दी तो पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

क्षेत्राधिकार का सवाल उठने पर वापस ली गयी पीआईएल

- काकरोच जनता पार्टी बनाने वाले अभिजीत दिपके के खिलाफ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच की मांग वाली पीआइएल का मामला

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कथित राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को भड़काने के आरोपों की जांच की मांग वाली जनहित याचिका को वापस लेने के कारण सुनवाई योग्य न मानते हुए निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याची बेंगलुरु का निवासी है और याचिका में उत्तर प्रदेश से जुड़ा कोई विशेष तथ्य नहीं है, इसलिए उसे सक्षम क्षेत्राधिकार वाले कोर्ट का रुख करना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सर्राफ और न्यायमूर्ति ए के चैधरी की अवकाषकालीन पीठ ने एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल आपराधिक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में अमेरिका में रह रहे महाराष्ट्र के पुणे निवासी अभिजीत दिपके के विरुद्ध आरोप लगाए गए थे। याची का कहना था कि दिपके ने कॉकरोच जनता पार्टी नामक एक गैर-पंजीकृत संगठन बनाया है, जो विदेशी वित्तपोषण के जरिए राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। याचिका में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मामले की व्यापक जांच कराने की मांग की गई थी। याची ने यह भी आरोप लगाया था कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर संचालित खातों के माध्यम से देश के युवाओं को भड़काया जा रहा है। उसने केंद्र सरकार को ऐसे खातों को तत्काल बंद या ब्लॉक करने का निर्देश देने की भी मांग की थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने पाया कि याची ने स्वयं को बेंगलुरु का स्थायी निवासी बताया है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के विषय को लेकर याची को पहले कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। याचिका में ऐसा कोई तथ्य नहीं है जिससे उत्तर प्रदेश में कारण-कार्यवाही उत्पन्न होना साबित हो सके। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि याची पूर्व में भी स्वयं को बेंगलुरु निवासी बताते हुए कोर्ट के समक्ष पेश हो चुका है। केवल लखनऊ के पते से कुछ शिकायतें भेजे जाने के आधार पर लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार स्थापित नहीं किया जा सकता।

मंदबुद्धि नाबालिग संग दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

लखनऊ । मंद बुद्धि नाबालिग के साथ जानकीपुरम थाना क्षेत्र में दो लोगों ने दुराचार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को सुरक्षित किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने कठोर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक पीड़िता को बहला-फुसलाकर क्षेत्र में स्थित एक निमार्णाधीन मकान में ले गए, जहां दोनों ने मिलकर उसके साथ दुराचार किया। पीड़िता मानसिक रूप से बीमार और नाबालिग होने के कारण अपने साथ हुई घटना का विरोध करने में पूरी तरह असमर्थ रही। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता की मां ने जानकीपुरम थाने पहुंचकर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता को सुरक्षित किया और चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकीपुरम थाना प्रभारी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि चूंकि पीड़िता मानसिक समस्याओं से जूझ रही है, इसलिए घटना की विवेचना विस्तारपूर्वक की जा रही है, ताकि साक्ष्य पूरी तरह से सुरक्षित किए जा सकें। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उधर, इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय माधवपुर, बौरा जगदीशपुर, जनपद सुलतानपुर (उ.प्र.)
(कॉलेज कोड- 688)
निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
1. स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-भौतिक विज्ञान-01 पद, गणित-01 पद, रसायन विज्ञान-01 पद, जन्तु विज्ञान-01 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद।
2. स्नातक स्तर (कला संकाय)-गृह विज्ञान-01 पद, प्राचीन इतिहास- 01 पद, राजनीति शास्त्र-01 पद।
3. परास्नातक स्तर (कला संकाय)-भूगोल-02 पद, समाजशास्त्र-02 पद।
4. परास्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-जन्तु विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद।
अर्हता वेतन :- विश्वविद्यालय/यूजीसी/एनसीटीई की परिनियमावली के अनुसार देय होगा।
इच्छुक योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ता अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति व फोटो के साथ 15 दिन के महाविद्यालय के पते पर भेजें।
हरिश्चन्द्र सिंह
प्रबंधक
श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय
माधवपुर
बौरा जगदीशपुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)
मो. 8449555000

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई) सुलतानपुर।
आवश्यकता है-
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रवक्ताओं की-
स्नातक (विज्ञान संकाय):भौतिक विज्ञान, गणित, प्रत्येक में एक-एक पद।
स्नातक (कला संकाय) : अंग्रेजी राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान प्रत्येक में एक-एक पद।
परास्नातक (कला संकाय): हिन्दी -03 पद; गृहविज्ञान -03 पद; समाजशास्त्र -03 पद
बी0एड् (प्रवक्ता) - 12 पद
बी0एड् (प्रवक्ता संगीत) - 01 पद
बी0एड् (प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा) - 1 पद
बी0एड् (प्रवक्ता चित्रकला) - 1 पद
योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त-NCTE/ यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं यदि कोई अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें या ई-मेल आई.डी.-SNVMPGCOLLEGE@GMAIL.COM पर ई-मेल करें।
प्रबंधक
सीताराम वर्मा
मोबाइल नंबर- 9415137463

भर्ती परीक्षा पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं व्यवस्थित ढंग से हो संपन्न : गोयल

- प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण गंभीरता के साथ करें
- परीक्षा प्रक्रिया की सफलता प्रत्येक स्तर पर सतर्कता एवं अनुशासन पर निर्भर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य सचिव एस.पी. गोयल एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता, प्रशासनिक तैयारियों एवं निगरानी तंत्र की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं तथा प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण गंभीरता के साथ करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्ट्रांग रूम के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील रहें तथा डबल लॉक, डबल गार्ड, अग्निशमन व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। भर्ती बोर्ड द्वारा सीसीटीवी की लाइव फीड के माध्यम से सतत निगरानी की जाए। नोडल अधिकारी (प्रशासन) की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि परीक्षा दिवस पर निर्धारित सीरीज की गोपनीय सामग्री ही परीक्षा केंद्रों को उपलब्ध कराई जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी कार्मिकों का शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाए तथा ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से लागू रहे।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर निजी व्यक्तियों की नियुक्ति न हो। केंद्र व्यवस्थापक सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बोर्ड द्वारा जारी पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। बिना सत्यापन किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। अभ्यर्थियों की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग को अत्यंत सावधानी एवं गंभीरता से किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के पास काला/नीला पेन, प्रवेश पत्र तथा पहचान पत्र के अतिरिक्त उसके पास अन्य कोई सामान न हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 6 से 10 जून 2026 तक सभी परीक्षा केंद्रों का प्रतिदिन व्यापक सैनिटाइजेशन कराया जाए। परीक्षा कक्षों, परिसर, होल्डिंग एरिया, छत, गैलरी, सीढ़ियों एवं वाशरूम सहित पूरे परिसर की मोबाइल फोन, कैमरा, ब्लूटूथ अथवा अन्य अवांछित सामग्री की दृष्टि से गहन जांच की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी के मोबाइल (स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी पुलिस, केंद्र प्रभारी-कार्यदायी संस्था (परीक्षा संचालन को छोड़कर) आदि को बाहर रखवाया जाए।

कार्मिकों का चेकिंग-फ्रिस्किंग के बाद प्रवेश दिया जाए। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी प्रत्येक पाली में रेंडमाइजेशन के आधार पर लगाई जाए तथा परीक्षा अवधि में केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियमित रूप से परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने राज्य एवं जनपद स्तर के कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पूर्व अथवा परीक्षा के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु के दिखाई देने पर तत्काल जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, बस अड्डों एवं प्रमुख आवागमन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, छायादार प्रतीक्षास्थल, चिकित्सा सहायता एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की सफलता प्रत्येक स्तर पर सतर्कता एवं अनुशासन पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को भर्ती बोर्ड के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किस

बड़े मंगल पर भंडारे में प्रसाद बांटते श्रद्धालुगण | हनुमान मंदिर में भक्तों की लगी लंबी कतार | भंडारे में शर्बत वितरित करती महिला | फोटो-अमित वर्मा

जय जय जय हनुमान गुसाईं कृपा करहुं गुरुदेव की नाईं...

ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, शहर में जगह-जगह लगे भंडारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्येष्ठ माह का पांचवा बड़ा मंगल श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया। भोर होते ही शहर के सभी हनुमान मंदिरों में जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहु लोक उजागर, जय जय जय हनुमान गुसाईं कृपा करहुं गुरुदेव की नाईं नामक चौपाइयां फिजा में गूंजने लगी।

हर कोई सुबह सुबह बजरंगबली के दर्शन के लिए हनुमान मंदिरों की ओर बढ़ चला। शहर भर के मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ बजरंगबली की पूजा श्रद्धा सत्कार के साथ की गयी। रात 12 बजे से ही भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मारुतिनंदन के दर्शन के लिए कतार में लग गए। अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु आदि बजरंगबली के मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर हनुमान भक्तों के जयकारे से गूंज उठे।

हनुमान सेतुः सुबह 4 बजे हुई मंगला आरतीः लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में पांचवें बड़े मंगल पर सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ मंदिर के कपाट खोल दिये गये। भक्तों को प्रसाद वितरित करने के लिए भारी तादाद में लड्डू बनाया गया था। भक्त रात 12 बजे तक लगातार दर्शन करने पहुंचते रहे। सुबह 6 बजे और रात 8 बजे विशेष आरती का आयोजन किया गया।

अलीगंज नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का हुआ भव्य शृंगारः अलीगंज हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य शृंगार हुआ। दिन भर में 11 बार चोला बदला गया। मंगलवार भोर में 12 बजे मंदिर का खुला कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद हुआ। 36 घण्टे लगातार भक्तों ने दर्शन किए। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि बजरंगबली को 2.5 कुंतल लड्डू, एक हजार कालाजाम, सब्जी-पूड़ी और हलवा का भोग लगाया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु के दरबार पहुंचकर हाजिरी लगाई। मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित भंडारे में तीन तरह की सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

भोर होते ही लगी भक्तों की लंबी कतारः लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में भोर से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। मंगलाआरती के साथ मंदिर के कपाट खुले, और सुबह और शाम बजरंगबली की भव्य आरती हुई। भक्तों ने जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारे लगाए। मंदिर के आचार्य चन्द्रकांत द्विवेदी ने कहा कि ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगल पर बजरंगबली की अपने भक्तों पर खास कृपा होती है। सच्चे मन से प्रभु के दरबार में सिर झुकाने से संकटमोचन भक्तों के सारे संकट हर लेते हैं। मन्दिर की ओर से करीब 75 हजार लड्डू बनवाए गए थे। मन्दिर आने वाले भक्तों को एक-एक लड्डू प्रसाद स्वरूप दिया गया।

हनुमान मंदिरों में हुआ चालीसा का पाठः इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हनुमान मंदिरों में आरती, पूजन और फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके बाद मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। तेज धूप और गर्मी भी भक्तों की आस्था के आगे रुकावट नहीं बन सकी। भक्त तड़के ही दर्शनों के लिए पहुंचने लगे। इस दौरान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

ज्येष्ठ के पाचवें बड़े मंगल पर भव्य भण्डाराः परिवर्तन चौक स्थित संतराम गुप्ता जी के प्रसिद्ध ठंडे दही बड़े द्वारा ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को प्रसाद स्वरूप दही बड़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान जी की पूजा और भोग अर्पण से हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ज्येष्ठ का आखिरी बड़ा मंगल होने के कारण लोगों में विशेष उत्साह दिखा। बड़ा मंगल के पावन अवसर पर संत राम गुप्ता जी व ईशु गुप्ता के सौजन्य से विशेष प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्री संत राम जी ने कहा कि हर वर्ष की तरह यह आयोजन हनुमान जी को समर्पित है। यह सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। प्रसाद चखने के लिए शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, प्रेस फोटोग्राफार, खिलाड़ी, व्यापारी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस जन व आम आदमी मौजूद रहे।

बाबा का हुआ शृंगार, चढ़ाया गया 91 किलो का लड्डूः ज्येष्ठ माह के पाचवें बड़े मंगलवार को लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में हनुमान जी का विशेष संकटमोचन स्वरूप का लंगोट श्रृंगार किया गया। इस अवसर में लेटे हुए हनुमान जी को रेडियो सिटी 91.1 के द्वारा 91 किलो का लड्डू का भोग लगाया गया। भंडारे में हनुमान जी को छप्पन मेल का मीठा, छोला चावल, कढ़ी चावल, राजमा चावल, पकौड़ा एवं तहरी का भोग लगाकर पूरे दिन वितरित किया गया। गर्मी को देखते हुए भक्तों के लिए प्रत्येक कोने में कूलर की व्यवस्था के साथ साथ ठंडे केवड़े का जल एवं शरबत का भी वितरण हुआ। मंदिर में अंतिम मंगल में भक्ति राग सेवा त्रिसामा आर्ट्स के तत्वाधान में प्रारंभ हुई जो की प्रत्येक रविवार भातखण्डे विश्विद्यालय के संगीत के छात्रों द्वारा हनुमान जी को समर्पित हनुमान चालीसा और हनुमानाष्टक पाठ का चल रहा है।

श्री श्याम मन्दिर में पच्चीस हजार भक्तों को बांटा इमरती-रबड़ीः बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम परिवार द्वारा पूरे ज्येष्ठ माह चलने वाला श्री श्याम कृपा भोग भंडारा के पांचवे मंगलवार को बारह घंटे भंडारा आयोजन किया।

श्री श्याम परिवार महामंत्री ने बताया कि सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन की शुरूआत बृजेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल कर दिया गया जिसमें पुड़ी, आलू, मटर पनीर, गलका, गुलाब जामुन एवं शिकंजी का वितरण किया फिर शाम आते ही सुधीर एवं सुधीश गर्ग द्वारा पच्चीस हजार इमरती, राबड़ी प्रसाद का वितरण रात 11बजे तक किया गया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि पूरे ज्येष्ठ माह चलने वाला श्री श्याम कृपा भोग भंडारा कल अंतिम दिन बड़े उत्साह के साथ सायं 5 बजे आयोजित करके समापन किया जाएगा।

12 तरह के शर्बत, छोले भटूरे, आइस्क्रीमः अमीनाबाद गड़बड़झाला बाजार में अध्यक्ष एवं आईवीएफ युवा प्रियंक गुप्ता ने बाजार के बाहर 12 तरह के शर्बत का वितरित के साथ ही पूड़ी, सब्जी, छोले भटूरे, शाम को आइस्क्रीम का विरतण किया गया। निरालानगर स्थित नायरा क्लीनिक के बाहर आयोजित भंडारे में अवध प्रांत प्रचारक कौशल भाई साहब, रोहित, सचिन गुप्ता, ने पुड़ी, सब्जी एवं बूंदी प्रसाद का विरतण किया।

भक्तों ने प्रसाद में बांटी पूड़ी-सब्जी, पिलायी शर्बत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

भू गार्मेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ

लखनऊ। अलीगंज स्थित जीएसआई कॉलोनी स्थित श्री भू गार्मेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड के साथ हनुमान चालीसा का पाठ बडी संख्या में किया। इसमें भारी संख्या में भक्तगणों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर पंडित रवि शास्त्री ने मानव कल्याण व सभी भक्तों को आशीष दिया। सुंदर कांड के पश्चात अपराह्न 1:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा में आए हुए सभी भक्तों ने प्रसाद चखा और मंगल जीवन की कामनाएं की। इस अवसर पर एमडी पंत, ललित मोहन, रोहिणी लोहनी, किरन, मंजूला, सोनी, हेमा बिष्ट समेत भारी संख्या में आये भक्तगणो ने अपनी सहभागिता निभायी।

उड़ान के भंडारे में महिलाओं ने प्रसाद वितरित किया

लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज दोपहर महालक्ष्मी मार्केट चांदन रोड इंदिरा नगर, लखनऊ में ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित बड़ा मंगल भंडारे में महिलाओं ने श्रद्धालु भक्तों में प्रसाद वितरित किया। प्रातःकाल हनुमत स्मरण के साथ सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस अवसर पर उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह और सचिव नरेंद्र यादव ने हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया। भंडारे में उड़ान समूह की सभी महिलाओं ने बजरंगबली का प्रसाद पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, मट्ठा, बूंदी, सेब और केले का वितरण श्रद्धालु भक्तों और जरुरतमंदों में किया।

कीर्तन से टूटता है माया का बंधन, विश्वास से मिलती है भक्ति की शक्ति

राघवेन्द्र सरकार की सेवा में कोई सेवानिवृत्ति नहीं : जगद्गुरु रामभद्राचार्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मंगलवार को संगीतमय श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस भी नवधा भक्ति की व्याख्या करते हुए कीर्तन और ईश्वर में अटूट विश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भक्ति का एक प्रमुख साधन कीर्तन है।

संस्कृत में माया को नर्तकी कहा गया है जिसे पलट देंतो कीर्तन हो जाएगा। जब व्यक्ति कीर्तन करता है तो माया का प्रभाव स्वतः समाप्त होने लगता है। उन्होंने कहा कि भक्ति का दूसरा महत्वपूर्ण आधार भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। जिस व्यक्ति के जीवन में विश्वास है, उसके लिए ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग सहज हो जाता है। सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उन्होंने कर्मयोग का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना कर्म निष्ठा और समर्पण के साथ करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्पष्ट कहा है कि कर्म पर मनुष्य का अधिकार है। यदि व्यक्ति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करता है तो अधिकार स्वयं उसके समीप आ जाता है। जीवन में सफलता का मार्ग कर्मनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से होकर गुजरता है। रामभद्राचार्य ने कहा कि सच्ची सेवा राघवेंद्र सरकार की सेवा है।

सरकारी सेवाओं में एक समय के बाद सेवानिवृत्ति हो जाती है, किंतु प्रभु की सेवा में कभी सेवानिवृत्ति नहीं होती। वहां पेंशन की भी चिंता नहीं रहती क्योंकि भगवान स्वयं अपने भक्तों के योगक्षेम का वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन का अधिकाधिक समय लोकमंगल और ईश्वर की सेवा में लगाना चाहिए। अपने उद्बोधन में रामभद्राचार्य ने रामजन्मभूमि आंदोलन का स्मरण करते हुए कहा कि निहत्थे रामभक्तों पर गोलियां चलाई गईं, कोठारी बंधुओं का इनकाउंटर हुआ और अनेक कारसेवकों ने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उस समय भी उन्हें ईश्वर की व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास था और वे मानते थे कि यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर 1992 की घटना को वे भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखते हैं जहां भारत के माथे पर लगे कलंक को सरयू में प्रवाहित कर दिया गया। जो ढांचा बुलडोजर से भी नहीं गिराया जा सकता था उसे ध्वस्त किया गया। मैं तो यह मानता हूं कि उसे दिन भगवान का अवतार हुआ था और उसे मैं कारसेवकावतार की संज्ञा देता हूं। कथा के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, नैमिषारण्य हनुमानगढ़ी के महंत पवन दास, विधायक डा. नीरज बोरा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अनेक विशिष्ट जनों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सर्वश्री अजीत श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, संजीव अग्रवाल, उत्सव के महामंत्री राकेश पाण्डेय, संयोजक सौरव बन्दोपाध्याय, कनुप्रिया जाजू, बिन्दू बोरा, वत्सल बोरा, सुनील अग्रवाल, डा. अजय गुप्ता सहित यजमानों ने विशेष आरती में सहभागिता की। मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि बुधवार को श्रीराम कथा सायं पांच बजे से आरंभ होगी।

बड़े मंगल के भंडारे में बच्चे ने बांटा प्रसाद

लखनऊ। लखनऊ के राजेंद्र नगर स्थित भक्ति धाम मंदिर में बड़े मंगल के पावन अवसर पर कॉलोनी महिला समूह द्वारा आठवें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

महिला समूह द्वारा यह सेवा कार्य वर्ष 2018 से निरंतर किया जा रहा है। कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी भंडारे का आयोजन जारी रहा और सेवा की यह परंपरा बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ती रही। भंडारे में बूंदी, सब्जी-पूरी एवं छोला-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रियंका सिंघल, आकांक्षा सिंघल, रीना सिंघल, घनश्याम सिंघल, अमरदीप, मनीष, न्याशा गोयल, कृदाय गोयल, सौरव एवं अमरीश सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे तथा सेवा कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन/दुकान संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्रीमती पुष्पा देवी व श्री टिका प्रसाद	भूखण्ड संख्या-एस-711	उदयन-2 शारदा नगर योजना रायबरेली रोड, लखनऊ	श्री टिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक-11.07.2018	श्रीमती पुष्पा देवी	1. श्री विनीत चौधरी (पुत्र) 2. श्री नितिन चौधरी (पुत्र) 3. श्रीमती कोमल कनौजिया (पुत्री)	पत्नी
2.	स्व० डी०पी० सिंह	भू० सं०-ए-1/21	सेक्टर-बी, अलीगंज	06.02.2024	श्रीमती विद्यावती सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं श्रीमती रमा सिंह वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार	श्री महेन्द्र सिंह, श्री राहुल सिंह, श्री अभिजीत सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह एवं सुश्री मांडवी सिंह	वारिसान
3.	श्री अमर चन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती राधा रानी गुप्ता	भ० सं०-सी-47/3	पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज	10.01.2021	1. श्री अमर चन्द्र गुप्ता	1. श्री संजय गुप्ता, 2. श्री प्रवीन गुप्ता, 3. श्री सचिन गुप्ता	पति/पुत्रगण
4.	स्व० हेमलता जोशी (मृतक)	भूखण्ड संख्या-डी-67	कुतुबपुर इरादतनगर	08.12.2022	श्री मनोज जोशी एवं श्री दीपक जोशी पुत्रगण स्व. हेमलता जोशी व श्रीमती सुनीता जोशी-पत्नी, श्री नीलाभ जोशी-पुत्र एवं श्री कुशाग्र जोशी-पुत्र स्व० हिमांशु जोशी	-	पुत्र/पुत्री/पत्नी
5.	स्व. डा. महिपतराम झा (मृतक)	भूखण्ड संख्या-बी-164	कुतुबपुर इरादतनगर	03.06.2019	श्री संजीव झा-पुत्र, श्रीमती संगीता त्रिवेदी-विवाहित पुत्री, श्रीमती वसुधा झा-विवाहित पुत्री, श्रीमती डा०रागनी टंडन-विवाहित पुत्री एवं श्रीमती मंजरी सोढ़ी-विवाहित पुत्री पुत्र/पुत्री स्व०डा०महिपतराम झा	-	पुत्र/पुत्री

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

मैजिक व बाइक की भिड़ंत मे दो युवकों की मौत

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के हलिया देवरी मार्ग पर मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत से बाइक चालक सहित सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी बाइक चालक मोनू कोल (25)बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी सुनील(27) के साथ बाइक पर पीछे बैठा कर बड़ौहा रिश्तेदार के यहां जा रहे थे।जैसे ही हलिया देवरी मार्ग के मुड़पेली गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे की सामने से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया । हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई। दोनों लोग हेल्मेट नहीं लगाए थे। मृतक मोनू की पत्नी सुनीता का रो-रो कर बेहाल है।मोनू के पास एक बेटी है। मृतक सुनील की पत्नी का ऋषु है दो बेटे हैं एक लडक दश दिन पुर्व पैदा हुआ है। मौके पर सीओ अमर बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के 26 स्थानों पर बनेंगे स्मृति द्वार

जौनपुर। जिले में बदलापुर के भाजपा विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 26 स्थानों पर विधायक निधि से स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों एवं महापुरुषों के नाम पर स्मृति द्वारों का निर्माण कराया जाएगा। श्री मिश्र ने मंगलवार को बताया कि प्रत्येक स्मृति द्वार के निर्माण पर लगभग आठ से दस लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन द्वारों का निर्माण क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों पर कराया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ आने-जाने वाले लोग भी इन महापुरुषों के योगदान से परिचित हो सकें।

सोन नदी में डूबे दो चचेरे भाई

सोनभद्र । सोनभद्र जिले के कोन थाना क्षेत्र में सोन नदी में नहाने गए दो किशोरों के डूब जाने से क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। दोनों किशोर आपस में चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस, राजस्व विभाग और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर खोज एवं राहत अभियान में जुट गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोन थाना क्षेत्र के हर्रा गांव निवासी 14 वर्षीय पवन कुमार और 13 वर्षीय कृष्णा निषाद सोन नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों किशोर नदी के गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई।

सरकार का हरित आवरण बढ़ाने पर जोर

सोनभद्र। गर्मी के मौसम में लागातार बढ़ते तापमान को लेकर चिंतित प्रदेश की योगी सरकार ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत जिले में इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत एक करोड़ 61 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया। सभी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित करने के साथ ही रोपे गए पौधे की रक्षा के लिए भी संपकल्पित किया गया है। वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से हो जाएगी। इस दिन अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के साथ ही 2100 पौधों का रोपण भी किया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में कुल 1,61,69,686 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 10,21,8000 लाख पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। शेष 5,951,686 लाख पौधरोपण 22 अन्य विभागों द्वारा कराया जाएगा।

जनपद में चलेगा जन-कल्याण व जन-जागरूकता अभियान

सोनभद्र। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 से 21 जून,2026 तक आयोजित होने वाले जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस दौरान अमृत सरोवरों, तालाबों, नहरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा तथा 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद एवं संबोधन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 से 16 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, जहां पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास उपलब्धियों एवं सुशासन के विभिन्न आयामों को जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित वृहद योग कार्यक्रम के साथ होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आईजीआरएस पर शिकायतों का समय से निस्तारण करने का निर्देश

सोनभद्र। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित एवं निस्तारित शिकायतों की प्रगति का विस्तृत समीक्षा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतें शासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं, इसलिए इनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि शिकायतों का पुनः संदर्भीकरण न हो और आमजन को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने का आह्वान किया।

हादसे में आजमगढ़ के एक युवक की मौत, चार भर्ती

आजमगढ़। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आजमगढ़ के एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक आगरा से घूमकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रानी की सराय थाना क्षेत्र के सोनवारा गांव निवासी पांच युवक तीन दिन पहले घूमने के लिए आगरा गए थे। मंगलवार सुबह करीब छह बजे वे हुंडई वेन्यू कार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते आजमगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान सुल्तानपुर जिले में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन संख्या 112 के पास उनकी कार आगे चल रहे एक खाली ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस से कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सभी को लखनऊ के केजीएमसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मोहम्मद सैफ (20) पुत्र मोहम्मद अफजल की मौत हो गई। वहीं घायल अहमद (21) पुत्र कलीम, अलमाश (19) पुत्र शाह आलम, मोहम्मद शमी (21) पुत्र मोहम्मद आजम तथा आरिज (21) का केजीएमसी में उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर मिलते ही सोनवारा गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन तत्काल लखनऊ के लिए रवाना हो गए। गांव में मातम पसरा हुआ है और मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा हुआ है।

समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

आजमगढ़। श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट, श्री अग्रवाल धर्मशाला एवं भंडार तथा श्री अग्रसेन पुस्तकालय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में सोमवार को पुरानी कोतवाली स्थित श्री अग्रवाल धर्मशाला में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष अग्रवाल उपस्थित रहे। उनका स्वागत विनोद अग्रवाल द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री काशी अग्रवाल समाज वाराणसी की प्रधानमंत्री डॉ. सुश्री रचना अग्रवाल का स्वागत मंजू अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टी.एन. अग्रवाल का स्वागत रमेश अग्रवाल ने किया। वहीं श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल का स्वागत अजय अग्रवाल, श्री अग्रवाल धर्मशाला के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल का स्वागत मुकुंद अग्रवाल तथा श्री अग्रसेन पुस्तकालय के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का स्वागत अनूप अग्रवाल द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल ने हाल ही में निर्वाचित हुए श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट, श्री अग्रवाल धर्मशाला एवं श्री अग्रसेन पुस्तकालय के सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

दूल्हा हत्याकांड में दो की जमानत याचिका खारिज

जौनपुर। शादी के जश्न के बीचो-बीच दूल्हे की सरेआम हत्या कर सनसनी फैलाने के आरोपियों को अदालत से बड़ा झटका लगा है। ज्ञात हो कि खेतासराय थाना क्षेत्र के बेहद सनसनीखेज और रूह कंपा देने वाले दूल्हा हत्याकांड में जिला जज सुशील कुमार शशि ने जुर्म की खौफनाक गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी शोले राजभर (निवासी शैफपुर, सरायख्वाजा) और विकास यादव (निवासी मोजीपुर, खुटहन) की जमानत याचिका को सिरे से खारिज (निरस्त) कर दिया है।यह महज एक अपराध नहीं, बल्कि एक हंसते-खेलते परिवार को ताउम्र का दर्द देने वाली खूनी साजिश थी। अभियोजन पक्ष की ओर से दमदार पैरवी करते हुए डीजीसी फौजदारी लाल बहादुर पाल ने कोर्ट के सामने इस रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात की परत दर परत खोली।मृतक आजाद बिंद की शादी सोनी बिंद से तय हुई थी। दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे और अपनी नई जिंदगी के सपने बुन रहे थे। लेकिन सोनी के रिश्तेदार प्रदीप बिंद को यह मोहब्बत और शादी मंजूर नहीं थी। प्रदीप ने आजाद को फोन पर सीधे मौत की धमकी दी थी कि ह्व अगर शादी करने आए, तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना ह्व बीती 1 मई को जब आजाद दूल्हा बनकर, माथे पर सेहरा सजाए कार से अपनी बारात लेकर बीबीपुर जमदहा जा रहा था, तभी रास्ते में मौत घात लगाए बैठी थी। मनेछा बादशाही मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक सवार बदमाशों ने दूल्हे की कार को घेरा और अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। जिस आजाद को घोड़ी चढ़कर दुल्हन के द्वार जाना था, उसकी लाश खून से लथपथ कार में पड़ी रह गई। शादी की शहनाइयां पल भर में चीख-पुकार और मातम में बदल गईं।

दो वाहनों की टक्कर में ड्राइवर केबिन में फंसा

जौनपुर। नगर के सीहीपुर में मंगलवार को तड़के लखनऊ-बनारस हाईवे थाना-लाइनबाजार थाना अन्तर्गत सीएनजी लोडेड कंटेनर और पेन्ट लोडेड ट्रक के टकराने से पेंट लदे ट्रक का ड्राइवर केबिन में फंसने तथा सीएनजी कंटेनर में रिसाव की सूचना पर तत्काल फायर स्टेशन चौकिया से मय यूनिट के सहित अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सतहरिया के नेतृत्व में केबिन में फंसे व्यक्ति को निकालने का प्रयास शुरू किया । अथक प्रयास द्वारा व्यक्ति को जीवित केबिन से बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजवाया गया तथा यूनिट से सम्पर्क कर रिसाव को पूर्ण रूप से बन्द कराया गया घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।मौके पर एफएसएसओ अनिल कुमार मय यूनिट एलएफएम धर्मेश राय चालक कुलदीप पाण्डेय वाहन व फायरमैन धर्मेंद्र कुमार, रविकांत,रविन्द्र कुमार व फायरमैन चालक सनोज कुमार व स्थानीय पुलिस मौजूद थी ।

मौसम से संबंधित किसी अन्य घटना की जानकारी साझा करने की अपील

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में आंधी-तूफान, तेज हवाओं, पेड़ गिरने, जलभराव, विद्युत आपूर्ति बाधित होने अथवा मौसम से संबंधित किसी अन्य घटना की जानकारी उपलब्ध हो तो उसका फोटो अथवा वीडियो प्रशासन के साथ अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे तथा जनहित में आवश्यक जानकारी एवं चेतावनी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान नागरिक सतर्कता बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने जनसहभागिता को आपदा प्रबंधन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि नागरिकों द्वारा साझा की गई जानकारी से राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। प्रशासन जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

डॉ.आरके मिश्रा ने संभाला कार्यभार

सोनभद्र। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी पीके राय के स्थानांतरण होने के उपरान्त स्वास्थ्य विभाग में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.मिश्रा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ और मरीजों के लिए सुविधाजनक बनाने को प्राथमिकता देने की बात कही। इससे पहले वह लखनऊ में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद डॉ.आर.के. मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और मरीजों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

सपा ने लगाया पीडीए आरक्षण घोटाले का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर पीडीए आरक्षण घोटाले का आरोप लगाया है। सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने दावा किया कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग के युवाओं के लिए आरक्षित 11,514 से अधिक पदों में कथित अनियमितताएं हुई हैं।

पार्टी ने इस मुद्दे समेत कई जनसमस्याओं को लेकर 5 जून को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर पीडीए आरक्षण घोटाला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मामला पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा है और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।कहा कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में चक्र। वर्ग के लिए आरक्षित 11,514 से अधिक पदों की कथित रूप से अनदेखी या लूट हुई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस संबंध में प्रमाण सहित एक बुकलेट सार्वजनिक कर रही है, जिसमें विभिन्न भर्तियों का विवरण शामिल है।सपा जिलाध्यक्ष के अनुसार 69 हजार शिक्षक भर्ती, लेखपाल भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती, वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती, प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती, पशु चिकित्सक भर्ती, चिकित्सा अधिकारी भर्ती समेत कई चयन प्रक्रियाओं में आरक्षित पदों पर कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण से जुड़े अधिकारों का हनन युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है और इससे चक्र। समाज के छात्रों एवं अभ्यर्थियों में निराशा बढ़ी है।सपा नेताओं के अनुसार प्रस्तावित प्रदर्शन में कथित आरक्षण घोटाले के अलावा पेपर लीक, महंगाई, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतें, बिजली कटौती, कानून-व्यवस्था और कथित फर्जी एनकाउंटर जैसे मुद्दों को भी उठाया जाएगा।पार्टी का कहना है कि इन जनसरोकार के मुद्दों को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा और जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई जाएगी। पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, विधायक लकी यादव, विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, आदि मौजूद रहे।

अज्ञात बच्ची का शव मिलने से मची सनसनी

मीरजापुर। कुनबिया मोड़ के पास मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे एक 10 वर्षीय अज्ञात बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

शव सड़क से लगभग 10 फीट दूर झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर के साथ भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया। इसके बाद देवरी जंगल क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मृत बच्ची की उम्र लगभग 10 वर्ष प्रतीत हो रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में बच्ची की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मड़िहान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बच्ची के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना मड़िहान के मोबाइल नंबर 9454404014 पर संपर्क करें, जिससे बच्ची की पहचान सुनिश्चित की जा सके। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। बच्ची की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी

आजमगढ़। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की एक उच्च स्तरीय समिति इन दिनों आजमगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर है। 1 जून से 3 जून तक चल रहे इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले में स्थापित नए एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार का अंतिम साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट यानी तकनीकी निरीक्षण पूरा करना है।

निरीक्षण टीम में मौसम केंद्र लखनऊ के निदेशक वाराणसी एयरपोर्ट मौसम कार्यालय के प्रभारी तथा आईएमडी के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह अत्याधुनिक रडार पूर्वांचल क्षेत्र में मौसम की निगरानी और पूर्वानुमान प्रणाली को नई मजबूती प्रदान करेगा। मनीष राय ने बताया कि रडार के संचालन शुरू होने के बाद यह वास्तविक समय में वायुमंडलीय गतिविधियों पर नजर रखेगा। इससे भारी बारिश, ओलावृष्टि, तेज आंधी और अन्य गंभीर मौसमीय घटनाओं की सटीक एवं समयपूर्व चेतावनी जारी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली स्थानीय प्रशासन, किसानों और आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, क्योंकि समय रहते मौसम संबंधी जानकारी मिलने से संभावित नुकसान को कम किया जा सकेगा। लखनऊ मौसम केंद्र के निदेशक डॉ. मनीष रनालकर ने कहा कि आजमगढ़ में स्थापित यह रडार पूर्वांचल के मौसम निगरानी नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भविष्य में पूरे पूर्वांचल क्षेत्र को बेहतर कवरेज देने के लिए देवरिया और प्रयागराज में भी इसी प्रकार के आधुनिक मौसम रडार स्थापित किए जाएंगे। डॉ. रनालकर ने परियोजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नए रडार नेटवर्क की मदद से आईएमडी अब और अधिक सटीक मौसम पूवार्नुमान तथा त्वरित चेतावनियां जारी करने में सक्षम होगा।

साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट के दौरान जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) गंभीर सिंह, उप जिलाधिकारी सगड़ी श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी तथा आपदा विशेषज्ञ डॉ. चंदन कुमार भी मौजूद रहे। नए एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार के चालू होने के बाद आजमगढ़ सहित पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में मौसम संबंधी चेतावनियों और पूवार्नुमानों की सटीकता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

20 परीक्षा केन्द्रों पर होगी टीजीटी की परीक्षा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को जनपद में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा कार्य में तैनात सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों, उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 तथा आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 20 परीक्षा केन्द्रों पर 03 एवं 04 जून को दो पालियों में आयोजित होने वाली टीजीटी परीक्षा के लिए सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। सभी मजिस्ट्रेट परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटा पूर्व अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखेंगे। निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा अवांछित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) परमानंद झा, वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा परीक्षा व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नमो घाट की घटना में संलिप्त दोषियों को हो फांसी की सजा

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निदेर्शानुसार मगलवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल राजेश जायसवाल उर्फ चिन्टू (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र बद्रीनारायण जायसवाल निवासी ग्राम बैउआ, थाना रायपुर को नमो घाट वाराणसी स्थित विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल पर निजी सुरक्षा कर्मियों की बेरहमी से पिटाई का शिकार हुआ, जिससे उनकी दर्दनाक मृत्यू हो गई। जिस स्थान पर देश-विदेश से लोग घूमने आते हैं, उसी स्थान पर एक सब्जी व्यापारी का निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना पूरे व्यापारी समाज एवं मानवता को झकझोर देने वाली है। उनके साथ मौजूद निम्न युवकों के साथ भी गंभीर मारपीट की गई एवं उन्हें गंभीर चोटें आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निजी सुरक्षा कर्मियों ने बिना किसी वैधानिक अधिकार के कानून हाथ में लेकर गाली-गलौज, मारजीट एवं जान से मारने की धमकी दी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल निम्नलिखित मांग की है-नमो घाट परिसर के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर सार्वजनिक निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जाए। 02. सभी दोषी निजी सुरक्षा कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। संबंधिक निजि सुरक्षा कंपनी एवं उसके प्रबंधन की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कर उन्हें भी सह-अभ्युक्ति बनाया जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपया आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी एवं घायल युवकों के परिवार वालों को 10-10 लाख रूपया आर्थिक सहायता दिया जाय।, दोषियों के विरूद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए। यदि उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो समाजवादी पाटी सड़क से लेकर दोनों सदन विधानसभा एवं लोकसभा में उठाने का काम करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल ने कहां कि भाजपा के उत्तर प्रदेश के प्रभारी मंत्री जो आर्थिक सहयोग में 5 लाख रूपया दिया वह तो पहले से ही समाजवादी पार्टी की सरकार में देने का प्रविधान था। वह आर्थिक सहयोग यदि प्रभारी मंत्री नहीं देते तब पर भी मिलता। यदि प्रभारी मंत्री अलग से आर्थिक सहयोग देते तो माना जाता कि भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों के दुःख दर्द को समझती है। लेकिन भाजपा सरकार पूंजी पतियों की सरकार उसे किसी से कोई लेना-देना नहीं हैं। वह केवल दिखावा करती है। भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। इस सरकार चारों तरफ आराजकता व्याप्त है। यह सरकार धर्म के नाम पर हर समाज को बांटने का काम कर रही

संक्षेप

नाबालिग को बहला कर ले जाने वाला गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त राजवीर सिंह पुत्र श्री किशन निवासी नन्दगवां थाना खेडाराठौर जिला आगरा को मुखबिरकी सूचना पर बरी चौराहा फतेहाबाद रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

दो वांछित गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित दो एसआर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।मंगलवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण सचिन पुत्र जयप्रकाश निवासी नगला गुमान थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद व बौबी उर्फ शिवकुमार पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम नगला गुमान थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है।

महंत की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, सेवक से वसूले एक लाख, केस दर्ज

आगरा। राजस्थान के एक प्रसिद्ध मंदिर के महंत की अश्लील फोटो का हवाला देकर सेवक को ब्लैकमेल किया गया। बंदूक दिखाकर सेवक से एक लाख रुपये वसूल लिए गए। इसके बाद 4 लाख रुपये और देने की मांग की गई। पीड़ित ने थाना रकाबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जयपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह राजस्थान के एक जिले के प्रसिद्ध मंदिर के महंत के सेवक हैं। धौलपुर के कसौटी खेड़ा निवासी जितेंद्र ने उन्हें कॉल की थी। महंत के कुछ निजी जानकारी होने का हवाला दिया। महंत से नहीं मिलवाने पर उक्त जानकारी को सोशल मीडिया और न्यूज चैनल पर प्रसारित करने की धमकी दी। 26 मई को आरोपी ने बात करने लिए ताजगंज स्थित एक सितारा होटल में बुलाया। यहां पर पांच लाख रुपयों की मांग की गई। इसके बाद आगरा किले के पास शाहजहां गार्डन की ओर बुलाया। वहां जितेंद्र के साथ तीन अन्य लोग भी थे। उसमें से एक खुद को विवेक शर्मा पुत्र केएस शर्मा निवासी गणेश बाग, थाना न्यू आगरा बताया। आरोपियों ने उन पर बंदूक तान दी, तो डर में एक लाख रुपये दे दिए। थाना प्रभारी रकाबगंज ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वृद्ध की स्कूटी को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

आगरा। तीर्थ धाम बटेश्वर में सोमवार शाम को एक सड़क हादसे में एक राजमिस्त्री की जान चली गई। जलभराव के कारण रास्ता अवरुद्ध होने और पीछे से आए एक वाहन की टक्कर लगने से यह हादसा हुआ। जग्य बटेश्वर निवासी 60 वर्षीय किशन मुरारी पेशे से राजमिस्त्री थे। सोमवार शाम करीब 8 बजे वह स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पातालेश्वर मंदिर के पास सड़क पर पानी भरा होने से रास्ता अवरुद्ध था। कृष्ण मुरारी पानी के पास स्कूटी रोककर निकलने का प्रयास कर ही रहे थे कि तभी पीछे से आ रहे एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी इससक वह स्कूटी सहित सड़क पर भरे पानी में जा गिरे और बेहोश हो गए। सूचना पर बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे परिजन ने तुरंत बाह सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

संस्कृति विवि के छात्रों को क्रॉफ्ट एज एंड ट्रंकी कंपनी ने दी नौकरी

मथुरा। संस्कृति विवि के मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी माई क्राफ्ट ऐज एंड ट्रंकी कंपनी ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है। मंगलवार कैंपस प्लेसमेंट के दौरान छात्रों के इस चयन पर विवि प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों को बधाई दी है। संस्कृति विवि के प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग विभाग के डाइरेक्टर सुबनोय ताल्लुकदार ने बताया कि कंपनी द्वारा त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के उपरांत संस्कृति विवि के मैनेजमेंट व इंजीनियरिंग के 15 विद्यार्थियों हर्ष सैंगर, अर्पित कुमार, अंकुल यादव, दिवाकर शर्मा, गौरव कुमार, यश श्रीवास्तव, शिवानी गौतम, सुहैल खान, अनुभव वर्मा, अवंत पांडे, चिराग शर्मा, अलायना यादव, अभिषेक श्रोत्रिय, पुनीत शर्मा, मोहित नंदन को अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी दी है।

कैंपस प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय आई 'क्राफ्ट ऐज एंड ट्रंकी' कंपनी से आए एचआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी रियल एस्टेट, निर्माण या इंटीरियर डिजाइनिंग से जुड़ी एक समाधान प्रदाता कंपनी है, जो ह्यटर्नकीह्य आधार पर काम करती है। टर्नकी प्रोजेक्ट्स का अर्थः इस व्यवस्था के तहत कंपनी प्रोजेक्ट की शुरूआत (डिजाइन) से लेकर अंत (चाबी सौंपने) तक की पूरी जिम्मेदारी खुद उठाती है। इसमें क्लाइंट को निर्माण या सजावट के दौरान होने वाली भागदौड़ से मुक्ति मिल जाती है। कंपनी का मुख्य कार्य इंटीरियर और बाहरी डिजाइनिंग, घर, ऑफिस या व्यावसायिक जगहों के लिए स्पेस प्लानिंग और आकर्षक डिजाइन तैयार करना है। कंपनी सिविल और निर्माण कार्य के तहत संरचनात्मक निर्माण, नवीनीकरण और इंजीनियरिंग से जुड़े काम। पूर्ण फिट-आउट के तहत फॉल्स सीलिंग, फ़्लोरिंग, कस्टम फर्नीचर, और अन्य फिनिशिंग का काम, मटीरियल की खरीद से लेकर मजदूरों के प्रबंधन और गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी निगरानी करती है। संस्कृति विवि की सीईओ मीनाक्षी शर्मा, कुलपति डा. एमबी चेट्टी ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

'इंजीनियर बाबा' गिरफ्तारः बीटेक-एमटेक युवतियों का ब्रेनवाश कर करता था शोषण

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। मंडली में भजन-कीर्तन करने और बी-टेक, एम-टेक वालीं युवतियों व महिलाओं को अच्छे पैकेज का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले मैकेनिकल इंजीनियर साधु वेशधारी को गोवर्धन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह ऑनलाइन माध्यम से महिलाओं और युवतियों को ज्ञान का पाठ पढ़ाता था और अपने आश्रम में बुलाता था। पुलिस ने उसके पास से तीन महिलाओं को भी मुक्त कराया है। इस आशय की जानकारी मंगलवार एसपी देहात ने मीडिया के साथ साझा की है।

थाना गोवर्धन पुलिस ने युवतियों और महिलाओं का ब्रेनवाश कर उनका शोषण करने वाले साधु वेषधारी आरोपी बाबा अभिषेक मिश्रा उर्फ आदि कर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से भुवनेश्वर (उड़ीसा) का रहने वाला 30 वर्षीय मैकेनिकल इंजीनियर अभिषेक मिश्रा पिछले 3 साल से गोवर्धन में रह रहा था। वह ऑनलाइन माध्यम से भजन-कीर्तन मंडली बनाकर बीटेक और एमटेक पास युवतियों को अच्छे पैकेज का झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था। आरोपी उनका ब्रेनवाश कर जबरन विवाह रचाता था और उनका शोषण करता था। उसके मोबाइल से 25 से 30 अश्लील फोटो भी पाए गए हैं, उसने दर्जन भर से अधिक युवतियों को अपने जाल में फंसा रखा था। पकड़ा गया आरोपी कोई अनपढ़ अपराधी नहीं, बल्कि एक मैकेनिकल इंजीनियर है जिसने साधु का चोला ओढ़ रखा था। वह अपने ऑनलाइन ग्रुप के जरिए पढ़ी-लिखी महिलाओं और युवतियों को निशाना बनाता था। उन्हें अच्छे पैकेज और भजनों के जाल में फंसाकर गोवर्धन बुलाता था। वहां उनका इस कदर ब्रेनवाश किया जाता था कि वे सब कुछ भूलकर उसके समूह में शामिल हो जाती थीं, इसके बाद आरोपी उनके साथ 'गंधर्व विवाह' के नाम पर संबंध बनाता था। मंगलवार एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया इस पूरे घिनौने खेल का पदार्फाश तब हुआ जब उड़ीसा की एक पीड़ित युवती ने हिम्मत जुटाकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में लिखित तहरीर दी। सीओ गोवर्धन अनिल कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई और आरोपी अभिषेक मिश्रा को दबोच लिया गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान बाबा के चंगुल से दो युवतियों और एक युवक को सकुशल बरामद करके उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में गोवर्धन थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, निरीक्षक शिवकुमार दोहरे, उनि रजत दुबे थाना, मउनि विनय वौद्ध, है0का0 1239 आनन्द कुमार, है0का0 1103 सुशील कुमार, रि0म0आ0 रितू शामिल है।

जौनपुर समोसा अड्डा की दूसरी ब्रांच का सिरसागंज में शुभारंभ

फिरोजाबाद। सिरसागंज क्षेत्र का प्रसिद्ध प्रतिष्ठान जौनपुर समोसा अड्डा के दूसरे प्रतिष्ठान बनारसी चटकारे का शुभारंभ नगर के मेन चौराहा विजय चौक हनुमान मंदिर के सामने किया गया जिसके मुख्य अतिथि रामदयाल द्विवेदी जौनपुर मान्यता प्राप्त पत्रकार लखनऊ, विशिष्ट अतिथि धर्मवीर सिंह राही मैनपुरी इंजीनियर राजेश्वर सिंह यादव बीएसएनएल अधिकारी विपिन चौधरी बेटू भैया ने संयुक्त रूप से बनारसी चटकारे प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ किया। पूरा प्रतिष्ठान के मलिक लोकेश यादव एवं जितेंद्र बघेल जीतू ने उद्घाटन समारोह में आए सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माला व पगड़ी पहनकर जोरदार स्वागत किया, और कहा कि प्रतिष्ठान पर अच्छी क्वालिटी तथा विशेष छूट पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार विजेंद्र सिंह बघेल बगुली नगला नरू भुवनेश बघेल बड़े हलवाई दीपा जैन सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

आगरा ग्रुप कमांडर का दौरा, थल सैनिक कैंप के लिए चयनित कैडेटों का बढ़ाया उत्साह

शिकोहाबाद। बालाजी मंदिर स्थित एफ एस विश्वविद्याल में निर्मित अत्याधुनिक ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग ओटी परिसर का निरीक्षण करने हेतु आगरा ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सुरेंद्र पाल सिंह यादव, युद्ध सेवा मेडल वाईएसएम ने 5 यूपी बटालियन एनसीसी शिकोहाबाद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सज्जन सिंह एवं ऐड्मिन ऑफिसर कर्नल ठाकुर के साथ विश्वविद्यालय का दौरा किया।

इस अवसर पर आगरा ग्रुप के विभिन्न एनसीसी कैडेट, जो थल सैनिक कैंप हेतु चयनित हुऐ हैं, ब्रिगेडियर सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने कैडेटों को ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग के महत्व, उसकी तकनीकों तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवश्यक अनुशासन एवं तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों को बताया कि कठिन परिस्थितियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने कैडेटों को राष्ट्रसेवा, नेतृत्व विकास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ सशस्त्र सेनाओं में उज्ज्वल भविष्य के लिए भी तैयार करती है। इस अवसर पर एफ एस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ. राहुल यादव, ट्रस्टी डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव तथा लेफ्टिनेंट देवेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय लेफ्टिनेंट देवेश यादव के नेतृत्व में किया गया।

नवागत बीएसए ने संभाला पदभार, बैठक कर की विभागीय कार्यों की समीक्षा

फिरोजाबाद। मंगलवार को नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों जिला समन्वयकों डीसी एवं पटल सहायकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया गया। नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशानुरूप कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उन्होंने जनपद में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक कार्य वातावरण स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

बेटी को परेशान करने पर भड़का विवाद, दो पक्षों में संघर्ष, लाठी-डंडों से सड़क बनी रणभूमि

आगरा। आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के नीचे स्थित आगरा-अलीगढ़ रोड सोमवार को उस समय रणभूमि में तब्दील हो गई, जब दो पक्षों के बीच पुराना विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। सड़क पर खुलेआम लाठी-डंडे चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई।घटना थाना खंदौली क्षेत्र की है, जहां एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाला डेनी पुत्र लाल सिंह उसकी बेटी को कई दिनों से परेशान कर रहा था और लगातार उसका पीछा करता था। परिवार को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया। बताया जा रहा है कि विरोध के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और हमला कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से जमकर हाथापाई और मारपीट हुई। सड़क पर हो रहे इस बवाल को देखकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर जुट गए। कई लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन गुस्से में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे। इस दौरान यातायात भी प्रभावित हुआ और कुछ समय के लिए इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मौके पर मौजूद लोगों ने पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला चर्चा का विषय बन गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी खंदौली कुलदीप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो और प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। दोनों पक्षों से दो-दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती जांच में छेड़छाड़ की बात स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

अभी तक नहीं मिला सम्मान मुख्यमंत्री दें शहीद सेवा मेडल : अर्चना द्विवेदी

मथुरा। जवाहर बाग हिंसा की 10वीं बरसी पर तत्कालीन एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी ने मंगलवार गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के एक दशक बाद भी उनके पति को आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि समाज और कानून व्यवस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अधिकारी को अब तक वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे वास्तविक हकदार हैं अर्चना द्विवेदी ने कहा कि उनके पति ने कर्तव्य निभाते हुए उपद्रवियों का डटकर सामना किया और वीरगति प्राप्त की हर वर्ष उनकी बरसी पर नेता और प्रशासनिक अधिकारी श्रद्धांजलि देने आते हैं तथा परिवार को सम्मान दिलाने का आश्वासन भी देते हैं लेकिन आज तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

गौरतलब है कि 2 जून 2016 को मथुरा के जवाहर बाग में रामवृक्ष यादव के नेतृत्व वाले स्वाधीन भारत सुभाष सेना समूह ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद जब पुलिस व प्रशासन अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो उपद्रवियों ने इस हिंसक घटना में तत्कालीन एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी और फरह थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव की मौत हो गई थी। पूरे घटनाक्रम में दो पुलिस अधिकारियों समेत कुल 29 लोगों की जान गई थी मृतकों में 27 सत्याग्रही भी शामिल थे कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। जवाहर बाग कांड की दसवीं बरसी पर अर्चना द्विवेदी के बयान के बाद एक बार फिर इस मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है। सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अधिकारियों को अब तक आधिकारिक शहीद का दर्जा क्यों नहीं मिला स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों का कहना है कि जिन पुलिस अधिकारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना कानून व्यवस्था बहाल करने का प्रयास किया उनके बलिदान का सम्मान केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहना चाहिए उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर दिवंगत अधिकारियों को उचित सम्मान प्रदान किया जाए अर्चना द्विवेदी का कहना है कि उनके परिवार को आज भी उस सम्मानजनक निर्णय का इंतजार है जिसकी उम्मीद उन्हें वर्षों से दिलाई जाती रही है उन्होंने सरकार से संवेदनशीलता दिखाते हुए इस मुद्दे का समाधान निकालने की अपील की है।

प्रधानी के चुनाव से पहले रक्तपात, दहला आगरा

आगरा। प्रधानी के चुनाव से पहले ही रंजिश के मामले सामने आने लगे हैं। आगरा-इटावा स्टेट हाईवे पर जैतपुर के प्यारम्पुरा गांव में सोमवार रात कोर्ट में गवाही देकर कार से गांव लौट रहे दो सगे भाइयों अवनीश और उपेंद्र यादव पर रास्ते में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। कार और बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर पूर्व प्रधान अवनीश की हत्या कर दी, जबकि भाई उपेंद्र भी गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी पर परिजन और डीसीपी पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल पहुंच गए। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। घटना से गांव शाहपुर गुर्जर में तनाव है। गांव शाहपुर गुर्जर निवासी अवनीश यादव (50) और इंद्रराज यादव के बीच प्रधानी के चुनाव की रंजिश चली आ रही है। दोनों के परिवार से ही प्रधानी के चुनाव में कभी कोई तो कभी कोई जीत दर्ज करता है। अवनीश वर्ष 2016 में चुनाव जीते थे। वर्तमान में इंद्राज प्रधान हैं। उपेंद्र उर्फ मालिक यादव और उनके भाई अवनीश यादव खेतीबाड़ी करते थे। उनका एक मकान जैतपुर में भी है। रंजिश की वजह से परिवार गांव में नहीं रहता है। उनके भतीजे टिंकू ने बताया कि गांव के लोगों से विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में सोमवार को चाचा उपेंद्र और अवनीश गवाही देने कोर्ट गए थे। शाम को गांव में आने के बाद दोनों ने बुलडोजर से खेत पर काम कराया। रात 8 बजे अपनी कार से जैतपुर लौट रहे थे। जैसे ही गढ़ी प्रताप पुरा से स्टेट हाईवे पर आए दो बाइक और एक कार में सवार लोग पीछा करने लगे। खतरा भांपते हुए भाइयों ने कार की स्पीड बढ़ा दी। मगर हमलावर पीछे आ गए। कार को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दोनों भाइयों को संभलने का मौका तक नहीं

- **रंजिश में पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या, भाई घायल, पीछा कर कार पर बरसायीं गोलियां**

मिला। प्यारम्पुरा गांव के पास कार का टायर फट गया। कार के रुकते हुए हमलावरों ने आगे आकर दोनों भाइयों पर कई गोलियां बरसाईं। दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। हमलावरों ने करीब 25 राउंड गोलियां चलाईं। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जैतपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें एसएन मेडिकल कालेज इमरजेंसी भेज दिया। अवनीश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देर रात डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल और एसीपी बाह हरेकृष्ण शर्मा पहुंचे। उपेंद्र के हाथ में गोली लगी हैं। उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। अवनीश के परिवार में पत्नी स्नेहलता और दो बेटे आशीष और बाबू हैं। परिजन ने बताया कि रंजिश की वजह से ही अवनीश ने गांव छोड़ दिया था। वह जैतपुर में अलग घर में रहने लगे थे। इसके बावजूद हमलावर कई दिन से पीछा कर रहे थे। उन्हें कोर्ट में गवाही देने से भी रोका जा रहा था। कई बार धमकी मिल चुकी थी। मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में अभिषेक अग्रवाल, डीसीपी पूर्वी जोन ने बताया कि प्रधानी की रंजिश में हत्या की बात सामने आई है। परिजन की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हमलवरों की गिरफ्तारी के लिए टीम को लगाया है। चित्राहाट के शाहपुर गुर्जर गांव में 24 जनवरी को प्रधानी के चुनाव की रंजिश में उपेंसिंह उर्फ मालिक यादव को कमर में तमंचे से गोली मारी गई थी। कुल्हाड़ी से सिर फोड़ दिया था। घायल के भाई संतोष यादव ने राजवीर सिंह के बेटे इंद्रराज यादव, मुकेश यादव, इंद्रराज सिंह के बेटे योगेंद्र छोटू, सौरभ यादव, मुकेश यादव के बेटे विजय प्रताप उर्फ रोली, शिवप्रताप उर्फ गेंदा, गांव के कृष्णा यादव, अकोड़ा के गोलू, विजय को नामजद कराया था। विजय प्रताप अब भी जेल में बंद है। इसी मामले में सोमवार को दोनों भाई उपेंद्र और अवनीश यादव गवाही देने गए थे।

ताज पर सल्फर का हमला मथुरा रिफाइनरी व कांच उद्योग से हवा खराब

आगरा। ताजमहल के संरक्षण के लिए बने ताज ट्रेपेजियम जोन में प्रदूषण नियंत्रण के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। ताजमहल पर सल्फर का हमला हो रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है। मथुरा और फिरोजाबाद की हवा में सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ 2) और भरतपुर में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ 2) का स्तर निर्धारित वार्षिक मानकों को पार कर गया है। टीटीजेड चेयरमैन वमंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भेजी रिपोर्ट में मथुरा रिफाइनरी व कांच उद्योगों को इस जहरीली हवा का प्रमुख स्रोत माना गया है। रिपोर्ट से स्थिति की भयावहता फिर उजागर हो गई है। फरवरी से मई 2025 तक के मॉनिटरिंग डेटा के अनुसार, सल्फर का निर्धारित वार्षिक मानक 20.0 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है।

भाजपा आयी, कमर तोड़ महंगाई लायी स्मार्ट मीटर, बढ़ती महंगाई वापस लो

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 10: चार्ज के नाम पर बिजली महंगी किए जाने तथा आधुनिक स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर जबरन लगवाकर जनता की जेब काटकर की जा रही, लूट के खिलाफ स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि देकर प्रदर्शन करते हुए एक्स ई एन साहब थर्ड डिवीजन कृष्णा नगर मथुरा आशीष कुमार को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर श्रद्धांजलि प्रदर्शन के दौरान रमेश सैनी एवं लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार कमर तोड़ महंगाई लाई है जिससे सभी वर्गों का जीवन यापन दुभर हो गया है, लोग महंगाई से त्रस्त हैं आय दिन प्रदेश में बढ़ती हुई बिजली की दरों से लगता है प्रदेश में किसी सेठ, व्यापारियों की सरकार चल रही है। स्मार्ट मीटर की आरती एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से चित्रसेन मौर्य, यशवीर सिंह आजाद, राजकुमार आजाद, रमेश सैनी, लुकेश कुमार राही, सुमित कुमार, सागर सिंह, विनय कुमार, संजय बीडीसी, दिनेश कुमार, प्रिंस कुमार, सलाउद्दीन कुरैशी, भोला, रोहतास, गौरव कुमार, संजू कुमार, देवेंद्र कुमार, अशोक कुमार, आकाश बाबू, हरि सविता, सरदार महेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार आजाद, सुनील पटवारी आदि ने प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को वापस लेने की मांग की।

दो अभियुक्तों की मुठभेड़में मुख्य आरोपी के पैर में लगी गोली, दोनों बदमाश दबोचे गये

आगरा। थाना खेरागढ़ क्षेत्र के ग्राम भिलावली में हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम भिलावली में 31 मई को हुई फायरिंग की घटना के संबंध में थाना खेरागढ़ पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिन्हें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश देने के निर्देश दिए गए थे। गठित टीमों द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में चौकी दूदाधारी क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बचने के लिए फायरिंग कर दी, जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी शिवकुमार उर्फ भोला के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे तत्काल पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं उसका साथी संदीप उर्फ ससिया भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा .315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा एक 12 बोर राइफल, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

देशभक्ति और अनुशासन की मिसाल हैं हमारे सैनिक

मथुरा। राष्ट्र सेवा की गौरवपूर्ण एवं समर्पित सेवाओं के उपरांत भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे ग्राम पंचायत बछगांव के नगला देविया निवासी वीर सैनिक बबलू कुमार का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के बड़े भाई और वरिष्ठ सामाजिक नेता देवी सिंह (डी.एम.) ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर और पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के बड़े भाई देवी सिंह ने सेवानिवृत्त सैनिक बबलू कुमारजी के उत्कृष्ट योगदान, अटूट अनुशासन एवं देशभक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा देश की सीमा पर रहकर माँ भारती की सेवा करने वाले वीर सैनिकों का सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य और गौरव है। बबलू कुमार जी ने अपनी समर्पित सेवाओं से न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका अनुशासित जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान पूरा माहौल भारत माता की जय और वीर सैनिक के समर्थन में गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में

उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बबलू कुमारजी के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय व दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। सेना के इस गौरवपूर्ण सम्मान समारोह में मुख्य रूप से जीवन पहलवान, तेजपाल प्रधान, रुस्तम सिंह, मुकेश काका, मुरारी सिंह, जगदीश सिंह, कृष्णा कुंतल, श्वेटरन्स इंडियाश के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं भारी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे। अंत में, सेवानिवृत्त होकर लौटे वीर सैनिक बबलू कुमार ने इस भव्य स्वागत और सम्मान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष परिवार, वेटरन्स इंडिया की टीम और सभी ग्रामवासियों का सहृदय आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

पति-पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास, ढाई लाख का जुर्माना

मथुरा। चार साल पुराने दोहरे हत्याकांड मामले में जिला जज की अदालत ने फैसला सुनाया है। सौंख निवासी पवन कुंतल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और ढाई लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई गई। इस फैसले से 2022

प्लास्टिक करेंसी

एक ऐसे दौर में जबकि भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया में अग्रणी देश बन चुका है, तब देश में प्लास्टिक या पॉलिमर नोट छापने का फैसला गैर जरूरी लग सकता है, लेकिन आरबीआई का यह निर्णय बहुत ही सामयिक है। खासतौर पर तब जबकि भारत डिजिटल भुगतान में दुनिया में अग्रणी देश के रूप में उभरा है। लेकिन आंकड़े कुछ और ही कहते हैं। नकदी को अप्रासंगिक बनाने के बजाय भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति के साथ-साथ मुद्रा के उपयोग में लगातार वृद्धि हुई है। इसलिए केंद्रीय बैंक के सामने चुनौती यह है कि मुद्रा के प्रवाह को अधिक कुशल, सुरक्षित और टिकाऊ बनाया जाये। रिजर्व बैंक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट इस वास्तविकता को रेखांकित करती है। वर्ष 2025-26 में प्रचलित मुद्रा 11 फीसदी से अधिक बढ़ी, जो पिछले वर्ष की 5.8 फीसदी वृद्धि से लगभग दोगुनी है, जबकि इसी दौरान डिजिटल भुगतान भी तेजी से विस्तार करता रहा। दूसरे शब्दों में कहें तो डिजिटल और नकद भुगतान एक-दूसरे का स्थान नहीं ले रहे है बल्कि साथ-साथ मौजूद हैं। इस बढ़ते मुद्रा भंडार का प्रबंधन लगातार महंगा होता जा रहा है। वर्ष 2024-25 में बैंक नोट छापने पर 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई। इसी समय लगभग 24 अरब

घिसे-पिटे नोटों को प्रचलन से वापस लिया गया जो घिसी हुई मुद्रा को बदलने के परिचालन बोझ को उजागर करता है। छोटे मूल्य वर्ग के नोट जो बार-बार हाथ बदलते हैं वे खासतौर पर जल्दी खराब हो जाते हैं। ऐसे में यह उचित ही है कि रिजर्व बैंक 10 और 20 रुपये के नोटों के लिए एक प्रायोगिक परियोजना पर विचार कर रहा है। छोटे मूल्य वर्ग के नोटों का हिस्सा भी बढ़ाया जाना चाहिए। यह कहना मुश्किल नहीं है कि छोटे मूल्य वर्ग के नोटों की उपलब्धता अक्सर लेनदेन को प्रभावित करती है। पॉलिमर नोट पतले प्लास्टिक से बने होते हैं जो नमी, गंदगी और फटने के मामले में अधिक सुरक्षित होते हैं। हालांकि पॉलिमर मुद्रा छापने की प्रारंभिक लागत अधिक होती है लेकिन अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताता है कि ये आर्थिक दृष्टि से बेहतर साबित होते हैं। चूंकि पॉलिमर नोट्स काफी लंबे समय तक टिकते हैं इसलिए कम संख्या में नोटों को छापना, लाना ले जाना, प्रबंधन करना और नष्ट करना पड़ता है। सबसे अधिक बचत छोटे मूल्य वर्ग के नोटों में होती है जो सबसे अधिक प्रचलन में रहते हैं। इस संदर्भ में ऑस्ट्रेलिया का अनुभव उल्लेखनीय है। पॉलिमर मुद्रा के मामले में अगुआ होने के नाते उसने अनुमान लगाया कि इस बदलाव से प्रतिस्थापन और हैंडलिंग लागत में कमी के कारण दीर्घकालिक बचत हुई। ऑस्ट्रेलिया के कागजी नोट पहले छोटे मूल्य वर्ग में केवल 6 से 12 महीने तक चलते थे, जबकि पॉलिमर नोट कई वर्षों तक टिके। कनाडा, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों ने भी पॉलिमर नोट अपनाए हैं जिनका कारण टिकाऊपन, उन्नत सुरक्षा और कम जीवनचक्र लागत है। पारदर्शी विंडो और माइक्रो-ऑप्टिक तत्व जैसी उन्नत सुरक्षा विशेषताएं पॉलिमर नोटों को नकल के लिहाज से भी अधिक सुरक्षित बनाती हैं। पर्यावरणीय तर्क भी उतना ही प्रभावशाली है। विदेश में केंद्रीय बैंकों द्वारा किए गये अध्ययनों में पाया गया है कि पॉलिमर नोट अपने जीवनकाल में कम संसाधनों का उपभोग करते हैं। इसके अलावा चलन से हटाये गये पॉलिमर नोटों को अन्य प्लास्टिक उत्पादों में पुनर्चक्रित भी किया जा सकता है। ये सभी लाभ विचारणीय हैं। इस प्रकार अग्रिम लागत, एटीएम के अनुकूल बनाए जाने, नकदी-प्रबंधन अधोसंरचना और जनस्वीकृति का सावधानी पूर्वक मूल्यांकन करना होगा। भारत का 2012 में पॉलिमर नोट पेश करने का पहले का प्रयास तकनीकी सीमाओं के कारण असफल रहा था। ऐसे में पॉलिमर करेंसी लांच करने से पहले तकनीकी, सुरक्षा, लागत, टिकाऊपन जैसे पहलुओं का गंभीरता से विश्लेषण करना भी आवश्यक है।

विचार

जब कोई प्रतिभाशालीा हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

क्या नेपाल बन रहा है दूसरा पाकिस्तान

लोकमित्र

भारत और नेपाल के संबंध एशिया में सबसे अनोखे, गहरे और आत्मीय आज से नहीं, सदियों से रहे हैं। दोनो देशों के बीच न केवल खुली सीमा है बल्कि सदियों से ही रोटी-बेटी का संबंध भी है। धार्मिक-सांस्कृतिक निकटता और गहरी ऐतिहासिक साझेदारी नेपाल और भारत के रिश्तों की ऐसी खूबी है, जिसे अन्य दो देशों में नहीं देखी जाती। लेकिन हाल के दशकों में जिस तरह नेपाल और भारत के इन ऐतिहासिक रिश्तों में रह-रहकर दरार आती रही है, शायद उस दरार में सबसे बड़ी चोट गुजरी 31 मई 2026 को तब लगी, जब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने यह कहकर सनसनी मचा दी, 'भारत ने ही नेपाल की जमीन पर कब्जा नहीं किया, नेपाल ने भी भारत की जमीन पर कब्जा किया हुआ है।' नेपाली पीएम यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि इस विवाद को निपटाने के लिए उन्होंने चीन और ब्रिटेन से भी बात की है। बालेन शाह की इस बयान के बाद नेपाली राजनीति में भूचाल आ गया है। नेपाल के विपक्षी राजनेताओं ने यह कहकर संसद में अपने प्रधानमंत्री को घेरा कि वो या तो सबूत दिखाएं कि नेपाल ने भारत की जमीन पर कहां कब्जा किया है या फिर वह अपने बयान को वापस लें। इस भूचाल के बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय को सफाई देनी पड़ी है कि प्रधानमंत्री दरअसल क्रॉस बॉर्डर भूमि उपयोग या नो मैन्स लैंड की उस जमीन के बारे में बात कर रहे थे, जहां दोनो तरफ के किसानों ने कई जगहों पर कब्जा करके खेती कर रहे हैं। लेकिन नेपाली प्रधानमंत्री के इस बयान को महज कूटनीतिक नौसिखियापन या अनुभवहीन नेतृत्व पर पड़े दबाव का नतीजा कहना सही नहीं होगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नेपाल में गुजरे मार्च महीने में निर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन शाह राष्ट्रीय नेतृत्व के मामले में अनुभवहीन है। लेकिन वह राजधानी काठमांडू के मुखर मेयर रह चुके हैं, तो उन्हें भारत और नेपाल के रिश्तों की संवेदनशीलता का एहसास तो होना ही चाहिए। कहीं ऐसा तो नहीं है कि हमारे महाचुप्पे पड़ोसी चीन की शह पर नेपाल-भारत के लिए एक और पाकिस्तान बनने की कोशिश कर रहा है?

पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय पहचान का बड़ा हिस्सा भारत विरोध से जोड़ लिया है। अब चूंकि नेपाल और भारत के बीच कालापानी, लिपुलेक और लिंपियाधुरा को लेकर सालों से सीमा विवाद है। भारत इन्हें उत्तराखंड का हिस्सा मानता है, जबकि नेपाल का दावा है कि ये उसके हिस्से हैं। प्रधानमंत्री शाह का बयान हालांकि इसलिए उनकी अनुभव हीनता को दशार्ता है कि उन्होंने ये नहीं कहा कि भारत ने अकेले अतिक्रमण कर रखा है बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है। इस तरह का बयान आमतौर पर कोई नौसिखिया राजनेता ही दे सकता है। लेकिन उनकी यह बात कूटनीतिक दांवपेच से भरी हुई लगती है कि इस विषय पर उन्होंने चीन और ब्रिटेन से भी बातचीत की है। सवाल है जब भारत और नेपाल के बीच अपनी तमाम समस्याओं को निपटने के लिए द्विपक्षीय पुष्टमैकेनिज्म मौजूद है, दोनो देशों के बीच एक कारगर संधि मौजूद है। फिर ऐसे किसी विवाद पर एक या दो देशों की मध्यस्थता को बीच में लाने का क्या मतलब है?

भारत की जमीन पर कब्जे का दावा

भारत का अब ब्रिटेन से कोई संबंध नहीं है, भारत आखिर क्यों चाहेगा कि उसके किसी मामले में ब्रिटेन अपनी टांग अड़ाये? भले भारत और नेपाल के बीच पहली संधि 1816 में (सुगौली संधि) नेपाल और ब्रिटिश इंडिया के बीच हुई हो, लेकिन 1947 के बाद भारत के किसी भी मामले से ब्रिटेन का कोई मतलब नहीं रह गया और 1816 की संधि का 2016 में नवीनीकरण भी हो चुका है। इसलिए ब्रिटेन का दूर-दूर तक इस मामले से कोई लेना देना न तो है और न ही होना चाहिए। ठीक है बालेन शाह अपेक्षाकृत युवा नेता हैं, राष्ट्रीय राजनीति में उनका अनुभव सीधे प्रधानमंत्री बनने का है, उससे पहले संसदीय राजनीति का कोई अनुभव नहीं रहा। इसलिए माना जा सकता है कि संसद में उनके द्वारा दिया गया वक्तव्य भावनात्मक अधिक और कूटनीतिक कम था। लेकिन कूटनीतिक संबंधों में शब्दों का चयन बहुत ही सावधानी से करना चाहिए। मगर जिस तरह से बालेन शाह ने भारत और नेपाल के बीच एक सीमा विवाद को हवा देते हुए ब्रिटेन और चीन को इस मामले में घसीटने की कोशिश की है, वह धोखे से भी अगर की गई हरकत है तो भी खतरनाक है। भारत सरकार को इस पर तुरंत एक्शन में आना चाहिए। भारत ने अभी तक इस संबंध कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया कि नेपाल ने उसकी किस जमीन पर कब्जा कर रखा है। लेकिन नेपाल में इस मामले में हंगामा खड़ा हो गया है। यही वजह है नेपाल सरकार ने ही सफाई दी है कि भारत के साथ उसके जो सीमा विवाद हैं या जिन पर दोनो देशों के अलग-अलग दावे हैं, उनसे निपटने के लिए दोनो देशों के बीच कूटनीतिक स्तर पर प्रयास शुरू हो चुके हैं। गौरतलब है कि साल 2020 में नेपाल द्वारा एक ऐसे मानचित्र को संवैधानिक मान्यता दी गई थी, जिस पर भारत ने आपत्ति जतायी थी। क्योंकि उस मानचित्र में लिपुलेक और काला पानी क्षेत्र को नेपाल का हिस्सा बताया गया था। जबकि ये भारत के हिस्से हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि इस पूरे संदर्भ में चीन का उल्लेख सबसे ज्यादा संवेदनशील है। क्योंकि लिपुलेक और काला पानी क्षेत्र भारत-नेपाल-तिब्बत के उस त्रिकोण में स्थित है, जहां चीन जरा सा मौका पाते ही अपनी टांग अड़ाकर भारत की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ा सकता है। नेपाल द्वारा इन क्षेत्रों को पहले संवैधानिक मान्यता देना, बाद में इन क्षेत्रों को लेकर एक विवाद संबंधी नोट जारी करना, उसके रणनीतिक दांवपेच का हिस्सा हो सकता है। जो भले अभी इस तरह खतरनाक न दिखता हो, जैसा पाकिस्तान के मामलों में होता है, लेकिन अगर नेपाल भी अपनी राष्ट्रीय पहचान भारत के विरोध पर निर्मित करने की कोशिश करेगा, तब तो यह हमारे लिए सिर्फ तात्कालिक या राजनीतिक संकटभर नहीं होगा बल्कि दोनो देशों के व्यापक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों पर भी इससे असर पड़ेगा। क्योंकि भारत और नेपाल के बीच जो लंबी सीमारेखा है, वह पूरी तरह से खुली हुई है, यहां किसी तरह का की कोई बाड़बंदी नहीं है। हर दिन हजारों नेपाली नागरिक भारत आते हैं और भारत से लोग नेपाल जाते हैं।

यूपी और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत और नेपाल के लोगों के बीच आपस में रोटी और बेटी के संबंध हैं। कई लोग तो रहते नेपाल हैं और उनके खेत भारत में है और कई भारत में रहते हैं और उनके खेत नेपाल में है, ऐसे लोग भी हैं। यह सदियों से आपसी सौहार्द का रिश्ता इसलिए बना हुआ है, क्योंकि दोनो देशों की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिकता एक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ सालों पहले तक नेपाल दुनिया का एकमात्र अधिकृत हिंदू राष्ट्र था, भले हिंदुओं की सबसे ज्यादा आबादी भारत में रहती हो। इसलिए दोनों देशों के नागरिकों के बीच दो अलग-अलग देशों की भावना कतई कट्टरवादी नहीं हैं। नेपाल के लोग अवचेतन में भारत को भी अपना देश ही मानते हैं और भारतीय लोग भी नेपाल को लेकर यही सोच रखते हैं। अगर कल को राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए कूटनीतिक विवाद को हवा दी गई तो करीब 40 लाख से ज्यादा जो नेपाल के लोग भारत में रहकर अपनी रोजी रोटी कमाते हैं और भारत से भेजे गये मनीऑर्डर के जरिये नेपाल की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, उनके लिए बड़ा संकट खड़ा हो जायेगा।

दोनों देशों के बीच विवाद सिर्फ भावनात्मक संकट ही नहीं होगा बल्कि भारत की सेना में भी नेपाल के लोगों को विशेषकर गोरखाओं को भर्ती किया जाता है। अगर कट्टरवादी राष्ट्रीयताओं का जहर फैलेगा तो भारतीय सेना में गोरखाओं की मौजूदगी कैसे रह पायेगी? इसलिए नेपाल और भारत दोनो को ही इस बेहद संवेदनशील मामले में बिना देर किये एक्शन लेना होगा।

सोशल मीडिया

वित्तमंत्री सीमारमण एवं जीएसटी काउंसिल से मेरा अनुरोध है कि लाखों लोगों का कम खर्च में मनोरंजन करने वाली जादू कला को जीएसटी से मुक्त कर लोगों को राहत दें। अशोक गहलोत.

छिनैती, चोरी, लूट, डकैती: ये उत्तर प्रदेश में अपराधियों के क्रमशः बढ़ते दुस्साहस की क्रोनोलॉजी है, क्योंकि सत्ता की साझीदारी है इसीलिए बेखौफ क्राइम जारी है। अखिलेश

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशव प्र

डिजिटल युग में हो रहा है लोककलाओं का पुनर्जन्म

कला जगत

कभी गांवों की मिट्टी की दीवारों, लोक उत्सवों और पारंपरिक जीवन की सीमाओं में सांस लेने वाली भारतीय लोककलाएं आज डिजिटल दुनिया के सहारे अपनी वैश्विक पहचान हासिल कर रही हैं। मधुबनी, गोंड, वारली, पट चित्र और फड़ जैसी सदियों पुरानी कलाएं अब केवल संग्रहालयों या कला दीघार्ओं तक ही सीमित नहीं रही हैं बल्कि मोबाइल स्क्रीन, सोशल मीडिया और ऑन लाइन बाजारों के माध्यम से दुनियाभर के कला प्रेमियों तक पहुंच रही हैं। डिजिटल तकनीक ने न केवल इन लोककलाओं को एक नया मंच दिया है बल्कि हजारों लोक कलाकारों के लिए अजीविका और सम्मान के नये अवसर भी पैदा किए हैं। एक ऐसे समय में जब वैश्वीकरण स्थानीय पहचान को चुनौती देता दिखायी देता है। भारतीय लोककलाओं का यह डिजिटल पुनर्जन्म इस बात का सबूत है कि परंपरा और तकनीक साथ मिलकर सांस्कृतिक विरासत को एक नई ऊर्जा और भविष्य दे सकती हैं। भारत लोककलाओं का विशाल खजाना है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सैकड़ों प्रकार की पारंपरिक कलाएं विकसित हुई हैं। इन कलाओं का उद्देश्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन भर नहीं था बल्कि स्थानीय संस्कृति, लोककथाओं, धार्मिक विश्वासों और सामाजिक जीवन का दस्तावेजीकरण करना भी था। लंबे समय तक इन कलाओं की पहुंच सीमित रही है। कलाकार, स्थानीय मेलों, प्रदर्शनियों या पर्यटकों पर अपनी कलाओं के खरीद के लिए निर्भर रहते रहे हैं। लेकिन इंटरनेट क्रांति ने अब इस स्थिति को बदल दिया है। आज स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने कलाकारों के लिए नये द्वार खोल दिए हैं। पहले किसी कलाकार को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए बड़ी-बड़ी गैलरियों या प्रदर्शनियों की आवश्यकता होती थी, जबकि अब वह अपने मोबाइल फोन से तस्वीरें और वीडियो साझा कर करते हैं। सोशल मीडिया मंचों ने कलाकार और कला के खरीदार के बीच की दूरियां कम कर दी हैं। नतीजा ये है कि आज लोककलाओं को खूब भरपूर बाजार मिल रहा है और कलाकारों को अपनी कला के लिए नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने लोककलाओं के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आज मधुबनी, गोंड, पट चित्र, फड़, वारली और कलमकारी जैसी कलाओं के वीडियो लाखों लोगों द्वारा देखे जा रहे हैं। ऐसे में लोग न केवल इन कलाओं की सुंदरता से परिचित हो रहे हैं बल्कि इनके पीछे छिपी कहानियों और परंपराओं को भी समझ रहे हैं। इससे नई पीढ़ी में अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए रुचि बढ़ी है और लोककलाओं के कद्रदानों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। अब कलाकार अपनी कृतियां सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं। पहले वो इसके लिए बिचैलियों पर निर्भर रहते थे। इससे उन्हें उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता था। डिजिटल माध्यमों ने इस समस्या को भी काफी हद तक कम कर दिया है। कई कलाकार आज अपने घरों से देश-विदेश के ग्राहकों को कला कृतियां बेंच रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और कलाकारों को कला को पेशे के रूप में अपनाने का उत्साह मिला है। डिजिटल तकनीक ने लोककलाओं को नये प्रयोगों का अवसर भी दिया है। आज पारंपरिक चित्रांकन केवल कागज या कपड़े तक सीमित नहीं है। लोककलाओं के डिजाइन, फैशन, गृह-सज्जा, स्टेशनरी, मोबाइल कवर, बैग, आभूषण और डिजिटल ग्राफिक तक पहुंच चुके हैं। इससे लोककलाओं को आधुनिक जीवन शैली में जगह मिली है। युवा डिजाइनर और कलाकार पारंपरिक रूपाकंनों को नये रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे इन कलाओं की प्रासंगिकता बढ़ रही है। हालांकि इस परिवर्तन के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आयी हैं।

सबसे बड़ी चुनौती मौलिकता और प्रामाणिकता की है। डिजिटल दुनिया में किसी भी कला कृति की नकल करना बहुत आसान हो गया है। कई बार पारंपरिक कलाकारों की रचनाएं बिना अनुमति के उपयोग कर ली जाती हैं। इससे कलाकारों के अधिकार प्रभावित होते हैं। साथ ही बाजार की मांग को पूरा करने के लिए कुछ स्थानों पर कला के स्वरूप में अत्यधिक बदलाव किये जा रहे हैं, जिससे उसकी सांस्कृतिक आत्मा को कमजोर पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। उसके अलावा एक चुनौती यह भी है कि सभी कलाकार डिजिटल तकनीक से समान रूप से परिचित नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों को ऑनलाइन वितरण, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया प्रबंधन की उचित प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता मिले तो शायद ये इन अवसरों का और बेहतर लाभ उठा सकें।

नरेंद्र शर्मा.

अपने को भूलना ठीक नहीं

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

हर ऐरा गैरा सच बोल रहा है

व्यंग्यलोक

पूरन सरमा

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बराबर तप नहीं, सांच बराबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।

आपकी बात

एमएसपी का दायरा बढ़ायें

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दरअसल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दरअसल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है तो बाजार भाव इतने गिर जाते हैं कि एमएसपी पर बेचना ही किसानों के लिए लाभकारी रहता है। इसलिए केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन लगातार बढ़ाना चाहिए और सभी फसलों तक इसे विस्तारित करते रहना चाहिए।

अजय कुमार वर्मा, बाराबंकी.

गरीबों को दें राहत

प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है इसमें बड़े पैमाने पर कमियां हैं और इसे ठीक करना होगा।

ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, लखनऊ.

संक्षेप

ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित होंगे भर्ती शिविर

बहराइच। जिला सेवायोजन कार्यालय व सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा ब्राइट फ्यूचर के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर एवं ब्लाक आफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। विकास खण्ड मुख्यालय चित्तौरा में 03 जून, तेजवापुर व पयागपुर में 04 व 05, कैसरगंज व विशेश्वरगंज में 06 व 08, जरवल व फखरपुर में 09 व 10, रिसिया व शिवपुर में 11 व 12 जून 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से भर्ती शिविर आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पद हेतु 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 168 से.मी. है अर्ह होंगे तथा ब्लाक आफिसर पद के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में प्रतिभाग कर सकते है।

आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह को दी गयी विदाई

अयोध्या। आरटीओ कार्यालय में मंगलवार को आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह के सहायक आयुक्त पद पर स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान ऋतु सिंह ने कहा कि आरटीओ कार्यालय में कार्य करते हुए उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिला, जिसे वह हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की बात कही। इस अवसर पर जोनल अधिकारी, आरटीओ प्रशासन विश्वजीत सिंह, आरटीओ प्रशासन आरपी सिंह, आरटीओ प्रवर्तन गुलाबचंद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन आवेदन अब 30 जून तक

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या आवासीय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में पंजीकरण / प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की अन्तिम तिथि 31 मई, 2026 निर्धारित की गई थी। सत्र 2026-27 में सम्बद्ध महाविद्यालयों के अनुरोध पर अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु पूर्व निर्धारित तिथि 31 मई, 2026 से विस्तारित करते हुए दिनॉक 30 जून, 2026 की जाती है।

कैंट में शुरू हुई होम्योपैथिक ओपीडी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश शासन के आयुष विभाग की जनकल्याणकारी योजना श्आयुष आपके द्वारश के अंतर्गत राजकीय डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, देवकाली द्वारा कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित ब्रिगेड कमांड के वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में होम्योपैथिक ओपीडी का शुभारंभ किया गया। पहले दिन 30 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य सैनिकों और उनके परिवारजनों को सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर सैनिकों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लाभों के बारे में जानकारी भी दी गई। प्राचार्य डॉ. सिंह ने कहा कि होम्योपैथी न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाने में सहायक है। उन्होंने बताया कि सैनिकों को सेवा के दौरान तनाव, अनिद्रा और मानसिक दबाव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनके प्रबंधन में होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभावी भूमिका निभा सकती है। ओपीडी का संचालन मेडिकल ऑफिसर डॉ. रिचा पांडे एवं इंटर्न कविता यादव द्वारा किया गया।

पोस्ट ऑफिस से श्रीरामजन्मभूमि तक नो वेंडिंग जोन होगा रामपथ

- नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में विकास के कई प्रस्ताव पास
- डोर-टू-डोर कूड़ा निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई का फैसला

अयोध्या। रामपथ पर पोस्ट ऑफिस से श्रीराम जन्मभूमि तक का हिस्सा नो वेंडिंग जोन होगा। इसके पूर्व यहां पटरी पर दुकान चलाने वालों का सर्वे किया जाएगा। यह निर्णय नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की। बैठक में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार मौजूद थे। बैठक में धर्मपथ, सूर्यकुंड सहित चुनिंदा स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का फैसला किया गया। कार्यकारिणी ने नाका आबकारी भवन के सामने हनुमानजी के मंदिर के निकट चल रही मांस की दुकान हटाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नगर निगम की दुकानों का किराया पुनर्मूल्यांकन करने के साथ ही 50 दुकानों के नवनिर्माण के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय किया गया। तय किया गया कि लता चैक के पास 15 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य में होने वाले टेंडरिंग व्यवस्था में पीडब्ल्यूडी के नियम को लागू करने का फैसला किया गया। नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि बीते रविवार को आयोजित एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर परिवार अभियान की सफलता के लिए कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से महापौर और नगर निगम की टीम को बधाई दी। इस मौके पर री-शिड्यूल कर सफाई कर्मियों की अनियमितता दूर करने का निर्णय किया। बताया गया कि कूड़ा निस्तारण के लिए अब तक छह एमआरएफ चालू है। पिरखौली में निर्मित एमआरएफ सेंटर को चालू करने का प्रस्ताव भी इस मौके पर पास किया गया। सफाई व्यवस्था में लगे संस्थाओं के बिल भुगतान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई का निर्णय किया गया। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली एक संस्था के कार्यों को असंतोषजनक कर देते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विस्तारीकरण क्षेत्र से नगर निगम को मिली जमीन नवीन परती, बंजर, ग्राम समाज एवं अन्य प्रकार की जमीनों की पैमाइश कर बैरिकेडिंग करने का निर्णय किया गया।

यह भी तय किया गया कि नगर में वन आक्षदित क्षेत्र बढ़ाने के लिए 500 वर्ग मीटर से कम एवं ज्यादा तथा एक एकड़ से अधिक जमीन की तीन श्रेणी बताकर मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर तालाब के जीर्णोद्धार की योजना बनाने का भी निर्णय किया गया। बैठक में कार्यकारिणी उपसभापति संतोष सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विशाल पाल, चंदन सिंह, आभा पांडेय, गायत्री देवी, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, रमाशंकर निषाद, विकास कुमार, मनीषा यादव, जगत नारायण यादव के अलावा अपर नगर आयुक्त डॉ.नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, एमटीएस जयप्रकाश, सहायक अभियंता राजपति यादव आदि मौजूद थे।

551 महिलाओं द्वारा किया जाएगा अवसानी माता का पूजन

गोसाईंगंज-अयोध्या। अँगियार सभा गोसाईंगंज द्वारा दिनाँक 4जून को अवसान माता दुखदुरिया पूजन का आयोजन किया गया है। आयोजन अक्षत पैलेस में होगा। अक्षत पैलेस में प्रेसवार्ता कर अँगियार सभा के अध्यक्ष राजेश अँगियार ने बताया कि इस कार्यक्रम में 551 महिलाओं द्वारा अवसानी माता का पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गोसाईंगंज कस्बे सहित अमसिन, महबूबगंज उनियार सेवागंज, इल्तिफातगंज, मीठेपुर, लोरपुर, कटेहरी, मीरनपुर, दुबौलिया बाजार, बभनान, सादुल्लाहनगर, फैजाबाद, लखनऊ व शाहजहांपुर की महिलाएं शामिल हो रही है। इनको आमंत्रित करने के लिए डोर टू डोर सम्पर्क कर आमंत्रण पत्र वितरित किया जा चुका है। पूजन के पश्चात सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री व अवसानी माता की प्रतिमा प्रसाद स्वरूप दिया जाएगा, तदुपरांत भोजन प्रसाद का वितरण होगा। यह कार्यक्रम अँगियार सभा के बैनर तले हो रहा है।

फ्यूल सरचार्ज वृद्धि के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा जिलध्यक्ष फैसल मलिक के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने बिजली बिलों में लागू की गई 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज वृद्धि के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अधीक्षण अभियंता को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश का किसान पहले से ही बढ़ती महंगाई, महंगे बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल तथा कृषि उपकरणों की कीमतों से परेशान है। ऐसे में बिजली बिलों पर अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज लगाना किसानों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर करने वाला कदम है। सरकार को तत्काल 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज वृद्धि वापस, किसानों को बिजली दरों में विशेष राहत, कृषि कार्यों के लिए निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की। मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय न होने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगे। इस अवसर पर बलराम यादव, संदीप वर्मा, मोहम्मद वसी, सुमित कश्यप, मोहम्मद अर्शद, रामहरजी महाराज, कलीम, मोहम्मद अन्ना आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता विकास ग्रीष्म प्रदर्शनी एंव मेला की शुरुआत

बाराबंकी। राजकीय इण्टर कालेज मैदान में राष्ट्रीय एकता विकास ग्रीष्म प्रदर्शनी एंव मेला की शुरूआत हुई। प्रदर्शनी एंव मेला की जानकारी देते हुये समाजसेवी मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि एकता विकास और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिये प्रदर्शनी 25 जून तक आयोजित होगा। प्रदर्शनी की सुन्दरता बढ़ाने हेतु आई लव बाराबंकी सेल्फी प्वाइंट के साथ साथ लकड़ी के कई उत्पाद रेस्ट चेयर, स्टडी चेयर, मुगलकालीन फर्नीचर, नक्काशी की हुई ड्रेसिंग टेबल, बच्चों की कुर्सी-टेबल, सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही से कारपेट, खुर्जा की क्राकरी, बनारसी साड़िया, जयपुरी चूरन, सैण्ड़ल, राजस्थानी अचार, बच्चों के खिलौनें, कश्मीरी ड्राई फ्रूट, आयुवेर्दिक दवाइयों समेत गृह उपयोगी वस्तुओं एवं अनेक प्रकार की हाथ से बनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य प्रदेश में हस्तशिल्प द्वारा तैयार वस्तुओं को प्रचारित किया जाना है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे परिसर पर सी0सी0टी0वी कैमरें से नजर रखी जायेगी।

डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिला कारागार बहराइच का संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लेने के उद्देश्य से सम्पूर्ण कारागार का निरीक्षण किया। विशेषरूप से डम्एम व एसपी ने पाकशाला का निरीक्षण कर बन्दियों के लिए तैयार किये जा भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने बन्दियों के लिए संचालित प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि इच्छुक बन्दियों को प्रशिक्षण दिलाया जाय। इस अवसर पर करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर रंजीत सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एसपी ने किया थाना नवाबगंज का किया औचक निरीक्षण

बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना नवाबगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करें। महोदय द्वारा आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शिष्ट एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता तथा शौचालयों की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख रखाव पर विशेष बल दिया गया। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का निरीक्षण कर समुचित स्वच्छता, पानी की उपलब्धता एवं संसाधनों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रूपईडीहा में अवैध परिवहन संचालन एवं टूर-ट्रेवल एजेंसियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

रूपईडीहा, बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच के निदेर्शानुसार मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा कस्बे में अवैध रूप से संचालित परिवहन सेवाओं एवं टूर-ट्रेवल एजेंसियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूरे कस्बे में फ्लैग मार्च कर अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी नानपारा पुष्प सिंह ने किया। उनके साथ यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक नानपारा, टीआई रंजीत भदौरिया तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर निजी वाहनों द्वारा अवैध रूप से सवारी ढोने वाले वाहनों की जांच की। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 06 वाहनों का संचालन बंद कराया गया। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

कृषि विवि के नियम कानून आमजन पर ही लागू

- विश्वविद्यालय कर्मियों के वाहन समूचे दिन भरते रहे फर्राटा
- बैंक एवं पोस्ट ऑफिस जाने वाले लोगों को हुई अपार कठिनाई

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रशासनिक अधिकारियों का आदेश केवल आमजन पर ही लागू होता है। इसका नजारा मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय के दोनों गेटों पर देखने को मिला। जहां कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ज्येष्ठ मंगलवार के दिन कई जगह भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया था। क्षेत्रवासी भक्त जनों को भी आमंत्रित किया गया था। भंडारे में प्रसाद लेने के लिए पहुंचे भक्तों को करीब 1 किलोमीटर पहले ही सुरक्षा कर्मियों द्वारा विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर यह कहते हुए रोक दिया गया कि प्रत्येक मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में नो व्हीकल डे मनाया जाता है। जिसके चलते डीजल, पेट्रोल एवं गैस चालित वाहनों का विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। विश्वविद्यालय परिसर में ही भारतीय स्टेट बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक पिठला की दो-दो शाखाएं एवं पोस्ट ऑफिस भी हैं। जहां क्षेत्रवासी ग्राहकों को पहुंचने में अपार कठिनाई का भी सामना करना पड़ा है। सबसे मजे की बात तो यह है कि बीते मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। जिस दिन सारे नियम कानून विश्वविद्यालय प्रशासन को भूल गए थे। और जिम्मेदार अधिकारियों को मंगलवार का नो व्हीकल डे याद ही नहीं रहा। पूरे दिन विश्वविद्यालय परिसर में लक्जरी वाहन फरार्टा भरते रहे और सारे नियम कानून ताख पर रखे रह गए थे। मंगलवार को परेशान क्षेत्रवासी लोगों का कहना था कि सारे नियम कानून आम आदमी के लिए ही होते हैं। वहीं दूसरी ओर समूचे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू तो यह है कि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डॉ सुशांत श्रीवास्तव की ओर से जारी नो व्हीकल डे आदेश में साफ-साफ उल्लिखित किया गया है कि यह आदेश विश्वविद्यालय कर्मियों पर ही लागू होगा। लेकिन विश्वविद्यालय की सुरक्षा में लगाए गए प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों की मनमानी का खामियाजा आमजन सहित क्षेत्र वासियों को मंगलवार को जरूर भुगतना पड़ गया है।

ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगल पर भक्तिमय रहा माहौल

अयोध्या। ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार के अवसर पर जनपद में धार्मिक आस्था का विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, हवन-पूजन और विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। सिविल लाइन स्थित स्टेट बैंक तिराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने महाबली हनुमान जी का विधिवत पूजन-अर्चन एवं भोग अर्पित कर किया। भंडारे का आयोजन भाजपा महानगर मंत्री शिवम-शुक्ला द्वारा कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनमंगल की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, रमा शरण अवस्थी, अभिषेक मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्य, परमानंद मिश्र, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, शासकीय अधिवक्ता रोहित पाण्डेय एवं संगठन मंत्री अंकित त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर देर शाम तक श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। नाका स्थित मरी माता मंदिर पर पांचवा बड़े मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया इस दौरान उन्होंने भगवान बजरंगबली की आरती पूजा कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया भंडारे का आयोजन मंदिर के पुजारी चंचल दास द्वारा आयोजित किया गया था।

आईआईआरएफ रैंकिंग 2026 में प्राप्त स्थान हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ाया: डॉ बिजेंद्र सिंह

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अत्यंत गौरवशाली महत्वपूर्ण उपलब्धियां के क्रम में पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) इंडिया इंजीनियरिंग रैंकिंग 2026 में संस्थान को देश भर के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में 138वां स्थान, उत्तर प्रदेश के राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में 18वां स्थान और स्टेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में श्दूसरा स्थानश प्राप्त हुआ है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईआरएफ रैंकिंग 2026 में प्राप्त यह स्थान हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है।

सरदार बेअंत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचारधारा : जिला जज

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे अधिवक्ता सरदार बेअन्त सिंह की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन सभागार में मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि निश्चित ही बेअन्त सिंह बड़े व्यक्तित्व व बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वे व्यक्ति नही विचारधारा थे। अपर जिला जज प्रथम विनय कुमार सिँह ने कहा कि जब मैं लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र था तब मैंने सरदार बेन्त सिँह के व्यक्तित्व को जाना कि वो कितनी महान शख्सियत थ। उन्होंने कहा कि मेरी पहली पोस्टिंग बाराबंकी में हुई थी उस समय मुझे सरदार बेन्त सिँह जी को देखने व सुनने का अवसर मिला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह द्वारा कहा गया कि सरदार बेअन्त सिंह जी हमेशा युवाओं के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुचकुन्द सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित व बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी ने स्वर्गीय सरदार बेन्त सिँह के साथ अपने विश्वविद्यालय के अनुभवों को सांझा किया। जिला बार की वर्तमान महामंत्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दादा बेअन्त सिंह ने तमाम अच्छे व रचनात्मक कार्य किए। अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान के सफल संचालन में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन सिंह, हरीश अग्निहोत्री, हिसाल बारी किदवई, नरेन्द्र वर्मा, कौशल किशोर त्रिपाठी, नरेश कुमार सिँह, देवेन्द्र प्रताप यादव, रितेश मिश्रा, शाहीन अख्तर, अशोक कुमार वर्मा, रामराज यादव, सरदार अवतार सिंह, सरदार नरेन्द्र सिँह, समाजसेवी अंकुर माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, आदि अधिवक्तागणों व प्रबुद्धजनों के अलावा जगजीत सिँह पूर्व महामंत्री पारिवारिक न्यायालय लखनऊ ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अंत में सरदार बेअन्त सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिँह व सरदार राजा सिंह एडवोकेट ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

एआरटीओ बने अमिताभ राय ने संभाला कार्यभार

नवागत एआरटीओ ने कार्यभार के बाद अधीनस्थ कर्मचारियों से लिया फीडबैक

बाराबंकी। परिवहन विभाग में किये गये फेरबदल के बाद जनपद के उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में नवागत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने कार्यभार संभाला। एआरटीओ प्रशासन ने कार्यालय मे चार्ज लेने के पश्चात कार्यालय मे स्थित विभिन्न पटलो का औचक निरीक्षण किया। तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारियो से लंबित टैक्स वसूली की स्थिति की जांच, दैनिक कार्यप्रणाली, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के रजिस्ट्रेशन, फिटनेस प्रमाणपत्र, ओवरलोडिंग, बिना परमिट के चलने वाले वाहनों पर कार्यवाहियो की समीक्षा की। तथा कर्मचारियो को आम जनता से शालीनता व सम्मानपूर्वक व्यवहार किये जाने को लेकर निर्देशित

किया। प्रथम साक्षात्कार में नवागत एआरटीओ प्रशासन श्री राय ने बताया कि इससे पूर्व बंदायु, पीलीभीत व हमीरपुर मे अपनी सेवा दे चुके है। इससे पूर्व इनका सेलेक्शन जेल अधीक्षक के पद पर हुआ था। और 2012 से 2014 तक बलरामपुर जनपद मे बतौर जेल अधीक्षक तैनात रहे। इतना ही नही इससे पूर्व लगभग 9 साल तक जनपद फतेहपुर मे एसीओ चकबंदी के रुप मे तैनात रहे। वर्तमान मे परिवहन विभाग मे अपनी सेवा दे रहे है। एआरटीओ प्रशासन ने प्राथमिकताओ को गिनाते हुये कहा कि शासन की प्राथमिकताएं ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों पर भी कार्यवाही की जायेगी। भ्रष्टाचार पर रोक व फरियादियों की समस्याए को सुनकर निष्पक्ष निस्तारण किया जायेगा।

गैर इरादतन हत्या के दोषसिद्ध अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास

बहराइच। ऑपरेशन कन्विक्शनश के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान। माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तों को दण्डित किया गया। वादिनी मुकदमा रामरानी पत्नी राधेश्याम लोध, निवासिनी लोधनपुरवा दा0 गिरगिट्टी थाना मोतीपुर बहराइच द्वारा थाना मोतीपुर पुलिस को सूचना दी गयी कि दिनांक 26.02.2014 को गाँव के प्रमोद उर्फ शुकुरू के घर शादी थी, रिश्तेदारी के कारण वादिनी के पति खान पान में प्रमोद के यहाँ दिनांक 28.02.2014 को करीब 11.00 बजे रात को गये थे। शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, शोर सुनकर जब वादिनी वहां पहुंची तो उसके पति ने प्रमोद को गाली देने से मना किया जिसपर अचानक प्रमोद ने वादिनी के पति को लाठी डण्डा से मारा पीटा जिससे अस्पताल में आते आते वादिनी के पति की मृत्यु हो गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना मोतीपुर में प्राप्त लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 190/2014 धारा 323, 504, 304 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक श्री अनिल कुमार यादव द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 30.03.2014 को प्रेषित किया गया तथा माननीय न्यायालय द्वारा आरोप दिनांक 20.04.2015 को विरचित किया गया।

संक्षेप

कॉटेर्वा ने पेश किया मैविलॉन

मुंबई। फसलों को कीटों से सुरक्षित करने का समाधान पेश करते हुए, कॉटेर्वा ने मैविलॉन लॉन्च किया है। जिसे धान की फसल में कीट नियंत्रण को नुकसान होने के बाद के बजाए पहले से रोकथाम करने यानि रिएक्टिव से प्रोएक्टिव बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कोटेर्वा ने हैदराबाद में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम के दौरान इस उत्पाद का अनावरण किया, जहाँ सीईओ चक मैग्रो ने ग्राहकों, चैनल भागीदारों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ इस अवसर को चिह्नित किया। भारत में चावल रोजमर्रा के भोजन का अहम हिस्सा है और देश की कृषि अर्थव्यवस्था में भी इसकी बड़ी भूमिका है।

बालू फोर्ज ने हासिल किया 152 एमएम तोप के गोलों का बड़ा ऑर्डर

मुंबई। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लार्ज-कैलिबर एम्युनिशन सेगमेंट में बहुत बड़ा ऑर्डर मिलने की घोषणा की है। कंपनी ने भारत की एक प्रमुख विस्फोटक और गोला-बारूद बनाने वाली कंपनी को 152 एमएम तोप के गोलों की 30,000 यूनिट्स सप्लाई करने का शुरूआती अनुबंध हासिल किया है। यह साझेदारी घरेलू रक्षा क्षेत्र में बालू फोर्ज के विस्तार की दिशा में एक अहम मील का पत्थर है। इस अहम ऑर्डर की आपूर्ति जून 2026 से शुरू होने वाली है। यह शुरूआती अनुबंध एक मजबूत और लंबी अवधि की साझेदारी की बुनियाद है। आने वाले समय में ऑर्डर का आकार अतिरिक्त वेरियंट्स के साथ बढ़कर एक लाख से अधिक गोलों तक पहुंचने का अनुमान है। यह मजबूत मांग और बीएफआईएल की विनिर्माण क्षमताओं के प्रति भरोसे को दर्शाता है।

डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने लॉन्च किया गोल्ड लोन

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने व्यक्तियों और छोटे व्यवसायियों को सुरक्षित ऋण तक त्वरित एवं सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिहाज से डिजाइन की गई गोल्ड लोन सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस उत्पाद को वेतनभोगी पेशेवरों, स्वरोजगार में लगे व्यक्तियों, व्यापारियों, छोटे कारोबार के स्वामियों और एमएसएमई को ध्यान में रखकर उतारा गया है और शुरूआत में यह पूरे दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगा। इससे वंचित खंडों की जरूरतों के अनुरूप डीजेटी माइक्रोफाइनेंस का वित्तीय समाधानों का पोर्टफोलियो मजबूत होगा।

हॉर्लिक्स ने लॉन्च किया नया आरटीडी मिल्कशेक ब्लेंडिंग टेस्ट

नई दिल्ली। हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड ने नया हॉर्लिक्स मिल्कशेक लॉन्च करने का एलान किया है। यह लॉन्चिंग तेजी से बढ़ते रेडी-टु-ड्रिंक न्यूट्रिशन सेगमेंट में ब्रांड के विस्तार की दिशा में अहम कदम है। तेजी से भागती लाइफस्टाइल और समझदार चॉइस के साथ बढ़ रहे जेन जी युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नए हॉर्लिक्स मिल्कशेक में चिल्ड और रेडी-टु-ड्रिंक मिल्कशेक फॉर्मेट के साथ हॉर्लिक्स के जाने-पहचाने स्वाद को महसूस करने का मौका मिलेगा।

इंजीनियर, वकील, वैज्ञानिक के हर सपने को देती है उड़ान देगा या किसान मेडिकैप्स

नई दिल्ली। सड़कों, स्मार्ट सिटीज, रेलवे और रीन्युएबल एनर्जी में सक्रिय नेशनल प्रोग्रामों के चलते प्रशिक्षित सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों की मांग तेजी से बढ़ रही है और मौजूदा आपूर्ति तेजी से बढ़ती इस मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए मेडिकैप्स युनिवर्सिटी लेकर आती है- सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक कोर प्रोग्राम।

निसान ने लगातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज मई, 2026 की अपनी सेल्स परफॉर्मेंस की जानकारी दी। मईमें कंपनी की घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर 118 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में कुल 2,948 यूनिट्स की बिक्री की। इसी दौरान 5,023 कारों का निर्यात किया गया, जिससे कंपनी की कुल बिक्री 7,971 यूनिट्स की रही। निसान मोटर इंडिया ने सालाना आधार पर लगातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़त दर्ज की है। इससे भारतीय बाजार में कंपनी की स्थिति मजूबत हुई है। ह्यलागातार तीसरे महीने घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी निसान के प्रोडक्ट्स में ग्राहकों के भरोसे की उत्साहजनक तस्वीर दिखाने वाली है।

सेंसेक्स में 382 अंकों की उछाल

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरकर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 382 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 101 अंक चढ़कर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 382.50 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 74,649.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने निचले स्तर 73,815.12 अंक से 1,047.07 अंक उछलकर 74,862.19 अंक तक चला गया था। सूचकांक के 30 में से 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 100.95 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 23,483.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक 6.53 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इन्फोसिस में 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 4.08 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.76 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद आईटी शेयरों में तेजी से सुधार आया। बड़ी कंपनियों में निवेशकों की खरीदारी से यह संकेत मिलता है कि मौजूदा मूल्यांकन स्तर निवेशकों को आकर्षक लग रहे हैं। आईटी कंपनियों में तेजी के दम पर बीएसई आईटी सूचकांक 4.40 प्रतिशत चढ़ गया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.33 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.19 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड ने सर्वाधिक 4.40 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.83 प्रतिशत, टिकाऊउपभोक्ता खंड में 1.23 प्रतिशत और सेवा खंड में 1.11 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,301 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1904 शेयरों में गिरावट रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे। आईटी क्षेत्र में तेज उछाल बाजार में आई तेजी की मुख्य वजह रही। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के मजबूत नतीजों और सकारात्मक परिदृश्य से समर्थन मिला है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.76 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,911.68 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

सोना 1050 रुपये चढ़ा व चांदी 1300 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इन कीमती धातुओं की मांग फिर से बढ़ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1050 रुपये बढ़कर 161,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।

सोमवार को यह 160,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी 1300 रुपये की मजबूती आई और यह पिछले बंद भाव 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 271,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सहारा मिला। इससे पश्चिम एशिया में तनाव के कारण पैदा होने वाले महंगाई के झटके का डर कुछ कम हुआ। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की कीमतों की अपील को और बढ़ा दिया। घरेलू सोने की कीमतों को रुपये की कमजोरी से भी सहारा मिला। कमजोर रुपये ने वैश्विक बाजार की अनिश्चितता से पड़ने वाले कुछ दबाव को कम करने में मदद की और घरेलू सर्राफा बाजार में बढ़त को सहारा दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत बढ़कर 4,528.75 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत बढ़कर 76.29 डॉलर प्रति औंस हो गई। मंगलवार को हाजिर सोना और चांदी एक प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर क्रमशः 4,520 डॉलर प्रति औंस और लगभग 77 डॉलर प्रति औंस हो गए। इसकी वजह यह रही कि कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी से महंगाई और ब्याज दरों के भविष्य को लेकर चिंताएं कम हुईं। निवेशकों का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत से जुड़े घटनाक्रमों पर टिका हुआ है। बाजार कूटनीतिक प्रगति को लेकर आशावाद और इस चिंता के बीच झूल रहे हैं कि बातचीत टूट भी सकती है। अब ध्यान अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर जा रहा है, जिसमें नौकरियों के खाली पदों की संख्या, फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियां, और शुक्रवार को जारी होने वाली गैर-कृषि पे रोल रिपोर्ट शामिल हैं।

तेलंगाना की रबी धान खरीद में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा रबी सत्र में देशभर में खरीदे गए कुल धान में तेलंगाना की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत रही है।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने 63.65 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है और 11,903 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार ने करीब 10,000 मीट्रिक टन गीले धान की भी खरीद की। आज देश का कोई भी राज्य धान खरीद में तेलंगाना से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। मुझे गर्व है कि यासंगी (रबी) सत्र में देशभर में खरीदे गए कुल धान में तेलंगाना की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमान के अनुसार, तेलंगाना ने 236.87 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन का रिकॉर्ड स्तर हासिल किया है। सरकार द्वारा किसानों को दिए गए प्रोत्साहनों से धान, मक्का और कपास के उत्पादन में शानदार परिणाम मिले हैं। साथ ही पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अब किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने की जरूरत है।

रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 95.29 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और सुरक्षित निवेश के कारण अमेरिकी मुद्रा के स्थिर बने रहने से मंगलवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.29 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.16 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.03 के ऊंचे एवं 95.31 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में मंगलवार को रुपया 95.29 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 95.19 प्रति डॉलर पर रहा था, जो 34 पैसे की गिरावट है। वैश्विक तनाव में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। उन्होंने कहा कि अगर शांति वार्ता आगे बढ़ती रहती है तो रुपये में बड़ी गिरावट की आशंका कम हो सकती है। निवेशकों की नजर अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर हैं। डॉलर-रुपये की विनिमय दर 94.90 से 95.50 के दायरे में रह सकती है।

अमेरिका-ईरान वार्ता पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें मामूली गिरावट के साथ 8,697 रुपये प्रति बैरल रह गईं। हालांकि, निवेशक अमेरिका और ईरान से जुड़ी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति पर सतर्क रहे।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के सर्वाधिक कारोबार वाले जून माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 39 रुपये या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,697 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 9,045 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसके जुलाई माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 70 रुपये या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,466 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 2,512 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि संकट को हल करने के उद्देश्य से किए गए राजनयिक प्रयासों में बार-बार बाधाओं का सामना करने के बाद अनिश्चितता से बाजार की धारणा प्रभावित हुई, जिससे वैश्विक तेल की मांग और आपूर्ति के दृष्टिकोण पर चिंताएं बढ़ गईं। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल के जुलाई डिलिवरी अनुबंध की कीमत 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.15 डॉलर प्रति बैरल रह गई जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम एक प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 94.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

मीशो ने बीएसई के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया

नई दिल्ली। विनिमय करने वाले सालाना यूजर्स और ऑर्डर के मामले में भारत के सबसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मीशो ने बीएसई के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया है। इसका उद्देश्य एमएसएमई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक सूचीबद्ध संस्था बनने में मदद करना है, ताकि वो अपने विकास के लिए पूंजी प्राप्त कर सकें। यह जमीनी स्तर पर काम करने वाले डिजिटल व्यवसायों को संस्थागत पूंजी प्राप्त करने में समर्थ बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर वार्ता

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के प्रावधानों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को यहां तीन-दिवसीय वार्ता शुरू हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह बातचीत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में हो रही है। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं, जबकि भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने के साथ व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी विचार कर रहे हैं। दोनों देशों ने फरवरी में इस समझौते की रूपरेखा तय करने की घोषणा की थी। सात फरवरी को जारी बयान में अमेरिका ने भारत पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी और रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत शुल्क को भी हटा दिया था। बाकी शुल्क को भी घटाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, 20 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी सीमा शुल्कों को खारिज कर दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का समान शुल्क लागू करने की घोषणा की। एक अधिकारी के अनुसार, इन बदलावों को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष समझौते की रूपरेखा की समीक्षा कर सकते हैं। इससे पहले अप्रैल में वाशिंगटन में भी दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई थी।

आयोनोस एवं ब्लैक बॉक्स ने की साझेदारी

मुंबई। ब्लैक बॉक्स लिमिटेड और एआई-नेटिव एंटरप्राइस टेक्नोलॉजी कंपनी आयोनोस ने उपक्रमों को ढांचागत निर्माण से लेकर मापने योग्य कारोबारी परिणाम तक में एआई परिवर्तन में तेजी लाने में मदद के लिए एक रणनीतिक गठबंधन की आज घोषणा की। इस गठबंधन के तहत डेटा सेंटर्स, नेटवर्क कनेक्टिविटी, आधुनिक कार्यस्थल सॉल्यूशंस और मैनेज्ड सर्विसेस समेत ब्लैक बॉक्स की डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में विशेषज्ञता का आयोनोस के एप्लायड एआई प्लेटफॉर्मों और डोमेन आधारित सॉल्यूशंस के मेल से संगठन प्रत्येक चरण में सुरक्षा और लचीलेपन के साथ एआई का निर्माण, तैनाती और प्रबंधन कर सकेंगे। भारत एक असाधारण मोड़ पर खड़ा है। हम महज एआई का उपभोग नहीं कर रहे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ने की आशंका : रिपोर्ट

नयी दिल्ली। पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति-जनित दबाव बढ़ने की आशंका है, जिससे आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है।

रॉयल एनफील्ड ने की हिमालयन बेस कैंप- लद्दाख एडिशन की घोषणा

नई दिल्ली। मिड-साईज मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने पहले हिमालयन बेस कैंप, लद्दाख एडिशन के आयोजन की घोषणा की है। यह फेस्टिवल के पारंपरिक फॉर्मेस से अलग एक ईवेंट है, जिसमें राईडर्स, खोजकर्ता, पवार्तारोही, ओवरलैंडर्स और वो लोग एकत्रित होंगे, जिनके लिए एडवेंचर केवल वीकेंड की गतिविधि नहीं, बल्कि पूरी दुनिया घूमने का तरीका है। रॉयल एनफील्ड अपने आध्यात्मिक स्थल पर वापस आकर लेह, लद्दाख में 11,480 फीट की ऊँचाई पर ऐसे अनुभव पेश कर रही है, जो इन इलाकों से जुड़े हैं। ये अनुभव मोटरसाईकल राईड से आगे बढ़कर सभी एडवेंचर प्रेमियों को साथ लेकर आएंगे। हिमालयन बेस कैंप में तीन दिनों तक एडवेंचरप्रेमियों का सबसे विशाल समूह देखने को मिलेगा।

एबी इनबेव इंडिया ने किया रोड सेफ्टी लैब का उदघाटन

लखनऊ। एबी इनबेव इंडिया ने भारतकेयर्स और उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन विभाग के साथ साझेदारी में लखनऊ रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर में अपनी रोड सेफ्टी लैब का उद्घाटन किया। यह कंपनी की 7वीं रोड सेफ्टी लैब है। यह रोड सेफ्टी लैब एबी इनबेव की वैश्विक सड़क सुरक्षा पहल का हिस्सा है। इसे इमर्सिव एवं टेक्नोलॉजी आधारित लर्निंग एक्सपीरियंस के माध्यम से सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य शराब पीकर गाड़ी चलाने, ओवर स्पीडिंग, अनियंत्रित तरीके से ड्राइविंग करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने और यातायात के नियमों का पालन नहीं करने जैसे प्रमुख रिस्क फैक्टर पर चर्चा करते हुए लोगों की जागरूकता बढ़ाना है।

पेज एक का शेष

सुप्रीम कोर्ट

क्रमशः 16 जून और 28 जून को सेवानिवृत्त होंगे। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 27 मई को इन पांच नए नामों की सिफारिश की थी और चार दिन में ही इनकी नियुक्तियों को मंजूरी मिल गई। न्यायमूर्ति मोहना 2018 में न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा के बाद बार से सीधे उच्चतम न्यायालय में नियुक्त होने वाली देश की दूसरी महिला बन गई हैं। वह उच्चतम न्यायालय में सेवारत दो महिला न्यायाधीशों में से एक होंगी। उनके अलावा एक अन्य महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना हैं जो 31 अगस्त, 2021 से शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना के 2027 में एक महीने से अधिक समय के लिए प्रधान न्यायाधीश बनने की भी संभावना है। एक जनवरी, 1965 को जन्मे न्यायमूर्ति नागू अक्टूबर 1987 में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए थे।

उन्हें 27 मई, 2011 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 23 मई, 2013 को वहां स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। न्यायमूर्ति नागू को 25 मई, 2024 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। उन्होंने नौ जुलाई, 2024 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

सीबीएसई की

अनुपलब्ध करता है। छात्रों की प्रतिक्रिया के आधार पर, सीबीएसई ने कहा कि उसने प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाया है, जिसमें सत्र की समय सीमा बढ़ाना भी शामिल है, ताकि प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और सुगम हो सके। बोर्ड ने कहा, हमारी टीम सतर्क और तत्पर है ताकि हमारे प्रिय छात्रों को हर संभव तरीके से सुविधा मिल सके। इससे पहले दिन में, सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्रों के लिए उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों में पाई गई समस्याओं के सत्यापन हेतु मंगलवार को ऑनलाइन पोर्टल चालू कर दिया।

बोर्ड के अनुसार, यह सुविधा केवल उन छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त की हैं। सीबीएसई ने कहा, उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में देखी गई समस्याओं के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन के लिए पोर्टल दो जून 2026 को शुरू कर दिया गया है। उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में यदि कोई समस्या है तो छात्र उसके सत्यापन और मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं होने पर उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

सीबीएसई के

ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का भी गठन किया है। सीबीएसई उस समय विवादों में घिर गई, जब कक्षा 12 के कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि बोर्ड की ओर से अपलोड की गई उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां उनकी लिखावट से मेल नहीं खातीं। इससे ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान में संभावित गड़बड़ी को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

अधिकारियों के मुताबिक, सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव का तबादला कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया में ओएसएम प्रणाली के कार्यान्वयन को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने चिंताएं जताई हैं। तकनीकी खामियों, भुगतान संबंधी विफलताओं और सत्यापन एवं पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में देरी को लेकर भी बोर्ड को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

माफिया-मच्छर

शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी सुविधाएं मिल रही हैं। पहले दंगे, अपराध और अराजकता प्रदेश की पहचान बन गए थे, जबकि आज सुरक्षा, विकास और गरीब कल्याण नई पहचान है। बिना रुके, बिना डिगे और बिना झुके सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कुशीनगर में कभी मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, आज वहां अपना मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसी सुविधाएं साकार रूप ले चुकी हैं। इसी सत्र से कृषि विश्वविद्यालय का संचालन शुरू होगा और बच्चों का प्रवेश कराया जाएगा। किसानों को गन्ने का मूल्य 315 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है तथा भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। इंसेफेलाइटिस की बीमारी लगभग समाप्त हो चुकी है, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश से माफिया राज समाप्त हुआ है। मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने दोनों समस्याओं का समाधान किया है। आज कुशीनगर की बेटियां व युवा पुलिस समेत विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं तथा निवेश से पैदा हो रहे नए रोजगारों का लाभ भी उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि पहले तमकुही राज और फाजिलनगर विकास नहीं, उपेक्षा और मजाक का विषय बने हुए थे, जबकि आज विधायक और सांसद के प्रयासों से विकास परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। फाजिलनगर का नाम बदलकर पावागढ़ करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे यह क्षेत्र भगवान महावीर की विरासत से जुड़कर वैश्विक पहचान प्राप्त करेगा। अच्छे जनप्रतिनिधि विकास, सुरक्षा, रोजगार और खुशहाली लेकर आते हैं तथा डबल इंजन सरकार हर किसान को उचित मूल्य, हर युवा को अवसर, हर बेटी को सुरक्षा और हर परिवार को बेहतर जीवन देने के संकल्प के साथ सतत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, आस्था और संकल्प की विजय का प्रतीक है। 498 वर्ष पूर्व भगवान राम की जन्मभूमि पर विदेशी आक्रांता की ओर से मंदिर ध्वस्त किए जाने के बाद अनेक पीढ़ियां इसके पुनर्निर्माण के लिए संघर्ष करती रहीं, लेकिन राम मंदिर निर्माण को वास्तविक गति डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यकाल में मिली। कांग्रेस आजादी के बाद चाहती तो राम मंदिर बना सकती थी, लेकिन उसने नहीं बनने दिया। समाजवादी पार्टी तो घोषित रूप से रामद्रोही रही है। ये लोग लगातार बाधाएं खड़ी करते रहे, लेकिन हमारा संकल्प अटूट था। आज अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है और आधुनिक अयोध्या अपने वैभव, विकास और आध्यात्मिक भव्यता से त्रेता युग की अनुभूति कराती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक क्षण करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा था और उस अवसर पर लोगों की आंखों में खुशी के आंसू थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के एक वोट की ताकत का परिणाम अयोध्या, लखनऊ और दिल्ली तक दिखाई देता है। इसी जनादेश की ताकत से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई और उत्तर प्रदेश ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण केंद्र बन रहा है। जब भारत का बहादुर जवान दुश्मन की छाती पर ब्रह्मोस दागता है, तो पाकिस्तान बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगता है। कुशीनगर के लोगों को अब विकास की राह पर पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि डबल इंजन सरकार विकास के लिए धन की कमी नहीं आने देगी और एक-एक पैसे का हिसाब रखते हुए हर क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

पूर्वांचल के

स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्था देंगे। यह विश्वविद्यालय न केवल किसान को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, बल्कि लागत कम-उत्पादन अधिक के साथ ही उसकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यह बीमारी, उपद्रव, अराजकता से मुक्त है। यहां आपराधिक गतिविधियां व माफियागि

प्रेमानन्द महाराज के आश्रम पहुंचे विराट कोहली

मथुरा (उप्र)। लगातार दूसरे वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ट्रॉफी में जीत दिलाने वाले क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा संग मंगलवार को संत प्रेमानन्द महाराज के वृन्दावन स्थित आश्रम पहुंचे और गुरु का आशीर्वाद पाकर आभार जताया। आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान

ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था। उन्हें आश्रम से एक पुस्तक भी उपहार स्वरूप मिली जो वे बगल में दबाए चले आ रहे थे। उन्होंने स्वामी हित गोविंद शरण के आश्रम पहुंचकर उनके भी दर्शन किए। वे इससे पूर्व अप्रैल माह में अक्षय तृतीया के अवसर पर भी वृन्दावन पहुंचे थे और प्रेमानन्द के दर्शन कर बड़े ही प्रफुल्लित नजर आए थे। कोहली की टीम ने 31 मई को खेले गए आईपीएल के फाइनल मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता था।

आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था।

वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर बाल प्रतिभाओं पर अध्ययन करेगा आईआईएम इंदौर

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कम उम्र में मिलने वाली प्रसिद्धि और इससे पैदा होने वाले दबाव विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के भविष्य को किस तरह प्रभावित करते हैं, इसका जवाब तलाशने के लिए इंदौर का भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) क्रिकेट की नौजवान सनसनी वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर एक अध्ययन करेगा।

आईआईएम के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूर्यवंशी हाल में समाप्त हुए आईपीएल में 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे। इस 15 वर्षीय बल्लेबाज को टी20 लीग का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाकर ऑरेंज कैप भी जीती। आईआईएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने पीटीआई-भाषा से कहा कि संस्थान के अध्ययन का उद्देश्य केवल सूर्यवंशी की सफलता का विश्लेषण करना नहीं, बल्कि उन कारकों की पहचान करना है जो कम उम्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली किसी प्रतिभा के विकास में भूमिका निभाते हैं। राय ने

कहा, हम समझना चाहते हैं कि विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के असाधारण प्रदर्शन के पीछे कौन से कारक काम करते हैं? ऐसे प्रदर्शन के लिए व्यक्तित्व, व्यवहार और अभ्यास के तरीके के साथ-साथ माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनेक बाल प्रतिभाओं ने कम उम्र में बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन बाद में उन्हें धन, प्रसिद्धि, सोशल मीडिया और बढ़ती अपेक्षाओं के दबाव का सामना करना पड़ा। राय ने कहा, अपने अध्ययन में हम यह भी देखना चाहेंगे कि ऐसी अपेक्षाओं या व्यवधानों से कैसे निपटा जाए? उन्होंने कहा कि इस अध्ययन के लिए सूर्यवंशी का चयन इसलिए किया गया क्योंकि क्रिकेट भारत का बेहद लोकप्रिय खेल है और खासकर नौजवान खिलाड़ियों पर सार्वजनिक दबाव भी अन्य खेलों की तुलना में अधिक होता है। सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के (59) लगाने के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के जड़े। 15 वर्षीय खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह, कागिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे विश्व के कुछ शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ अपने बेखौफ रवैये से सबको प्रभावित किया।

आईआईएम निदेशक ने बताया कि बाल प्रतिभाओं को लेकर संस्थान के अध्ययन में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानव संसाधन, संचार और व्यवहार विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। उनके मुताबिक अध्ययन अगले दो सप्ताह में शुरू किया जाएगा और इसे करीब तीन महीने में पूरा किए जाने का लक्ष्य है। राय ने कहा कि यह अध्ययन केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगा और इसके निष्कर्ष गणित, विज्ञान, कला या अन्य क्षेत्रों में कम उम्र में असाधारण पहचान हासिल करने वाली प्रतिभाओं के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं।

महिला टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया प्रबल दावेदार

भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी

एजेंसी

अहमदाबाद। पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि अब इंग्लैंड की परिस्थितियां किसी तरह से अपरिचित नहीं हैं और भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चोपड़ा ने कहा, इंग्लैंड की परिस्थितियां अपरिचित नहीं हैं। भारतीय टीम में से कुछ या अधिकतर खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं। कम से कम वर्तमान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को वहां खेलने का अच्छा अनुभव है।

उन्होंने कहा, नंदिनी (शर्मा) की बात करें तो वह वहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री चरणी का अपने संक्षिप्त करियर में पिछले 12 महीने में यह इंग्लैंड का दूसरा दौरा है। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए भारत प्रबल दावेदार है। निश्चित तौर पर मैं भारतीय टीम को शीर्ष चार में ही नहीं बल्कि शीर्ष दो और फिर शीर्ष पर देखना चाहती हूं। भारत के लिए टूर्नामेंट से पहले कुछ सकारात्मक पहलू रहे हैं। इनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज यस्तिका भाटिया का चोट से उबरने के बाद वापसी करना भी शामिल है। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने वापसी करते ही तुरंत प्रभाव छोड़ा और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 40 गेंद में 54 रन की शानदार पारी खेली। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया था। यास्तिका ने इस तरह से तीसरे नंबर पर अपना मजबूत दावा पेश कर दिया है। जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया है। ऐसे में चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को अपनी बल्लेबाजी

लाइन-अप में अधिक लचीलापन अपनाने की जरूरत हो सकती है।

उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है कि वह (यास्तिका) रन बना रही है और उसने पहले टी20 में रन बनाए। हालांकि दूसरे मैच में वह लंबी पारी खेलने से चूक गई। लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि यह केवल जेमी, हरमन और यास्तिका के बीच संतुलन बनाने की बात नहीं है।

हरमनप्रीत के नेतृत्व में फिर गोल्ड की दावेदारी, एशियाड के लिए 33 खिलाड़ी रडार पर

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम इस बार भी मजबूत संयोजन के साथ एशियाड में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों में प्रमुख खिलाड़ियों के दम पर अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करने के लिए उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से इन खेलों के लिए संभावितों में इंग्लैंड में होने जा रहे टी-20 विश्वकप की 15 में से 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। इनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा जैसी क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बीसीसीआई ने इन खेलों के लिए 33 महिला क्रिकेटरों को लांग लिस्ट में जगह दी है। इन्हीं में से 15 सदस्यीय टीम एशियाई खेलों के लिए चुनी जाएगी। एशियाड में महिला क्रिकेट के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो रहे हैं। 22 सितंबर को फाइनल खेला जाना है। भारत के अलावा महिला क्रिकेट में पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मेजबान जापान खेल रहे हैं। चीन, मलयेशिया और थाईलैंड की तीन अन्य टीमों ने इन खेलों के लिए क्वालिफाई किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 में श्रीलंका को 19 रन से हराकर ऐतिहासिक पहला एशियाड स्वर्ण जीता था।

नेपाल ने चीन को 221 रनों से हराया

नेपाल ने टी20 में दूसरी बार बनाया 300 का स्कोर, कुशल ने ओवर में 6 छक्के लगाये

सिंगापुर। नेपाल ने टी-20 क्रिकेट में दूसरी बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने रविवार को एशियन गेम्स के क्वालिफायर में चीन के खिलाफ यह कारनामा किया है। इस मुकाबले में नेपाल को 221 रन की जीत मिली। सिंगापुर के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चीन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। नेपाल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 2 विकेट पर 313 रन बनाए। जवाब में चीन 92 रन पर ऑलआउट हो गई। नेपाल की ओर से ओपनर कुशल भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाने का कारनामा भी किया। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। नेपाल ने अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। टीम ने सितंबर 2023 में एशियन गेम्स 2023 में मंगोलिया के खिलाफ 314/3 का स्कोर बनाया था। नेपाल ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में 7वीं सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है। उसने 2024 में गाम्बिया को 290 रन से हराया था। भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़ने का कारनामा भी किया। उन्होंने 9वें ओवर में जोयू चेन की गेंद पर 6 छक्के लगाए। हालांकि, बीच में एक वाइड गेंद भी शामिल रही। उनके ओवर से कुल 37 रन आए। कुशल ने 43 गेंदों में 300 के स्ट्राइक रेट से 129 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल का संयुक्त रूप से 5वां सबसे तेज शतक है। उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी की। रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़ा था। कुशल भुर्तेल ने इस पारी में 16 छक्के लगाए और एक टी-20 पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ा। वैभव ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए एशिया कप राइजिंग स्टार्स में 144 रन की पारी में 15 छक्के लगाए थे। भुर्तेल ने अभिषेक शर्मा के टी-20 इंटरनेशनल में 37 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। कुशल भुर्तेल ने अपनी पारी में 16 छक्के लगाए। 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चीनी टीम 19.2 ओवरों में 92 रन पर सिमट गई। चीन की तरफ से सिर्फ शेनझियान झेंग ने संघर्ष किया और 15 गेंदों में 31 रन बनाए। इसके अलावा चीन के 4 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल

सके। वहीं दूसरी ओर पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले को मंगलवार को पुरुष राष्ट्रीय टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया जो पहले देश की अंडर-19 और भारत ए टीम के साथ काम कर चुके हैं। बहुतुले दो टेस्ट और आठ वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह हाल में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 53 साल के बहुतुले ने लगभग दो दशकों तक चले प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में 630 विकेट चटकाए हैं और 6,176 रन जुटाए। बहुतुले ने संन्यास लेने के बाद कोचिंग में प्रभावित किया है जिसमें वह विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल के मुख्य कोच रहे। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और हाल में पंजाब किंग्स के साथ स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर भी काम कर चुके हैं। वह 2021 और 2024 के बीच बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) से जुड़े रहे।

संक्षेप

पाटीदार एमपीएल में ग्वालियर चीता की करेंगे अगुवाई

ग्वालियर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दो आईपीएल खिताब जिताने के बाद रजत पाटीदार अब मध्य प्रदेश टी20 लीग में जेकेसी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली ग्वालियर चीता टीम की कप्तानी में करेंगे। ग्वालियर चीता की टीम लीग के पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। ग्वालियर चीता टीम 2026 सत्र के अपने पहले मैच में बुधवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में उज्जैन फाल्कन्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले सत्र में 14 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे मंगेश यादव भी टीम में शामिल है। आदित्य श्रीवास्तव टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे।

भारतीय राइडर केविन क्रिंटल ने स्पेन में प्रभावित किया

जेरेज (स्पेन)। भारतीय मोटरसाइकिल चालक केविन क्रिंटल ने यहां शुरुआती दौर में दो पोडियम स्थान हासिल करके अपने 2026 कोपा डे एस्पाना डे वेलोसिडैड अभियान की शानदार शुरुआत की। चेन्नई के राइडर केविन बीएमडब्ल्यू ईजीरिस टीम के लिए मुकाबला कर रहे थे। वह शनिवार को बीएमडब्ल्यू एम1000आआर पर पहली रेस में दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने रविवार को दूसरी रेस में भी सुपरबाइक 1000 सीसी वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। केविन ने 2024 में चेक गणराज्य में विश्व एसबीके रेस में सुपरस्पोर्ट 300 विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला करने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा था।

भारतीय बल्लेबाजों को नेट अभ्यास कराएंगे नबी सहित सात गेंदबाज

मुल्लांपुर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए सात गेंदबाजों में शामिल किया गया है।

भारतीय महिला टीम सैफ सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ होगी प्रबल दावेदार

एजेंसी

मडगांव। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम बुधवार को यहां सैफ महिला चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी और ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद उसकी निगाहें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर लगी होंगी।

भारतीय टीम दो मैच में छह अंक से ग्रुप बी में शीर्ष पर रही जिसमें उसने मालदीव पर 11-0 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया और फिर गत चैंपियन बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन ने उनके खिताब जीतने की संभावना को और मजबूत कर दिया जिसमें प्यारी खाखा, लिंडा कोम सेर्टो और मालविका पी ने गोल करके पड़ोसी देश का प्रतियोगिता में हालिया कब्जा खत्म कर दिया। इस जीत ने यह पक्का कर दिया कि भारत ग्रुप विजेता रहे जिससे उसका ग्रुप ए की उप विजेता भूटान के साथ सेमीफाइनल मुकाबला तय हो गया।

भूटान ने अपने पहले मैच में 0-1 से हारने से पहले ग्रुप विजेता नेपाल को हराया। उनका अनुशासित डिफेंस और मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ मुकाबला करने की काबिलियत उन्हें मेजबानों के लिए मुश्किल बना सकती है। भारत अपनी आक्रामक गहराई पर भरोसा करेगा जिसने पहले ही दो मैच में 14 गोल किए हैं। दिन में पहले सेमीफाइनल में पारंपरिक बड़ी टीमें नेपाल और बांग्लादेश आमने-सामने होंगी। ऐसे में भारत किसी भी गलती से बचना चाहेगा।

यूक्रेन की कोस्त्युक सेमीफाइनल में

एजेंसी

पेरिस। मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर शानदार लय में चल रहीं मार्ता कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस की युवा खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा से होगा। कोस्त्युक ने मंगलवार को खेले गये अंतिम आठ मुकाबले में हमवतनल एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रूस की 19 वर्षीय आंद्रिवा ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सोराना सिस्ट्रिया को 6-0, 6-3 से एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में 17 साल के लंबे अंतराल के बाद पहुंची 36 वर्षीय

सिस्ट्रिया शुरुआत से ही लय हासिल नहीं कर सकीं। आंद्रिवा की सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स और आक्रामक नेट प्ले के सामने उनकी वापसी की कोशिश ज्यादा देर टिक नहीं पाई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन की मुखर समर्थक कोस्त्युक का टूर स्तर पर आंद्रिवा के खिलाफ 2-0 का रिकॉर्ड है। कोस्त्युक क्वार्टर फाइनल ने जीत के बाद कहा, यूक्रेन, विशेषकर कीव में एक बार फिर बेहद कठिन रात गुजरी है। कई लोगों की जान गई है। मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक सेट के महत्वपूर्ण अंकों पर 15वीं वरीय कोस्त्युक अधिक प्रभावी रहीं। इस जीत के साथ क्ले कोर्ट पर उनका 2026 का रिकॉर्ड 17-0 हो गया।

रूस की आंद्रिवा से होगा मुकाबला

कोस्त्युक पेशेवर युग (1968 के बाद) में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यूक्रेन की पहली महिला बन गई हैं। स्वितोलिना अन्य तीनों ग्रैंड स्लैम में सेमीफाइनल खेल चुकी हैं, लेकिन फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में छठी बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकीं। आंद्रिवा दो वर्ष के अंतराल के बाद दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एफआईएच नेशंस कप : लालथंटलुआंगी और डबास भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। रक्षा पंक्ति में अनुभवी सुशीला चानू, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और ज्योति के साथ लालथंटलुआंगी और डबास भी शामिल होंगी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली थी। मध्य पंक्ति की कमान सलीमा संभालेंगी, जिन्हें नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और ऑस्ट्रेलिया में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली दीपिका सोरेंग का सहयोग मिलेगा।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, अन्नु और इशिका शामिल हैं जिन्हें अटैकिंग मिडफील्डर लालरेम्सियामी और सोनम का भी सहयोग मिलेगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के सफल दौरे के बाद नेशंस कप में भाग लेगी।

सिंधु दूसरे दौर में, श्रीकांत, मालविका बाहर

एजेंसी

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे। सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया।

उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था। आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के युशी तनाका से 19-21, 15-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला वर्ग

में मालविका बंसोड भी पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने आसानी से 21-12, 21-10 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन ने शानदार खेल का नमूना पेश किया तथा अपने से अधिक रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी किओंग पर 21-18, 21-10 की जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

आईसीसी का निलंबन अप्रत्याशित, सुधारात्मक कदम जारी : क्रिकेट कनाडा

टोरंटो। क्रिकेट कनाडा ने कहा है कि उसकी सदस्यता निलंबित करने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फैसला अप्रत्याशित था लेकिन संस्था ने वैश्विक क्रिकेट संस्था द्वारा बताई गए संचालन और वित्तीय कमियों को दूर करने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम शुरू कर दिए हैं। आईसीसी ने रविवार को अहमदाबाद में हुई अपनी बोर्ड बैठक में क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी। आईसीसी के अनुसार यह कार्वाई सदस्यता संबंधी दायित्वों के गंभीर उल्लंघनों के कारण की गई। हालांकि विश्व क्रिकेट संस्था ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए कनाडा की राष्ट्रीय टीमें आईसीसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र बनी रहेंगी।

मध्य कमान व सैदपुर ब्रिगेड ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

खेल संवाददाता

लखनऊ। मध्य कमान (सेंट्रल कमांड) मुख्यालय और सैदपुर ब्रिगेड ने मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय के तत्वावधान में लखनऊ सैन्य स्टेशन में आयोजित ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। मंगलवार से शुरू हुए टूर्नामेंट में लखनऊ स्टेशन की विभिन्न सैन्य संस्थाओं की अधिकारी टीमों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। पहले मैच में मध्य कमान मुख्यालय ने रोमांचक मुकाबले में मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय को 4-3 से शिकस्त दी। इस मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया। हालांकि मध्य कमान मुख्यालय ने निर्णायक क्षणों में बेहतर तालमेल की बदौलत जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में सैदपुर ब्रिगेड ने एएमसी सेंटर एंड कॉलेज को 4-1 से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। सैदपुर ब्रिगेड ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और शानदार टीमवर्क के दम पर एकतरफा जीत अपने नाम की। टूर्नामेंट के दौरान मैचों के संचालन में स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है, जिसके प्रशिक्षित रेफरी और अंपायर मैचों का संचालन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जून 2026 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन अधिकारियों के बीच खेल भावना, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आज मैच के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, सहभागिता एवं खेल के प्रति समर्पण देखने को मिला जो भारतीय सेना की शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं आपसी एकजुटता की गौरवशाली परंपरा को दर्शाता है।

ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट

इजराइल के ड्रोन हमलों में आठ की मौत

ट्रंप ने एक दिन पहले किया था दावा, इजराइल और हिजबुल्ला तनाव कम करने पर हो गये हैं सहमत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में मंगलवार को इजराइल के ड्रोन हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक व्यक्ति और उसका पुत्र व पुत्री शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि इजराइल और हिजबुल्ला तनाव कम करने पर सहमत हो गए हैं।

इजराइल ने सोमवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला करने की धमकी दी, जिससे लेबनान की राजधानी में दहशत फैल गई और हजारों लोग सुरक्षित क्षेत्रों की ओर जाने लगे। जवाब में हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल पर कई रॉकेट दागे। इसके बाद ट्रंप ने इजराल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और मध्यस्थों के जरिये लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के पदाधिकारियों से भी संपर्क साधा। उन्होंने घोषणा की कि बेरुत में कोई सेना नहीं भेजी जाएगी। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को प्रसारित खबर में कहा कि इजराइली ड्रोन ने मरजायौन कस्बे को नबातीयेह शहर से जोड़ने वाली सड़क पर खड़ी एक कार पर निशाना साधा, जिससे ईसाई बहुल शहर कलाया के रहने वाले एक डेंटिस्ट जेम्स कैरम और उनके पुत्र व पुत्री की मौत हो गई। लेबनानी सेना ने कहा कि नबातीयेह के बाहर हुए एक अन्य ड्रोन हमले में दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। नेशनल न्यूज एजेंसी की खबर के मुताबिक, जिबचित गांव में हुए ड्रोन हमले में एक पौधशाला में काम करने वाले दो सीरियाई नागरिक मारे गए, जबकि पास के ही तोल गांव पर हुए एक अन्य हमले में दो लोगों की जान चली गई। तीसरा हमला हारूफ गांव के पास एक कार पर हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। खबर के अनुसार, सोमवार को इजराइल की ओर से मारवानियेह गांव में किए गए हवाई हमले में छह लोग मारे गए। हिजबुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उसके लड़ाकों ने इजराइल सीमा से लगभग सात किलेमीटर दूर हदाथा गांव में घुसने की कोशिश कर रहे इजराइली सैनिकों पर टैंक-रोधी मिसाइल दागीं। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी इजराइल के कई इलाकों में हवाई हमलों के प्रति आगाह करने वाले सायरन बजे। बयान में कहा गया कि दक्षिणी लेबनान में जिस क्षेत्र में इजराइली सैनिक अभियान चला रहे हैं, वहां एक ठिकाने पर हवाई हमले की खबर है, हालांकि उसमें किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार संसद के सामने गवाही देंगे रूबियो

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को मंगलवार को ट्रंप प्रशासन के वैश्विक स्तर पर कमजोर या ठप पड़े राजनयिक प्रयासों के बारे में संसद में कई सवालों का सामना करना पड़ेगा। वह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में एक के बाद एक सुनवाई के लिये पेश होंगे।

रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सीनेटर विदेश विभाग के वार्षिक बजट प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के लिए हाउस और सीनेट की समितियों के समक्ष उपस्थित होंगे। लेकिन ध्यान जल्द ही वाशिंगटन और तेहरान के बीच पहले से ही अस्थिर युद्धविराम पर केंद्रित होने की संभावना है, जिसकी हाल के दिनों में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर किये गए हमलों से और कड़ी परीक्षा हुई है। रूबियो समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में शामिल न होने के वर्षों के वादों के बावजूद संघर्ष शुरू करने के फैसले का बचाव किया है। ट्रंप के संघर्ष संबंधी बदलते लक्ष्यों ने इस काम को और भी मुश्किल बना दिया है। रूबियो 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद हालांकि पहली बार कांग्रेस के सामने गवाही दे रहे हैं, लेकिन उन्होंने पहले अमेरिकी और इजराइली हमलों के कुछ दिनों बाद सांसदों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में भाग लिया था। उन्हें संसद की मंजूरी न मिलने पर डेमोक्रेट्स के गुस्से का सामना करना पड़ा, लेकिन अमेरिका के सबसे पुराने दुश्मनों में से एक के खिलाफ कार्वाई करने के लिए अधिकांश रिपब्लिकन मजबूती से उनके साथ खड़े दिखे। युद्ध शुरू होने के बाद से दो महीनों में, रिपब्लिकन सांसदों के एक छोटे लेकिन बढ़ते हुए गुट ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस संघर्ष की बढ़ती लागत और समग्र आर्थिक परिणामों पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है, क्योंकि शरद ऋतु में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं।

संक्षेप

प्रधान की बर्खास्तगी जरूरी: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के चेयरमैन और सचिव के तबादले के बाद कहा कि ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली से संबंधित अनियमितता के मामले में नौकरशाही नहीं, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि न्याय का तकाजा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त किया जाए। केंद्र सरकार ने ओएसएम प्रणाली का ठेका देने के लिए सीबीएसई की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए एक-सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस राधा चौहान करेंगी। सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का मंगलवार को बोर्ड से तबादला भी कर दिया गया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सीबीएसई चेयरमैन और सचिव का तबादला कर दिया गया है। न्याय का तकाजा है कि मंत्री प्रधान को बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई नेतृत्व की विदाई और सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति के गठन से साबित होता है कि अनियमितताएं की गई थीं। यह जेन जी छात्रों की प्रतिभा और कौशल का प्रमाण है।

बिजली क्षेत्र के नुकसान को कम करना समय की जरूरत

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि बिजली क्षेत्र में होने वाले नुकसान को कम करते हुए इसकी बढ़ती मांग को पूरा करना समय की आवश्यकता है।

मंत्री ने जोर दिया कि उपभोक्ताओं के लिए निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के मकसद से कंपनियों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिए तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि बिजली न केवल एक आवश्यक सार्वजनिक सेवा है, बल्कि आय का एक संसाधन भी है, जिसके उत्पादन और वितरण में काफी लागत आती है। इसलिए, बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत और आधुनिक बनाना बहुत जरूरी है। वह सोमवार देर शाम यहां हरियाणा की बिजली कंपनियों और विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी बैठक में मौजूद रहे।

शिक्षा की शक्ति से आगे बढ़कर सशक्त आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें युवा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि जब युवा शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बल पर आगे बढ़ेंगे, तो वे एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय की प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के बाद उनको संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सशक्तीकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है और इसमें ही वह शक्ति है जो किसी व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी जीवन-यात्रा में भी शिक्षा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा और अनुभव उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनने चाहिए जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। जब वे दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राष्ट्र का समावेशी विकास एक वास्तविकता बन पाएगा। जब युवा अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बल पर आगे बढ़ेंगे।

चौहान ने मानसून प्रगति व खरीफ फसलों की सुरक्षा पर दिया जोर

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की।

उन्होंने साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय पर कृषि परामर्श जारी करें तथा अल-नीनो के संभावित प्रभाव से खरीफ फसलों को बचाने के लिए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखें। चौहान ने अधिकारियों से मानसून की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा और बताया कि सरकार सतर्क है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा, राज्यों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें और त्वरित कार्रवाई करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने किसानों को समय पर सलाह और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बयान में कहा गया कि किसानों के हितों की रक्षा एवं खरीफ फसलों पर प्रभाव को कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों तथा एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के केरल में चार जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। केरल में आम तौर पर मानसून एक जून के आसपास पहुंचता है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून सत्र (जून-सितंबर) की शुरुआत का संकेत होता है। आईएमडी के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य का करीब 90 प्रतिशत रहने की संभावना है जिससे सामान्य से कम बारिश का संकेत मिलता है और फसलों पर जोखिम का दबाव बढ़ सकता है। खासकर यदि अल-नीनो की स्थिति मजबूत होती है। भारत की वार्षिक वर्षा में 70-75 प्रतिशत का योगदान देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून धान जैसी खरीफ फसलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुद्ध बोए गए क्षेत्र के 51 प्रतिशत हिस्से पर सिंचाई नहीं होती तथा वह वर्षा पर निर्भर है।

सरकार थोक मूल्य सूचकांक को उत्पादक मूल्य सूचकांक से बदलेगी, नयी शृंखला 15 जून से

नयी दिल्ली। सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को समाप्त करेगी और उत्पादन, कच्चे माल और सेवाओं की कीमतों को शामिल करने वाला विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) लागू करेगी। इसका मकसद अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के रुख का अधिक वास्तविक आकलन करना है।

इस बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने संवाददाताओं से कहा कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित श्रृंखला जारी करेगा। यह आधार वर्ष 2011-12 वाली मौजूदा श्रृंखला का स्थान लेगा। इसके अतिरिक्त, विभाग 15 जून से पीपीआई की एक नई श्रृंखला जारी करेगा। इसमें तीन सूचकांक उत्पादन पीपीआई, परीक्षण कच्चा माल पीपीआई और सेवा पीपीआई होंगे। शुरू में, सेवा पीपीआई में सात सेवाएं बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन निधि प्रबंधन, रेलवे, हवाई (यात्री) और दूरसंचार होंगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, मूल्य वृद्धि संबंधी प्रावधानों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के व्यापक उपयोग को देखते हुए, यह सूचकांक पीपीआई के साथ संशोधित श्रृंखला जारी होने की तारीख से पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा और उसके बाद इसे समाप्त कर दिया जाएगा। पांच वर्ष की अवधि उपयोगकर्ताओं को डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलने के लिए पर्याप्त समय देगी। महतो ने कहा कि पांच साल के बाद, पीपीआई द्वारा डब्ल्यूपीआई को प्रतिस्थापित किए जाने की उम्मीद है। डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है। उत्पादन पीपीआई और कच्चे माल पीपीआई दोनों की उपलब्धता से किसी उद्योग में उपयोग होने वाले कच्चे माल की तुलना में अंतिम रूप से तैयार वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि उत्पादकों द्वारा अनुभव की जाने वाली कच्चे माल की महंगाई को किस प्रकार उत्पादित वस्तुओं पर स्थानांतरित किया जाता है। महतो ने बताया कि प्रशासनिक स्रोतों/एजेंसियों से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पहले चरण में सात सेवाओं के लिए सेवा पीपीआई संकलित किए गए हैं। आगामी चरणों में सेवाओं के पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना है। यह आंकड़ों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। डीपीआईआईटी ने बताया कि डब्ल्यूपीआई और उत्पादन पीपीआई मासिक आधार पर संकलित किए जा रहे हैं।

इंटरटेनमेंट...

न्यूयॉर्क फिल्म महोत्सव : फिल्म बूंग ने जीते तीन पुरस्कार

न्यूयॉर्क। बाफ्टा पुरस्कार विजेता मणिपुरी फिल्म बूंग ने हाल ही में संपन्न न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में तीन पुरस्कार अपने नाम किए हैं, जिनमें मुख्य भूमिका निभाने वाले युवा कलाकार को दिया गया सर्वश्रेष्ठ बाल अभिनेता का सम्मान भी शामिल है। चार दिवसीय न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव (एनवाईआईएफएफ)-2026 रविवार को एक पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय सिनेमा की उत्कृष्ट कृतियों को दस प्रतिस्पर्धी श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

यह महोत्सव 28 से 31 मई तक आयोजित हुआ, जिसमें 15 भाषाओं की विविध फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। यह इस बात को रेखांकित करता है कि समकालीन भारतीय सिनेमा में क्षेत्रीय कहानियों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। यह आयोजन उत्तरी अमेरिका के सबसे लंबे समय से चल रहे भारतीय स्वतंत्र सिनेमा महोत्सव में फिल्म निर्माताओं और कलाकारों को एक साथ लाया। इस वर्ष के फिल्म महोत्सव का आयोजन इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) की ओर से किया गया था, जिसमें 19 फीचर फिल्में, चार वृत्तचित्र एवं 27 लघु फिल्में शामिल थीं। इनमें कई विश्व प्रीमियर भी थी, साथ ही एक विशेष एलजीबीटीक्यू शॉर्ट्स कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। फिल्म महोत्सव का शीर्ष सम्मान फिल्म बख्शो बोंदी को मिला, जिसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। वहीं, इस वर्ष फरवरी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में इतिहास रचने वाली मणिपुरी फिल्म बूंग ने शाम का सबसे बड़ा विजेता बनकर तीन पुरस्कार अपने नाम किए। इसे फिल्म क्रिटिक्स सर्कल ऑफ इंडिया द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म, लक्ष्मीप्रिया देवी के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और गुगुन किपगेन के लिए सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार मिला। निखिल यादव को फिल्म विमुक्त में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया।

जबकि मीनाक्षी जयन ने विक्टोरिया के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ पटकथा का सम्मान निखिल महाजन और प्राजक्त देशमुख को उनकी फिल्म तिघे के लिए मिला। गैर-कथेतर श्रेणियों में डेजा वू को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र का पुरस्कार मिला, वाई ने सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र का खिताब जीता, जबकि जोज टर्न को बेस्ट नैरेटिव शॉर्ट का पुरस्कार मिला। यह महोत्सव एक भव्य पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय-अमेरिकी प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्य, फिल्म निर्माता और फिल्म प्रेमी शामिल हुए। आईएएसी के अध्यक्ष डॉ. निर्मल मट्टू ने महोत्सव शुरू होने से पहले कहा था कि फिल्म महोत्सव एक मजबूत सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य करता है।

'काला हिरण' को लेकर सलमान ने भेजा लीगल नोटिस

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'काला हिरण' को लेकर सलमान खान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया है। ऐसा दावा न्यूज18 ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सलमान की ओर से लॉ फर्म ऊरङ लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई है। 24 अप्रैल 2026 को भेजे गए इस नोटिस में कहा गया है कि यह फिल्म कथित तौर पर सलमान खान के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान की लीगल टीम का दावा है कि इस फिल्म से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है।

रणवीर सिंह विवाद में फिल्म एसोसिएशन के खिलाफ याचिका

मुंबई। फिल्म प्रोड्यूसर और फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष टीपी अग्रवाल ने फिल्म एसोसिएशनों की ओर से कलाकारों पर लगाए जाने वाले बैन के खिलाफ कोर्ट का रुख किया है। अग्रवाल ने मुंबई की दिंडोशी सिविल कोर्ट में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज और इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के खिलाफ याचिका दायर की है।

उनका कहना है कि किसी भी संस्था के पास किसी कलाकार पर काम करने से रोकने या नॉन-कोऑपरेशन का निर्देश जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

5 को रिलीज होगी करिश्मा कपूर स्टारर सीरीज



मुंबई। सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और इसके लिए एक भी सेट नहीं बनाया गया। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही जी 5 की वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी यह सीरीज 5 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। इस नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर सीरीज में करिश्मा के साथ जिस्सू सेनगुप्ता, सूर्या शर्मा, सोनी राजदान और अनुभवी अभिनेत्री हेलेन शामिल हैं। वहीं परेश पाहुजा, मेघना मलिक, अजिंक्य देव, के.के. रैना और गायक शान भी विशेष भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज और इसकी शूटिंग के अनुभव को लेकर अभिनय देव ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। इस कहानी की सबसे अच्छी बात को लेकर अभिनय ने कहा कि जब मैंने इस पर बेस्ड किताब पढ़ी थी, तब मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि यह एक क्राइम स्टोरी की तरह लिखी गई है, लेकिन इसके सभी किरदार बेहद बेहतरीन हैं। किताब में इन पात्रों को बहुत गहराई से लिखा गया है और हमने सीरीज में भी उन्हें उसी संवेदनशीलता के साथ दिखाने की कोशिश की है। ये ऐसे किरदार हैं, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी में तो दिखाई देते हैं, लेकिन फिल्मों में कम नजर आते हैं। अभिनय ने बताया कि पूरी सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और इसके लिए एक भी सेट नहीं बनाया गया।

'ब्राउन' में दिखेगा कोलकाता का अनदेखा चेहरा, डायरेक्टर अभिनय देव से खास बातचीत

हमने पूरी शूटिंग कोलकाता में की, लेकिन जानबूझकर शहर के उन हिस्सों को चुना जो आमतौर पर फिल्मों में दिखाई नहीं देते। इसमें आपको कोलकाता का ऐसा चेहरा देखने को मिलेगा, जिसे शायद पहले किसी फिल्म या सीरीज में नहीं दिखाया गया है। कई लोकेशन इतनी रहस्यमयी और भयावह थीं कि अगर किसी को वहां आधे घंटे खड़े रहने के लिए भी कहा जाए, तो वह सहज महसूस नहीं करेगा। क्राइम थ्रिलर बनाते समय सबसे महत्वपूर्ण बात क्या होती है, इस पर अभिनय ने कहा कि ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट में सस्पेंस और ड्रामा दोनों को साथ लेकर चलना पड़ता है। एक निर्देशक की पकड़ इन दोनों पहलुओं पर समान रूप से मजबूत होनी चाहिए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com